राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 106, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली बुधवार 01 नवंबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

एनएचआरसी ने दिल्ली के मुख्य सचिव, डीडीए के वीसी से मांगी रिपोर्ट .... पेज 03

निपुण असेसमेंट टेस्ट में 31 लाख से ज्यादा छात्र ए प्लस कैटेगरी में .... पेज 05

श्रीयंका सदांगी ने भारत के लिए 2024 पेरिस ओलंपिक कोटा किया हासिल .... पेज 07

श्रद्धांजलि



पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने नई दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### उत्तर प्रदेश में नई एफडीआई नीति को सरकार की मंजूरी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में निवेशकों को प्रोत्साहित करने के मकसद से योगी मंत्रिमंडल ने मंगलवार को नई प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नीति को मंजूरी प्रदान कर दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक के बारे में जानकारी देते हुये वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने पत्रकारों को बताया कि निवेशकों को दिये गये प्रोत्साहनों में भूमि अधिग्रहण, स्टांप शुल्क और पूंजी निवेश में छूट शामिल है। इसके अलावा सरकार उन उद्यमों को विशेष प्रोत्साहन देगी जो एफडीआई के माध्यम से राज्य के युवाओं को प्रशिक्षण देंगे।

# पुणे-मुंबई हाईवे जाम

**आरक्षण पर आज फैसला हो, वर्ना जल त्याग दूंगा : जारंगे**

## मराठा आरक्षण को लेकर आठ जिलों में प्रदर्शन जारी





बीड। महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर शुरू हुआ आंदोलन हिंसक हो गया है। यह मराठवाड़ा इलाके के 8 जिलों में फैल गया है। इनके अलावा पुणे, अहमदनगर में भी प्रदर्शन हो रहे हैं। आंदोलन के नेता मनोज जारंगे ने आंदोलन देशभर में फैलने की चेतावनी दी है।

जारंगे ने कहा कि सरकार कल ही स्पेशल सेशन बुलाए और आरक्षण पर फैसला करे, नहीं तो कल (बुधवार) से जल त्याग दूंगा। राज्य सरकार ने बुधवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

सूत्रों के मुताबिक, शिंदे सरकार विधानसभा का स्पेशल सेशन बुलाने पर विचार कर रही है। इसके लिए कैबिनेट मीटिंग हो सकती है। इसमें मराठाओं को आरक्षण देने के लिए अध्यादेश लाया जा सकता है।

उधर, प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को मुंबई-पुणे एक्सप्रेस पर 6 किलोमीटर लंबा जाम लगा दिया। इन शहरों में आगजनी की घटनाएं भी हुईं। बीड और माजलगांव के बाद मंगलवार को जालना के पंचायत बॉडी ऑफिस में आग लगा दी गई।

आंदोलन से सबसे ज्यादा प्रभावित बीड शहर के बाद उस्मानाबाद में भी प्रशासन ने कर्फ्यू लगा दिया है। बीड में इंटरनेट बंद कर दिया गया है। जालना शहर में भी पिछले 12 घंटों में तीन लोगों ने सुसाइड करने की कोशिश की। यहां 13 दिनों से प्रदर्शन जारी है।

### कुनबी समुदाय ही क्यों?

कुनबी खेती-बाड़ी से जुड़ा समुदाय है। इसे महाराष्ट्र में ओबीसी कैटेगरी में रखा गया है। इन्हें सरकारी नौकरियों से लेकर शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण मिलता है। दावा है कि सितंबर 1948 तक निजाम का शासन खत्म होने तक मराठाओं को कुनबी माना जाता था और ये ओबीसी थे। इसलिए इन्हें कुनबी जाति का दर्जा देकर ओबीसी में शामिल किया जाए।

मराठा आरक्षण की मांग को लेकर अनशन पर बैठे मनोज जरांगे का कहना है कि जब तक मराठियों को कुनबी जाति का सर्टिफिकेट नहीं दिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

### अब तक कितना नुकसान हुआ?

राज्य में दो दिन से हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं। आंदोलनकारियों ने सोमवार को एनसीपी के 2 विधायकों के घरों में आग लगा दी। सुबह करीब 11 बजे बीड जिले के माजलगांव से एनसीपी विधायक प्रकाश सोलंके के बंगले में घुसकर पथराव किया और आग लगा दी। उस समय विधायक, परिवार और स्टाफ बंगले में ही थे।

दोपहर बाद बीड में ही एनसीपी के एक और विधायक संदीप क्षीरसागर का घर जला दिया। प्रकाश सोलंके अजीत पवार गुट के हैं, वहीं क्षीरसागर शरद पवार गुट के हैं। आंदोलनकारियों ने बीड में ही नगर परिषद भवन और एनसीपी दफ्तर में भी आग लगाई है।

राज्य परिवहन निगम की 13 बसों में तोड़फोड़ की गई है। इसके चलते 250 में से 30 डिपो बंद करने पड़े हैं। पथराव के बाद पुणे-बीड बस सेवा बंद कर दी गई है। सोमवार रात को करीब एक हजार लोग बीड डिपो में घुस गए और 60 से ज्यादा बसों में तोड़फोड़ की।

### आंदोलन क्यों हो रहा है?

पिछले 4 दशक से महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग कर रहे हैं। राज्य सरकार ने ओबीसी के तहत मराठाओं को 2018 में 16त्न आरक्षण दिया था। इससे राज्य में कुल आरक्षण 50 प्रतिशत की सीमा को पार कर गया। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने मई 2021 में मराठा आरक्षण रद्द कर दिया था। इसके बाद मराठा नेताओं ने मांग की कि उनके समुदाय को 'कुनबी' जाति के प्रमाणपत्र दिए जाएं। मौजूदा सरकार ने मराठा समुदाय के कुछ लोगों को कुनबी प्रमाणपत्र देने का फैसला कर लिया है। मंगलवार को शिंदे सरकार 11 हजार कुनबी सर्टिफिकेट दे सकती है। मुख्यमंत्री शिंदे ने सितंबर में घोषणा की कि कैबिनेट ने मराठवाड़ा के मराठों को कुनबी जाति प्रमाण पत्र देने का संकल्प लिया है। इसके लिए गठित पैनल ने दो महीने का समय मांगा। शिंदे की समय समय सीमा 24 अक्टूबर को पूरी हो गई। जारांगे पाटिल ने 14 अक्टूबर को जालना जिले में एक विशाल रैली में कहा कि 24 अक्टूबर के बाद या तो मेरा अंतिम संस्कार जुलूस होगा या समुदाय की जीत का जश्न होगा। इसके बाद से ही प्रदर्शन शुरू हो गए।

# जम्मू-कश्मीर में हेड कांस्टेबल की गोली मारकर हत्या

## आतंकियों ने घर पर हमला किया, तीन दिन में तीसरी वारदात



### सोमवार सुबह कुपवाड़ा में मारा गया एक आतंकी

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोमवार सुबह कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में एक आतंकवादी को मार गिराया। पुलिस ने 'एक्स' पर की गई पोस्ट में लिखा कि पुलिस और आर्मी के एक जॉइंट ऑपरेशन में केरन सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया गया है। इसमें एक आतंकी मारा गया है।

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के वेलू क्रालपोरा में आतंकियों ने मंगलवार शाम पुलिस हेड कांस्टेबल की गोली मारकर हत्या कर दी। हेड कांस्टेबल को उसके घर पर गोली मारी गई। मारे गए हेड कांस्टेबल का नाम गुलाम मोहम्मद डार बताया गया है। सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया है। सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है।

जम्मू-कश्मीर में तीन दिन में ये तीसरी आतंकी वारदात है। सोमवार को उत्तर प्रदेश के एक मजदूर की हत्या कर दी गई थी। रविवार को श्रीनगर में इंस्पेक्टर को गोली मारी गई थी।

### पुलवामा में यूपी के मजदूर की टारगेट किलिंग

सोमवार को साउथ कश्मीर के पुलवामा में आतंकियों ने उत्तर प्रदेश के एक मजदूर की हत्या कर दी थी। घटना नौपोरा इलाके की है। मजदूर की पहचान मुकेश कुमार के तौर पर हुई है।

पुलिस ने जानकारी दी कि मुकेश को सोमवार दोपहर 12ः45 बजे आतंकियों ने गोली मारी। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### इंस्पेक्टर को गोलियां मारी

रविवार शाम श्रीनगर के ईदगाह इलाके में एक आतंकी ने पुलिस इंस्पेक्टर मसरूर वानी को तीन गोलियां मारी थीं।

गोलियां उनके पेट, गर्दन और आंख में लगीं। फिलहाल वे अस्पताल में भर्ती हैं। इस हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन टीआरएफ ने ली थी।

वानी पर हमला उस समय हुआ, जब वे कुछ लड़कों के साथ क्रिकेट खेल रहे थे। हमले के बाद से ईदगाह इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

# मणिपुर में पुलिस कमांडो टीम पर फायरिंग, कई जवान घायल

## एसडीओपी की हत्या वाले एरिया में तैनाती के लिए जा रहे थे

इंफाल/ नई दिल्ली। मणिपुर में मंगलवार (31 अक्टूबर) को पुलिस कमांडो की टीम पर फायरिंग हुई। सूत्रों के मुताबिक, इसमें कई जवानों के घायल होने की जानकारी है। टीम पर हमला उस वक्त हुआ, जब वो एसडीओपीचिंगथाम आनंद कुमार की हत्या वाले एरिया में तैनाती के लिए जा रहे थे।

दरअसल, टेंग्नौपाल जिले के मोरेह इलाके में आज सुबह मोरेह के एसडीओपी चिंगथाम की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उन पर कुकी-जो समुदाय के प्रभाव वाले इलाके के दौरे के दौरान हमला हुआ था।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कमांडो टीम पर टेंग्नौपाल जिले से 10 किमी पीछे हमला हुआ। वो मोरेह इलाके में बॉर्डर के पास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के लिए जा रहे थे। हालांकि, उन पर हमला किसने किया, इसकी अभी जानकारी नहीं है। सभी घायल जवानों को असम राइफल की टीम ने



अस्पताल पहुंचा दिया है।

### पुलिस का आरोप- कुकी मिलिटेंट ने एसडीओपी पर फायरिंग की

मोरेह के बॉर्डर एरिया में हुई फायरिंग को लेकर पुलिस ने बताया कि एसडीओपीबॉर्डर टाउन में एक स्कूल में हेलिपैड के लिए जमीन की सफाई का काम देखने गए थे। उनके साथ स्टेट फोर्स और बीएसएफ के जवान भी थे। इसी दौरान कुकी मिलिटेंट ने उन पर स्नाइपर से हमला किया। एसडीओपी को गोली लगने के बाद हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

दरअसल, कई हफ्तों से मोरेह के कुछ सिविल सोसाइटी संगठन सुरक्षाबलों को बॉर्डर टाउन इलाके से हटाने की मांग कर रहे थे। इसके बाद ऐसी घटना सामने आई है। इस बीच, जुमे को सार्वजनिक छुट्टी (पब्लिक हॉलिडे) घोषित करने वाले जॉइंट स्टूडेंट्स बॉडी के मेंबर्स पर एफआईआर दर्ज की गई है।

राज्य सरकार ने आनंद के परिजन को 50 लाख की सहायता राशि दी है। साथ ही मोरेह और आसपास के इलाकों में आरोपियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

सुरक्षा बलों ने सोमवार 30 अक्टूबर को इंफाल-ईस्ट और चुराचांदपुर में छापेमारी कर हथियार और विस्फोटक जब्त किए। सुरक्षा बलों को इलाके से 14 हथियार, 41 हैंड ग्रेनेड, 5 खाली कारतूस और 2 हैवी मोर्टार मिले हैं। इनमें दो 9 एमएम पिस्टल भी शामिल हैं।

साथ ही, असम राइफल्स और CRPF ने मिलिटेंट्स के 6 बंकरों को भी नष्ट कर दिया।

### निर्वाचन आयोग ने विस चुनाव को लेकर एग्जिट पोल के प्रसारण पर लगाई रोक

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने आगामी विधानसभा चुनाव की स्वतंत्रता एवं निष्पक्षता को बनाए रखने के लिए इनके संबंध में मतदान समाप्त होने तक एग्जिट पोल प्रसारण करने पर मंगलवार को रोक लगा दी। मिजोरम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना के विधानसभाओं के चुनाव तथा नागालैंड में तापी सीट के लिए होने वाले उपचुनाव के संबंध में यह रोक सात नवंबर पूर्वाह्न सात बजे से 30 नवंबर शाम साढ़े छह बजे तक प्रभावी होगा। आयोग की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 की उपधारा (1) के अधीन प्राप्त शक्तियों का उपयोग करते हुए निर्वाचन आयोग उक्त धारा की उपधारा (2) के उपबंधों के मद्देनजर सात नंबर को पूर्वाह्न सात बजे से 30 नवंबर शाम साढ़े छह बजे की अवधि के बीच किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल रोक लगा रहा है।

## राजनीतिक दलों के चंदे का विवरण रखें : सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को चुनाव आयोग से कहा कि चुनावी बांड के माध्यम से राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे का विवरण रखने का काम 2019 के अंतिम आदेश के मुताबिक जारी रखना चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि चंदे का विवरण रखने की कोई समय सीमा



नहीं है। वह उचित समय पर उसे देखेगी।

पीठ ने चुनाव आयोग के वकील अमित शर्मा से पूछा कि क्या उनके पास अंतरिम आदेश के अनुसार प्रस्तुत किए गए आंकड़ों का विवरण है? वकील ने कहा कि उनके पास केवल सीलबंद लिफाफा है, जो 2019 में जमा किया गया था।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वकील से कहा कि चंदे के विवरण को अपने पास रखें। यह अदालत उचित समय पर उसे देखेगी।

# मेरी माटी-मेरा देश अमृत कलश यात्रा का समापन

## मोदी बोले- देशभर से लाई मिट्टी सिद्धि के लिए प्रेरित करेगी; माई भारत पोर्टल लॉन्च किया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली के कर्तव्य-पथ (विजय चौक) पर मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा के समापन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर कर्तव्य पथ एक ऐतिहासिक महायज्ञ का साक्षी बन रहा है।

इस दौरान उन्होंने देशभर से लाई गई मिट्टी को भारत कलश में डालकर तिलक लगाया और वीरों और वीरांगनाओं को श्रद्धांजलि दी। पीएम ने मेरा युवा भारत पोर्टल भी लॉन्च किया। इससे पहले, पीएम ने इस यात्रा की एक डिजिटल प्रदर्शनी भी देखी। देशभर के गांवों से साढ़े आठ हजार अमृत कलशों में मिट्टी भरकर दिल्ली लाई गई है। इसे कर्तव्य पथ के पास रखे भारत कलश में इकट्ठा किया गया है।

### इस अभियान ने जन आंदोलन का रूप लिया : संस्कृति मंत्रालय

संस्कृति मंत्रालय के मुताबिक, इस अभियान ने एक जन आंदोलन का रूप ले लिया है, जिसमें अब तक दो लाख से ज्यादा प्रोग्राम हो चुके है। वहीं, इस अभियान से जुड़ी 4 करोड़ से ज्यादा सेल्फी भी इसकी वेबसाइट पर अपलोड हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान ग्राम पंचायत और ग्राम सभाओं के स्तर पर अब तक 2.33 लाख से ज्यादा शिलालेख की स्थापना की गई है। उनमें आजादी के वीर शहीदों को याद किया गया है। ज्यादातर शिलालेख अमृत सरोवरों के पास स्थापित किए गए है।



**आंकड़े** — देश में भर होने वाले सड़क हादसों के ऊपर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने एक रिपोर्ट जारी की

# रफ्तार का कहर, सड़क हादसों में हर घंटे होती है 19 लोगों की मौत

एजेंसी

देश में भर होने वाले सड़क हादसों के ऊपर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में कुल 4,61,312 सड़क दुर्घटनाएं हुई थीं जिनमें 1,68,491 लोगों की जान चली गई जबकि 4,43,366 लोग घायल हो गए थे।

मंत्रालय की तरफ से भारत में सड़क दुर्घटनाएं-2022 टाइटल से जारी रिपोर्ट के अनुसार हर एक घंटे में 53 सड़क हादसे हुए और हर एक घंटे में 19 लोगों ने सड़क हादसों में जान गंवाई। इनमें सीट बेल्ट एवं हेलमेट का इस्तेमाल न करने वालों का ऊंचा अनुपात है।

### 9.4 प्रतिशत बढ़े हादसे में मरने वाले

रिपोर्ट के अनुसार, देश में 2022 में कुल 4,61,312 सड़क हादसे हुए, जिनमें से 1,51,997 यानी 32.9 प्रतिशत हादसे एक्सप्रेसवे एवं राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर हुए। वहीं 1,06,682 यानी 23.1 प्रतिशत हादसे राज्य राजमार्गों जबकि 2,02,633 यानी 43.9 प्रतिशत हादसे अन्य सड़कों पर हुए।

रिपोर्ट में कहा गया कि सालाना आधार पर सड़क हादसों की संख्या





में 11.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और उनसे होने वाली मृत्यु की दर 9.4 प्रतिशत बढ़ी। हादसों में घायल होने वाले लोगों की संख्या में 15.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

रिपोर्ट कहती है कि सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों में एक बड़ी संख्या सुरक्षात्मक साधनों का इस्तेमाल न करने वालों की रही। सीट बेल्ट न पहनने की वजह से 16,715 लोगों की इन हादसों में मौत हो गई जिनमें से 8,384 लोग ड्राइवर थे जबकि बाकी 8,331 लोग वाहन में बैठे यात्री थे। इसके अलावा 50,029 दोपहिया सवार भी हेलमेट न पहनने की वजह से इन हादसों में अपनी जान गंवा बैठे।

रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में लगातार चौथे साल घातक सड़क दुर्घटना का सबसे अधिक युवा शिकार हुए इसमें कहा गया, 2022 में 18 से 45 वर्ष के आयु वर्ग के 66.5 लोग हादसों का शिकार हुए। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौत में 18-60 वर्ष के कामकाजी आयु वर्ग के लोगों की संख्या 83.4 प्रतिशत थी।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 2024 तक देश में दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौत की संख्या को आधा करने का लक्ष्य रखा है। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2022 में सड़क हादसों में कुल 1,68,491 लोगों की मौत हो गई।

इनमें से 61,038 यानी 36.2 प्रतिशत लोगों की जान राष्ट्रीय राजमार्गों पर हुए हादसों, 41,012 यानी 24.3 प्रतिशत की मौत राज्य राजमार्गों पर और 66,441 यानी 39.4 प्रतिशत लोगों की जान अन्य सड़क हादसों में गई।

# दमोह में अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाका

## मालिक के चीथड़े उड़े, दो महिलाओं की भी मौत; 11 की हालत गंभीर

एजेंसी

दमोह। दमोह में मंगलवार दोपहर अवैध पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट हो गया। फैक्ट्री मालिक समेत तीन लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में दो महिलाएं हैं। इस फैक्ट्री में काम कर रहे 11 मजदूर बुरी तरह झुलस गए। बारूद की चपेट में आने से फैक्ट्री मालिक के शरीर का आधा हिस्सा चीथड़ों में तब्दील हो गया।

विस्फोट मंगलवार दोपहर करीब 1.00 बजे शहर के रिहायशी इलाके बड़ा पुल क्षेत्र में हुआ। यहां अभय उर्फ छुट्टन गुप्ता पटाखा फैक्ट्री संचालित करते थे। दिवाली नजदीक होने से काम लगातार जारी था। मंगलवार को भी गुप्ता करीब एक दर्जन मजदूरों के साथ फैक्ट्री में



मौजूद थे। अचानक धमाका सुन आसपास के लोग पहुंचे। हादसे की जानकारी तत्काल पुलिस-प्रशासन को दी गई।

दमोह एसपी सुनील कुमार तिवारी, नगर पालिका का अमला और फायर बिग्रेड मौके पर पहुंचीं। टीम ने मलबे में दबे लोगों को निकालना शुरू किया। बड़ी मात्रा में बारूद होने की आशंका को देखते हुए मलबे में पानी भी डाला गया। सबसे पहले टीम को गुप्ता का क्षत-विक्षत शव मिला। एक घंटे की मशक्कत के बाद मलबे से दो महिलाओं के शव निकाले गए। उनका शरीर बुरी तरह से जला हुआ था।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, गुप्ता के पास दमोह के इमलाई फैक्ट्री क्षेत्र में बारूद संग्रहण का परमिट था, लेकिन वह अवैध रूप से अपने घर के पिछले हिस्से में पटाखा फैक्ट्री चला रहा था। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घटना पर संज्ञान लिया है। उन्होंने अधिकारियों से बात कर घायलों के इलाज की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। वहीं, मृतकों और घायल लोगों के परिवारों को नियमानुसार सहायता राशि देने के लिए भी कहा है।

## शार्ट न्यूज

### 9 दिसंबर को जनपद गौतमबुद्धनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का किया जायेगा आयोजन

गौतमबुद्धनगर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में तथा माननीय जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर की अध्क्षता में दिनांक 09.12.2023 को जनपद गौतमबुद्धनगर में मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विषेषत: आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामलें, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामले, बिजली व पानी से संबधित मामले, धारा 138 एन.आई. एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा सम्बन्धित मामले एवं प्री-लिटीगेषन मामलों के साथ-साथ सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद, जिनमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन सन्धि के लिए इच्छुक हो वह मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किये जायेगे। लोक अदालत द्वारा जारी किए गए फैसले को दीवानी अदालत के डिक्री का दर्जा प्राप्त होता है। यह फैसले बाध्यकारी होते हैं और इनके खिलाफ अपील नही की जा सकती। लोक अदालत का कोई न्यायालय शुल्क नहीं है और यदि न्यायालय शुल्क का भुगतान पहले ही कर दिया गया है, तो लोक अदालत में विवाद का निपटारा होने पर राशि वापस कर दी जाती है।

### सेना कमांडर ने लद्दाख के अग्रिम इलाकों का किया दौरा

श्रीनगर। उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने मंगलवार को सर्दियों के लिए ऑपरेशनल तैयारियों और सीमा रक्षा बुनियादी ढांचे के विकास की समीक्षा करने के लिए लद्दाख के अग्रिम इलाकों का दौरा किया। सेना मई 2020 में चीन के साथ गतिरोध के बाद लद्दाख की बर्फीली ऊंचाइयों पर लगातार चौथी बार सर्दियों की तैयारी कर रही है। उत्तरी कमान ने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने चुनौतीपूर्ण स्थितियाँ के बीच परिचालन प्रभावशीलता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने में अथक प्रयासों के लिए भारतीय सेना, भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स (जीआरईएफ) की टुकड़ियों की सराहना की और उन्हें सम्मानित किया। सेना की उत्तरी कमान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, ने सर्दियों के लिए ऑपरेशनल तैयारियों और सीमा रक्षा बुनियादी ढांचे के विकास की समीक्षा करने के लिए लद्दाख के अग्रिम क्षेत्रों का दौरा किया। भारतीय सेना कमांडर ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में परिचालन प्रभावशीलता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने में उनके अथक प्रयासों के लिए आईए, आईटीबीपी और जीआरईएफ के सैनिकों की सराहना की और उन्हें सम्मानित किया।

### सीएम के आश्वासन के बाद 195 दिनों से चल रहा 'आरक्षण चोर पकड़ो-पक्का मोर्चा' समाप्त

मोहाली। 'आरक्षण चोर पकड़ो-पक्का मोर्चा' के नेताओं ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की ओर से उन्हें मिलने आये स्थानीय निकाय मंत्री बलकार सिंह की उपस्थिति में अपना मोहाली धरना ख़त्म करने का एलान किया। सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक विभाग पंजाब के डायरेक्टोरेट (पुराने डी.सी. दफ्तर, फेज-1, मोहाली) के बाहर 195 दिनों से चले आ रहे धरने के नेताओं ने मंत्री बलकार सिंह को इस मुद्दे पर आने वाले दिनों में पंजाब सरकार के साथ उच्च स्तरीय बैठक तय करने के लिए माँग पत्र सौंपा। मंत्री बलकार सिंह ने मोर्चा के प्रधान प्रोफ़ेसर हरनेक सिंह समेत मोर्चे के नेताओं को उनके माँग पत्र पर बनती कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने उनको नेताओं के साथ मुलाकात करके उनके मामलों में मेरिट के आधार पर इन्साफ देने का आश्वासन देने के लिए कहा है। स्थानीय निकाय मंत्री ने कहा कि यह माँग पत्र 12 माँगों पर आधारित है, जिस पर जल्द ही पक्का मोर्चे के नेताओं को बुलाकर सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बातचीत की जायेगी।

### विपक्षी दलों के नेता मुद्दों पर विस्तृत चर्चा से भागने की कोशिश कर रहे हैं : कंग

चंडीगढ़। पंजाब आम आदमी पार्टी (आप) ने सभी विपक्षी दलों के नेताओं से एक नवंबर को मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा बुलायी गयी बहस में भाग लेने की अपील की है। पंजाब आप के मुख्य प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग एवं प्रवक्ता गोविंदर मित्तल ने मंगलवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि अकाली दल, कांग्रेस और भाजपा के नेता प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं और इस चर्चा से पीछे हटने के लिए बहाने बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बहस पंजाब के उन सभी मुद्दों पर केंद्रित होगी जिनका जिक्र मुख्यमंत्री ने अपने ट्वीट में किया है। मान ने भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़, अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल, पीपीसीसी अध्यक्ष अमरिन्दर सिंह राजा वड़िंग और विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा को बहस के लिए साझा मंच पर आने का निमंत्रण देते हुए कहा था कि इससे पंजाब को लूटने वाले सभी भ्रष्टाचारियों, भाई-भतीजों जीजा-साले जिन्होंने अपने निजी हितों को प्राथमिकता दी, का पर्दाफाश हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बहस टोल प्लाजा, युवाओं, किसानों, कृषि, व्यापारियों, पंजाब के पानी और गुरु साहिब के वाणियों पर केंद्रित होगी। कंग ने कहा कि ये नेता इस बहस से भागने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि वे पंजाब के मुद्दों को लेकर गंभीर नहीं हैं।

### एडवेंचर, ट्रैकिंग शिविर के लिए 115 युवा रवाना

चंडीगढ़। पंजाब यूथ विकास बोर्ड के अध्यक्ष परमिन्दर सिंह गोल्डी ने एडवेंचर और ट्रैकिंग शिविर के दूसरे पड़ाव में मंगलवार को 115 युवाओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले युवा सेवा मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने पहले पड़ाव में 115 नौजवानों को 10 दिवसीय शिविर के लिए रवाना किया था। गोल्डी ने कहा कि युवा सेवा मंत्री के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत नयी युवा नीति तैयार की जा रही है, जिसके अंतर्गत राज्य के नौजवानों को सशक्त बनाने के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों में नौजवानों को अधिक से अधिक शामिल करने को सुनिश्चित बनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि पंजाब के युवा सेवा विभाग द्वारा मनाली में एडवेंचर और ट्रैकिंग शिविर के लिए 230 नौजवानों का चयन किया गया है। उन्होंने नौजवानों को आह्वान किया कि वह लोगों को सामाजिक बुराइयों ख़ासकर नशीले पदार्थों के बुरे प्रभावों के बारे में जागरूक करने के साथ-साथ पराली जलाने के कारण प्रदूषित हो रहे पर्यावरण को बचाने के लिए आगे आयें। गोल्डी ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा हरेक जिले में 10-10 युवाओं का चयन किया गया है और कुल 230 युवाओं को दो समूहों में बाँटकर मनाली स्थित अटल बिहारी वाजपायी इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड अलाइड स्पोर्टस में भेजा जा रहा है।

### पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक बदमाश घायल

जालंधर। पंजाब के जालंधर में पुलिस ने शराब का ठेका लूटने के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के साथ संक्षिप्त मुठभेड़ दौरान टांग में गोली लगने से घायल हुए एक लुटेरे को उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस आयुक्त कुलदीप सिंह चाहल ने मंगलवार को बताया कि 28 अक्टूबर को वाइन शॉप के कर्मचारी राज कुमार ने पुलिस को शिकायत देकर कहा था कि चेहरे पर नकाब डाले दो व्यक्तियों ने पिस्तौल की नोक पर वाइन शॉप से पैसे और दो बोतल व्हिस्की लूट कर फरार हो गये हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गुरमेहर कॉलोनी के पास एक जांच नाके पर मोटरसाइकिल पर जा रहे एक व्यक्ति को रुकने का इशारा किया तो उसने पुलिस पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि जवाबी फायरिंग में अपराधी की एक टांग में गोली लगने से वह जमीन पर गिर गया, जिसे तुरंत गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने अपराधी सरवण सिंह से एक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किये हैं। इसी मामले का दूसरा आरोपी अमृतपाल सिंह को 30 अक्टूबर को फोल्ड़ीवाल से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसके पास से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और पांच हजार रुपये बरामद किये हैं।

# ग्रेनो वेस्ट मेट्रो का काम शुरू होने में लगेंगे छह महीने

**केंद्रीय मंत्रालय ने डीएमआरसी से मेट्रो के नए रूट पर विचार करने को कहा**

नोएडा। एक्वा लाइन विस्तार के तहत ब्लू लाइन से कॉमन प्लेटफॉर्म के जरिये एक्वा लाइन के कॉरिडोर को जोड़ा जाएगा।

इसके लिए केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने दिल्ली मेट्रो (डीएमआरसी) से नए रूट पर विचार करने को कहा है। नए रूट के अध्ययन के लिए दिल्ली मेट्रो को एक माह का समय दिया गया है। अगर नए रूट पर विचार करने के बाद एकराय बनती है तो ऐसे में ग्रेनो वेस्ट मेट्रो का काम शुरू होने में करीब छह माह लगेंगे।

हालांकि इससे पहले कॉमन प्लेटफॉर्म के बदले एफओबी से जोड़ते हुए ग्रेनो वेस्ट मेट्रो की डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) मंजूर करने की अपील नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) ने केंद्रीय मंत्रालय से की थी।

लेकिन इस अपील को केंद्रीय मंत्रालय मंजूर नहीं कर रहा है। इस वजह से ग्रेनो वेस्ट मेट्रो की डीपीआर मंजूरी से पहले ही अटक गई है।

एनएमआरसी के अधिकारियों का कहना है कि नए विकल्प के तौर पर एक्वा लाइन को सेक्टर-51 से आगे बढ़ाते हुए ब्लू लाइन के सेक्टर-61 मेट्रो स्टेशन तक ले जाने की संभावना पर विचार किया जाएगा। इसके बाद वहां जोड़ते हुए इसे फिर दायीं ओर मोड़ा जाएगा और सेक्टर-123 से जोड़ा जा सकता है। हालांकि यह विकल्प आसान नहीं है क्योंकि इस रूट के लिए एनएमआरसी को जमीन तलाशनी होगी। इससे मेट्रो पिलर रिहाइशी इलाके में आने की संभावना है।

#### समय उतना ही लगेगा

अधिकारियों का कहना है कि अगर यह रूट फाइनल भी हो जाता है तो उनको उतना ही समय लगेगा, जितना स्काईवॉक से सेक्टर-51 से 52 जाने में लगेगा। नए रूट के आधार पर सेक्टर-51 से विस्तार करते हुए सेक्टर-61 जाना होगा। इसके बाद वहां से दिल्ली जाने के क्रम में वापस सेक्टर-52 आना होगा। हालांकि एक फायदा यह होगा कि यात्रियों को प्लेटफॉर्म से नीचे नहीं उतरना होगा।

#### अभी स्काईवॉक से जोड़ने की चल रही कवायद

एक्वा लाइन के सेक्टर-51 और ब्लू लाइन के सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन को जोड़ने के लिए स्काईवॉक तैयार किया जा रहा है। स्काईवॉक बनने से नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएमआरसी) और दिल्ली मेट्रो (डीएमआरसी) के दोनों स्टेशनों से रोजाना यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को सुविधा मिलेगी। इसका काम बीते चार माह से चल रहा है। 31 मार्च तक का पूरा करने की डेडलाइन तय की गई है। वर्तमान समय तक इसका 50 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। नोएडा सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन से ग्रेटर नोएडा तक बने एक्वा लाइन कॉरिडोर और पास से गुजरने वाले ब्लू लाइन कॉरिडोर के बीच करीब 420 मीटर की दूरी है।

### राहुल-विजयन ने संयुक्त रूप से मेरे खिलाफ दर्ज करवाया है मामला

तिरुवनंतपुरम। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने मंगलवार को आरोप लगाया है कि केरल के मुख्यमंत्री पिनारायी विजयन तथा कांग्रेस नेता राहुल गांधी उनके खिलाफ मामला दर्ज कराने में शामिल हैं। चन्द्रशेखर ने मंगलवार को कोच्चि के साइबर पुलिस की ओर से उनके खिलाफ मामला दर्ज किए जाने के बारे में जवाब देते हुए यह बात कहीं। गौरतलब है कि चंद्रशेखर पर रविवार की सुबह यहां के जेहोवाह स्थित एक प्रार्थना कक्ष में सिलसिलेवार विस्फोट को लेकर टिप्पणी करने को लेकर पुलिस में मामला दर्ज किया है।

## जम्मू प्रशासन ने पटाखों की बिक्री, इस्तेमाल पर लगाया प्रतिबंध

जम्मू। सीमा पार से गोलीबारी की हालिया घटनाओं के मद्देनजर जम्मू जिला प्रशासन ने अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) और नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पांच किलोमीटर के दायरे में पटाखों की बिक्री तथा उपयोग पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है जो अगले आदेश तक जारी रहेगा।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आदेश के मुताबिक अक्सर देखा जाता है कि शादी के मौसम में बड़े पैमाने पर आतिशबाजी होती है जिससे अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब सुरक्षा बलों के बीच भ्रम और गलतफहमी पैदा होती है। एक अधिकारी ने कहा, पटाखों को सीमा पार से होने वाली गोलीबारी के रूप में देखकर सुरक्षाकर्मियों और ग्रामीणों में दहशत फैल जाया करती है।

उन्होंने कहा कि इसी के मद्देनजर धारा 144 के तहत पटाखों की बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही इसका उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। गौरतलब है कि दीपवली का त्योहार करीब आ रहा है और शादियों का सीजन भी चल रहा है, ऐसे में प्रशासन ने सीमावर्ती इलाकों में पटाखों के इस्तेमाल तथा बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है।

## लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जयन्ती के अवसर पर अधिकारियों/कर्मचारयों को दिलाया राष्ट्रीय एकता व अखण्डता का संकल्प



गौतमबुद्धनगर। लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में आज कलेक्ट्रेट के सभागार में मनाई गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट के सभागार में अधिकारियों/कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलायी। उन्होंने अधिकारियों कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाते हुए कहा कि सब देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करें तथा देशवासियों में भी यही संदेश पहुचाने का कार्य करें। लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की दूरदर्शिता एवं देश के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों व सहयोग को याद दिलाते हुए कहा कि पटेल जी का पूरा जीवन दर्शन हम सबके लिए प्रेरणास्रोत के रूप है, जो सदैव अनुकरणीय है। उन्होंने इस अवसर पर मौजूद अधिकारियों/कर्मचारियों का आह्वान करते हुए कहा कि वे सब राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की मजबूती के लिए अपना योगदान दें। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों कर्मचारियों को शपथ दिलाई कि मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ, जिसे सरदार बल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे। इसी प्रकार डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद में सभी सरकारी कार्यालयों व स्कूलों में भी सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करते हुए सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 नितिन मदान, डिप्टी कलेक्टर/सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी भैरपाल सिंह, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल, कलेक्ट्रेट के अधिकारीयों एवं कर्मचारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## विधायक सिंह ने किया रुद्रप्रयाग सुरंग का निरीक्षण



रुद्रप्रयाग/देहरादून। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिला मुख्यालय में ऋषिकेश-बदरीनाथ व रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने के लिए निर्माणाधीन 900.3 मीटर लंबी सुरंग के आरपार होने पर रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने मंगलवार को सुरंग का निरीक्षण किया। चौधरी ने राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) एवं कार्यदायी संस्था को बधाई देते हुए निश्चित समय से पहले सुरंग आरपार करने पर सराहना की। उन्होंने मंगलवार की सुबह सुरंग का निरीक्षण करते हुए कहा कि रुद्रप्रयाग जनपद चार धाम यात्रा मार्ग के सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव में से एक है। लेकिन जाम की समस्या के चलते हर वर्ष यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में ऋषिकेश-बदरीनाथ व रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने के लिए तैयार सुरंग यातायात में सुगमता के लिए महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था भारत कंस्ट्रक्शन के कर्मचारियों व मजदूरों को तेजी से कार्य करने के लिए बधाई देते हुए भविष्य में भी बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। विधायक ने संबंधित संस्थाओं को सुरंग के साथ प्रस्तावित पुल का निर्माण भी तेजी से करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिशासी अभियंता निर्भय सिंह ने बताया कि जनवरी 2023 में सुरंग निर्माण का कार्य शुरू हो गया था। परियोजना के तहत सुरंग के साथ ही अलकनंदा नदी पर 200 मीटर लंबा मोटर पुल भी प्रस्तावित है, जिसके एबेडमेंट के लिए खोदाई जोरों पर चल रहा है। कोई 156 करोड़ की लागत से तैयार हो रही परियोजना का कार्य जुलाई 2025 तक पूरा कर दिया जाएगा। इसके अलावा, भारत कंस्ट्रक्शन कंपनी के सहायक महाप्रबंधक अश्विनी कुमार ने बताया कि यह कार्य तय समय से लगभग दो माह पहले किया गया है। सुरंग के निर्माण में मशीनों के साथ-साथ 150 मजदूरों के द्वारा दो शिफ्ट में निरंतर कार्य किया गया, जिसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। अब, दूसरे चरण के कार्य जल्द शुरू किए जाएंगे।

इस अवसर पर डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर योगेश चौहान, टनल इंजीनियर सौरभ, फोरमैन प्यार चंद्र, साहू, द्वारिका पुरोहित, युगल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## उत्तरकाशी के पुरोला में संचार ब्यूरो की चित्र प्रदर्शनी आयोजित

देहरादून। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद के दूरस्थ पुरोला स्थित राजकीय इण्टर कॉलेज में मगलवार को केन्द्रीय संचार ब्यूरो (सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय) की ओर से आयोजित आजादी का अमृत महोत्सव और अन्य विभिन्न अवसरों के परिप्रेक्ष्य में एक चित्र प्रदर्शनी आयोजित की गई। आजादी का अमृत महोत्सव, राष्ट्रीय एकता दिवस, केन्द्र सरकार के नौ साल सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण, उत्तराखंड वीर स्वतंत्रता सेनानी, जी20 पर आधारित इस प्रदर्शनी का स्थानीय पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल ने उद्घाटन किया। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों और विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस दौरान, छात्र, छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। साथ ही, विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र, छात्राओं को विधायक ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर, सहायक निदेशक, केन्द्रीय संचार ब्यूरो के अलावा, जिला कार्यक्रम अधिकारी सीपी नयाल, मण्डल अध्यक्ष जगमोहन पंवार, अमिचंद शाह पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा, लोकेन्द्र कंडियाल डीपीसी, त्रेपन सिंह चौहान, अनिता देवी प्रधान गुंडाड़ा, विजेंद्र पंवार, प्रधान कंडियाल गांव सहित अनेक जनप्रतिनिधी एवं गणमान्य मौजूद थे।

## पूर्व मंत्री नागम जनार्दन रेड्डी बीआरएस में हुए शामिल

हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री एवं भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के प्रमुख के चंद्रशेखर राव ने मंगलवार को तेलंगाना भवन में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री नागम जनार्दन रेड्डी और पूर्व विधायक विष्णुवर्धन रेड्डी को अपनी पार्टी में शामिल किया। केसीआर ने कहा कि पार्टी में शामिल हुए सभी दोस्तों का स्वागत है। नागम जनार्दन रेड्डी 1969 के तेलंगाना आंदोलन में सक्रिय थे, उन्होने आंदोलन में भाग लिया और जेल गए। नागम के शामिल होने से ताकत बढ़ी है और अब पलामुरू में चौदह सीटें जीतना तय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छे राजनीतिक भविष्य के लिए श्री विष्णुवर्धन रेड्डी मेरी जिम्मेदारी हैं। पीजेआर मेरा सबसे अच्छा दोस्त है और उसका बेटा विष्णु मेरे परिवार के सदस्य की तरह है। विधायक मगंती गोपीनाथ व विष्णु नये समन्वय से काम करें। जल्द ही मैं खुद नागम के घर जाऊंगा और उनके साथ आए कार्यकर्ताओं से एक बार फिर मुलाकात करूंगा।

इस अवसर पर अपने संबोधन में केसीआर ने कहा कि तेलंगाना जबरदस्त प्रगति के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है।

## ईडी ने ज्योतिप्रिय मलिक को हिरासत में लेकर की पूछताछ



**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के वन मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

इससे पहले मलिक की तबियत बिगड़ने पर उन्हें कल अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया था। बाद में, ईडी को अपोलो अस्पताल से फिटनेस प्रमाणपत्र मिला और संघीय जांच एजेंसी ने इसे सोमवार को शहर के बैंकशाल अदालत में जमा किया और सीजीओ कॉम्प्लेक्स, साल्ट लेक में ले गए। सूत्रों ने पुष्टि की कि उनसे कोविड काल के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) वैधानिक राशन की कथित अनियमितताओं के बारे में पूछताछ शुरू की गई। सूत्रों ने बताया कि मलिक को मैराथन पूछताछ और एक दिन पहले उन्हें कई संपत्तियों पर छापेमारी के बाद शुक्रवार को तड़के गिरफ्तार किया गया था और दोपहर में अदालत में पेश किया गया। जब न्यायाधीश ने पांच नवंबर तक 10 दिनों की ईडी हिरासत की घोषणा की। जिसके बाद श्री मलिक अदालत कक्ष में बेहोश हो गए। न्यायाधीश ने मंत्री को शहर के एक अस्पताल में भर्ती करने का आदेश दिया। अदालत ने यह भी कहा कि ईडी की हिरासत तब शुरू होगी जब मंत्री को गठित मेडिकल बोर्ड से फिट प्रमाण पत्र के साथ अस्पताल से छोड़ा जाएगा।

सूत्रों ने बताया कि जब सीजीओ कॉम्प्लेक्स से यह रिपोर्ट सामने आयी तब राशन घोटाले में उनकी कथित संलिप्तता को लेकर पूछताछ जारी थी। घोटाले में कलकत्ता उच्च न्यायालय की निगरानी में मनी ट्रेल्स की जांच कर रही, ईडी ने उनकी आय के ज्ञात स्रोतों के साथ-साथ उनकी पत्नी और पुत्री की आय के स्रोतों को जानना चाहा। यह भी आरोप लगाया गया था कि उनकी पत्नी और पुत्री के नाम पर बैंक खातों में जहां नवंबर 2016 में नोटबंदी के दौरान लगभग चार करोड़ रुपये जमा किए थे।

ईडी ने मलिक के वर्तमान और पूर्व निजी सहायकों क्रमश: अमित डे और अविजीत दास से भी अलग से पूछताछ की। एजेंसी ने श्री डे से 10 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गयी थी।

## गडकरी ने 26 एनएच परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया



गुवाहाटी। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को असम के गुवाहाटी में 17,500 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से 26 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। गडकरी ने इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि डिब्रूगढ़-तिनसुकिया-लेडो परियोजना का उद्देश्य ऊपरी असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच अंतरराज्यीय कनेक्टिविटी को बेहतर बनाना, रणनीतिक उपस्थिति को बढ़ाना तथा व्यापार एवं पर्यटन को प्रोत्साहित करना है।

सिलचर से लैलापुर खंड बराक घाटी को मिजोरम से जोड़ेगा, जिससे सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। धेमाजी जिले में एनएच-515 उत्तरी असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर करेगा।

उन्होंने कहा कि एनएच-137 दिमा हसाओ क्षेत्र में कनेक्टिविटी बढ़ाएगा और पश्चिमी मणिपुर के लिए एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान करेगा। पाइकन से गुवाहाटी हवाईअड्डा खंड जोगीघोपा में मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क की सुविधा प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त, नए पुलों के निर्माण से भीड़भाड़ कम होगी और इलाके में व्यापार, पर्यटन एवं सामाजिक-आर्थिक प्रगति बढ़ेगी।

बाद में मीडिया से बातचीत में गडकरी ने स्वीकार किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लिए पूर्वोत्तर राज्यों खासकर नागालैंड और मेघालय में भूमि अधिग्रहण में देरी के कारण यहां सड़क निर्माण में देरी हुई है।

### कर्नाटक सरकार ने बेलगावी में महाराष्ट्र के मंत्रियों के प्रवेश पर लगायी रोक

बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार ने महाराष्ट्र के तीन मंत्रियों और एक सांसद के बेलगावी जिले में प्रवेश पर रोक लगा दी है। बेलगावी जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 31 अक्टूबर से दो नवंबर तक महाराष्ट्र के मंत्रियों और सांसद के प्रवेश पर रोक लगाया गया है। महाराष्ट्र के नेताओं के दौरे के दौरान भड़काऊ भाषणों की संभावना के कारण सिद्दारमैया सरकार को कन्नड़ और मराठी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की आशंका है। कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने आदेशों का उल्लंघन करने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। कर्नाटक स्थापना दिवस समारोह पर महाराष्ट्र एकीकरण समिति (एमईएस) की ओर से आयोजित काला दिवस में महाराष्ट्र के नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है।

## चंद्रबाबू नायडू राजमुंदरी सेंट्रल जेल से जमानत पर रिहा

एजेंसी

राजमुंदरी। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू को उच्च न्यायालय से चिकित्सा के आधार पर चार सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत मिलने के बाद मंगलवार शाम केंद्रीय कारागार से रिहा कर दिया गया।

उच्च न्यायालय ने तेदेपा प्रमुख को 28 नवंबर को केंद्रीय कारागार में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के अत्चन्नायडू, विधायक जी बुच्चाई चौधरी, एन बालकृष्ण, पय्यावुला केशव, येलुरी संबाशिवा राव, नायडू के बेटे और तेदेपा के राष्ट्रीय महासचिव एल लोकेश और उनकी पत्नी ब्राह्मणी सहित बड़ी संख्या में पार्टी नेताओं ने जेल के सामने श्री नायडू का स्वागत किया। श्री नायडू 52 दिनों तक जेल में रहने के बाद रिहा हो गए। पूर्व मुख्यमंत्री को कथित कौशल विकास घोटाला मामले में 10 सितंबर को गिरफ्तार करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।

पूर्व मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान दोहराया कि उन्होंने कोई गलती नहीं की है और उन्होंने दूसरों को भी ऐसा करने की इजाजत नहीं दी। तेदेपा प्रमुख ने कहा कि राजनीतिक नेताओं और राजनीतिक दलों ने उनके प्रति एकजुटता दिखाई और इसके लिए उन्होंने उन्हें धन्यवाद दिया। नायडू ने कहा, मैं आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्यों के लोगों द्वारा दिए गए समर्थन को कभी नहीं भूलूंगा।

# शार्ट न्यूज

## पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की 39वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए



नई दिल्ली। अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ, राजधानी स्वतंत्र पत्र लेखक मंच, नेशनल मीडिया नेटवर्क के संयुक्त तत्वावधान में आज संघ के मुख्यालय बरवाला में संघ के राष्ट्रीय महामंत्री दयानंद वत्स भारतीय ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की 39वीं पुण्यतिथि पर उन्हें कृतज्ञ राष्ट्र की और से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।। अपने संबोधन में दयानंद वत्स ने कहा कि समूचे विश्व में इंदिरा गांधी का कद निर्विवाद रुप से सबसे उंचा है। प्रधानमंत्री के रुप में उनका कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया है। उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व करिश्माई था। दृढ इच्छा शक्ति से परिपूर्ण इंदिरा जी की नेतृत्व क्षमता गजब की थी। वे राष्ट्रीय एकता, अखंडता और.सांप्रदायिक सौहार्द की अद्भुत मिसाल थीं। वत्स ने कहा कि आयरन लेडी इंदिरा गांधी आज भी करोड़ों भारतीयों के दिलों में जिंदा हैं।

## श्रीमती नारायणी माता मंदिर गांव बरवाला में सेठ ओमप्रकाश अग्रवाल हिसारवाले की तीसरी पुण्यतिथि पर लोकोपकारी कार्यों का शुभारंभ किया

श्रीमती नारायणी माता मंदिर गांव बरवाला दिल्ली में आज सेठ ओमप्रकाश अग्रवाल हिसारवाले की तीसरी पुण्यतिथि पर लोकोपकारी कार्यों का शुभारंभ किया गया। ओमप्रकाश अग्रवाल के सुपुत्र श्री ज्ञान प्रकाश अग्रवाल के अनुसार बरवाला गांव में दुर्गा माता मंदिर परिसर में एक डिस्पैंसरी चलाई जा रही है। जिसमें सभी दवाएं निशुल्क दी जा रही हैं। निर्माण श्रमिकों और समाज के कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गयी है। गरीबों को कोरोना काल से यहां प्रतिदिन नियमित रुप से निशुल्क भोजन वितरित किया जाता है। बरवाला गांव के निवासी और आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष दयानंद वत्स, बिजेंद्र डबास, कुलदीप शर्मा, ज्ञान प्रकाश अग्रवाल, डॉ जीके गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोगों ने स्वर्गीय सेठ ओमप्रकाश अग्रवाल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वत्स ने कहा कि सेठ ओमप्रकाश अग्रवाल की स्मृति में कई लोकोपकारी प्रकल्प चलाए जा रहे हैं। जिसका लाभ बरवाला गांव, जैन कालोनी, प्रहलादपुर बांगर, सेक्टर -34,35,36,37में निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों के परिवार और बच्चे उठा रहे हैं।

## अवैध संबंध में सुपरवाइजर की हत्या

नोएडा। नोएडा में सेक्टर-40 के फ्लैट के अंदर सोमवार को 55 साल के सुपरवाइजर शशि शर्मा की हत्या कर दी गई।8 घंटे के अंदर पुलिस ने खुलासा करते हुए महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया। ये हत्या अवैध संबंधों के कारण की गई। जिसे शशि शर्मा की कथित प्रेमिका, उसका पति और एक साथी ने मिलकर अंजाम दिया। इन तीनों को सर्विलांस की मदद से महामाया फ्लाई ओवर के नीचे से गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान भरत चौहान, राजा तिवारी और सीमा देवी पत्नी भरत चौहान के रूप में हुई। इसमें राजा तिवारी मैकेनिकल इंजीनियरिंग का स्टूडेंट है। डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि भरत चौहान और सीमा देवी की शादी 2006 में हो गई। विवाह के बाद दोनों प्लाट नंबर-56 ए-8 सेक्टर-62 में एक कमरा बनाकर रहने लगे। दोनों के चार बच्चे भी है। सीमा ने वहीं एक चाय की दुकान खोल ली। भरत कंस्ट्रक्शन का काम करता था। मृतक शशि शर्मा भी कंस्ट्रक्शन का काम करता था। भरत और शशि की मुलाकात 2021 में काम के दौरान हुई। दोनों के बीच दोस्ती हो गई। इसके बाद शशि भी उसी प्लाट पर एक कमरा बनाकर रहने लगा। 2021 में ही भरत ने शशि को अपनी पत्नी के साथ आपत्तिजनक हालत में देखा। जिसका उसने विरोध किया। इसके बाद शशि ने अपना कमरा वहां से हटा लिया और सेक्टर-40 में किराए के मकान में रहने लगा। अक्टूबर 2023 में शशि ने बारात घर सेक्टर-63 में काम किया जा रहा था।

## प्राधिकरण ने सील की निर्माणाधीन इमारत

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण की बिना अनुमति और कोर्ट स्टेट के बाद भी सेक्टर 104 ग्राम हाजीपुर में अवैध निर्माण किया जा रहा था। ये निर्माण निश्यान बिल्डकाम प्राइवेट लिमिटेड खसरा संख्या 412 पर किया जा रहा था। प्राधिकरण के ओएसडी देवेंद्र प्रताप सिंह और सर्किल-8 की टीम ने अवैध निर्माण को रोकते हुए निर्माणाधीन बिल्डिंग को सील किया। यहां अवैध रूप से कमरे और दुकानों का निर्माण किया जा रहा था। ओएसडी ने बताया कि खसरा नंबर -412 हाजीपुर गांव में है। इसके पास ही स्टालिन मॉल बना हुआ है। 12 अप्रैल 2023 को जमीन पर सिविल कोर्ट ने यथा स्थित बनाने का आदेश दिया था। इसके बाद भी यहां चोरी छिपे निर्माण कराया गया। इसकी जानकारी मिलने पर प्राधिकरण ने नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा। जवाब नहीं आने पर मंगलवार को प्राधिकरण की टीम मौके पर पहुंची और उन्होंने निर्माणाधीन इमारत को सील कर दिया। ओएसडी ने बताया कि नोएडा की जमीन पर अवैध निर्माण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यहां करीब दो मंजिला का निर्माण हो चुका था। जिसमें नीचे छह से दुकानें और उनके ऊपर कमरे बनाए गए है। इस दौरान ग्रामीणों ने हल्का विरोध भी किया। लेकिन, मौके पर मौजूद पुलिस बल के समझाने पर वो शांत हो गए।

# 5000 सफईकर्मी होंगे नियमित

### डीबीसी कर्मचारियों को एमटीएस बनाने का भी प्रस्ताव पास

नई दिल्ली। निगम के सफाई कर्मचारियों को दिवाली का तोहफा दिया गया है। पांच हजार सफाई कर्मचारियों को नियमित किया गया है। करीब 3100 डीबीसी कर्मचारियों को एमटीएस बनाया गया है। इसके अलावा सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने और कूड़े के पहाड़ों को खत्म करने के लिए समानांतर एजेंसी लगाने का प्रस्ताव पास किया गया है। इन सभी प्रस्तावों को मंगलवार को सदन में पास किया गया है। मेयर ने कहा कि स्थायी समिति के गठन के बाद इन प्रस्तावों को और आगे ले जाया जाएगा। दिल्ली नगर निगम मुख्यालय में मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल और नेता सदन मुकेश गोयल के साथ प्रेसवार्ता कर कहा कि विपक्ष ने सदन की बैठक शुरू होने से पहले हंगामा किया। इसके बावजूद जन हितैषी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किए गए। निगम स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब वर्ग के बच्चों को यूनिफार्म के लिए 1100 रुपए प्रति छात्र दिए जाएंगे। सदन में लाए गए सभी प्रस्तावों से दिल्ली की जनता और निगम के कर्मचारियों को राहत मिलेगी।

मेयर ने कहा कि निगम के प्रिंसिपल को बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए ऑक्सफोर्ड, कैम्ब्रिज जैसे विश्वविद्यालयों में भेजा जाएगा। इससे स्कूलों में शिक्षा का स्तर भी बढ़ेगा। 58 में से 54 प्रस्ताव पास किया गया। तीन प्रस्ताव को स्थगित व एक को अस्वीकार किया गया। इन सभी प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी और फिर इन्हें पास किया जा सकता है। सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में गुड गवर्नेंस मॉडल मॉडल की शुरुआत एमसीडी में भी की है।

### निगम के अस्पतालों में बढ़ेंगी चिकित्सा सेवाएं

निगम के बालक राम अस्पताल में बाल हृदय रोग विज्ञान केंद्र खोला जाएगा। चार कमरों और एक हॉल में ओपीडी और आईसीयू स्थापित होगी। यहां पर हृदय रोग से ग्रस्त बच्चों का निःशुल्क इलाज होगा। तिमारपुर में स्थित इस अस्पताल में ये सुविधा शुरू होने से उत्तर-पूर्वी दिल्ली समेत गाजियाबाद तक के मरीजों को इसका लाभ मिलेगा। शुरुआत में ये केंद्र पांच साल के लिए खोला जाएगा। बाद में इसकी सेवाएं दो-दो साल के लिए बढ़ाई जाएंगी। इसके अलावा हिंदू राव और स्वामी दयानंद अस्पताल में सीटी स्कैन सेवा शुरू करने और स्वामी दयानंद अस्पताल में ही दस बेड का एक डायलिसिस केंद्र खोलने का प्रस्ताव भी पास किया गया।

## एनएचआरसी ने दिल्ली के मुख्य सचिव, डीडीए के वीसी से मांगी रिपोर्ट

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने सिरसपुर में डीडीए कॉलोनी में लोहे का गेट गिरने से एक नाबालिग की मौत लेकर पर मंगलवार को दिल्ली के मुख्य सचिव, दिल्ली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और दिल्ली पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी किया।

आयोग ने इस मामले पर चार सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने 31 अक्टूबर को आई मीडिया रिपोर्टों पर स्वतः संज्ञान लिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली के सिरसपुर में डीडीए की एक कॉलोनी में एक क्षतिग्रस्त प्रवेश द्वार गिरने से पांच वर्षीय एक लड़के की मौत हो गई।

आयोग की ओर से जारी बयान में कहा गया कि कथित तौर पर यह घटना 28 अक्टूबर को हुई थी और पीड़ित के परिवार के सदस्यों तथा निवासियों ने दावा किया कि उन्होंने टूटे हुए गेट के बारे में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और डीडीए से कई बार शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

आयोग के बयान में कहा गया है कि अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि क्षतिग्रस्त गेट के संबंध में शिकायतों पर कार्रवाई नहीं करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के अलावा अगर पीड़ित परिवार को किसी प्रकार की राहत प्रदान की गई है तो आयोग को सूचित करें।

दिल्ली के पुलिस आयुक्त से अपेक्षा की जाती है कि वह आयोग को मामले में दर्ज प्राथमिकी की स्थिति की जानकारी देंगे।

## भारती कॉलेज में हुई पारंपरिक भारतीय और रूसी गीतों की प्रस्तुतियां

दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय संस्कृति परिषद के सहयोग से भारती कॉलेज में एक जी20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें पारंपरिक भारतीय और रूसी गीतों की रोचक प्रस्तुतियाँ हुई। 27 अक्टूबर को आयोजित इस कार्यक्रम का अंतर्निहित विषय मजबूत भारत-रूस संबंधों पर केंद्रित था।



भारती कॉलेज ने दिल्ली विश्वविद्यालय के स्लेवोनिक और फिनो-उग्रियन अध्ययन विभाग के साथ भी सहयोग किया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे दक्षिणी दिल्ली परिसर के निदेशक प्रो. श्री प्रकाश सिंह और बतौर विशिष्ट अतिथि पहुंचे संस्कृति परिषद संचालन समिति के चेयरपर्सन अनूप लाठर तथा संस्कृति परिषद के डीन प्रो. रविंदर कुमार द्वारा किया गया।

इस शिखर सम्मेलन में पारंपरिक भारतीय और रूसी गीतों, प्रसिद्ध रूसी गीत मॉस्को नाइट्स और रूसी लोक गीत कत्यूषा, पर कथक प्रदर्शन जैसे नृत्य और सांस्कृतिक प्रदर्शनों की प्रस्तुतियाँ की गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एक विशेष नाटक ओम-भारत एक स्वर्णिम यात्रा था जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। भारती कॉलेज ने सांस्कृतिक और खाद्य प्रदर्शनियां भी प्रदर्शित कीं जिनमें भारत और रूस के इतिहास, कला, संस्कृति, परंपराओं और साहित्य पर प्रकाश डालने वाले अवशेष, पेंटिंग, शास्त्र, हस्तशिल्प और व्यंजन थे।

जी20 शिखर सम्मेलन की शुरुआत दीप प्रज्वलन और वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ हुई। भारती कॉलेज की प्राचार्या प्रो. सलोनी गुप्ता ने गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत और अभिनंदन किया। उन्होंने कार्यक्रमों की दिलचस्प श्रृंखला के बारे में सभा को जानकारी भी दी। मुख्य अतिथि प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने जी20 पर भारत की अध्यक्षता के लाभ के बारे में चर्चा की और %वसुधैव कुटुंबकम के आदर्श वाक्य को रेखांकित किया।

## स्तन कैंसर को हराना है संभव, सीके बिरला अस्पताल गुरुग्राम ने लोगों को किया जागरूक

गुरुग्राम। हर साल अक्टूबर को स्तन कैंसर अवेयरनेस वाले महीने के रूप में मनाया जाता है, जिसके मद्देनजर सीके बिरला अस्पताल गुरुग्राम ने एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया. स्तन कैंसर को मात देने वाले वॉरियर्स को इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया, साथ ही इसके जरिए लोगों को जागरूक किया गया, स्तन कैंसर से बचाव और जल्दी डायग्नोसिस की अहम भूमिका के बारे में बताया गया.



स्तन कैंसर को हराने वाले योद्धाओं के बारे में बताते हुए सपोर्ट ग्रुप एक्टिविटी की गई ताकि ये सफल कहानियां सुनकर कैंसर मरीजों को हिम्मत दे सके. इस सत्र में कई स्तन कैंसर सर्वाइवर महिलाओं ने कैंसर के दौरान अपनी लड़ाई के बारे में बताया. साथ ही ये भी बताया कि कैसे उनकी रिकवरी हुई और उन्होंने जीत पाई. ये वो कहानियां हैं जो स्तन कैंसर से जूझ रहे लोगों को उम्मीद और साहस देती है. यहां कई तरह की एक्टिविटी भी हुई. नॉर्मल बातचीत के अलावा काफी रोचक गेम्स यहां थे, चाट स्टॉल, नेल आर्ट, मेहंदी और कई तरह की चीजें भी नजर आई. इस मौके पर सीके बिरला अस्पताल गुरुग्राम के डॉक्टर रोहन खंडेलवाल ने कहा, %%जब किसी मरीज को कैंसर का पता चलता है तो वो दिमागी तौर पर काफी दबाव में आ जाता है, साथ ही उसके घरवाले भी बहुत प्रेशर महसूस करते हैं. कैंसर से लड़ाई लड़ना ज्यादा चुनौतीपूर्ण इसलिए होता है क्योंकि इससे न सिर्फ बॉडी पर असर होता है बल्कि दिमाग में भी उदासीनता, तनाव और और टेंशन रहती है. ऐसे में ये जरूरी होता है कि मरीज का न सिर्फ फिजिकली बल्कि इमोशनली भी ख्याल रखा जाना चाहिए. ये जो लोग यहां आए हैं, ये इस बात का उदाहरण है कि कैंसर से जीतने के बाद जीवन कैसा होता है और कैसे हर कोई कैंसर को हरा सकता है. ये पहल कैंसर से ग्रसित मरीजों को सपोर्ट करने की एक छोटी सी पहल है, साथ ही उन्हें ये बताने का प्रयास है कि एडवांस ट्रीटमेंट तरीकों से कैंसर को नियंत्रित किया जा सकता है और ठीक किया जा सकता है.

स्तन कैंसर होने का कारण आनुवंशिक तो हो ही सकता है, साथ ही खराब जीवनशैली महिलाओं में स्तन कैंसर होने का एक बड़ा कारण उभरकर सामने आया है. महिलाओं में मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण स्तन कैंसर है. एडवांस इलाज के बारे में जानकारी का अभाव होने के चलते मरीजों की स्थिति और ज्यादा खराब हो जाती है.

डॉक्टर रोहन ने आगे कहा, लोगों के बीच जागरूकता फैलने से रोग का शुरुआती स्टेज में ही पता चल सकता है और फिर उसका सफल इलाज किया जा सकता है. अगर किसी भी तरह से इलाज में देरी होती है तो बीमारी फैल जाती है. हालांकि, मेटास्टेटिक या एडवांस स्टेज कैंसर में इलाज संभव नहीं भी हो सकता है, लेकिन फिर भी उसे अच्छे से नियंत्रित किया जा सकता है.

स्तन कैंसर के इलाज के मामले में सीके बिरला अस्पताल लंबे समय से एक अग्रणी नाम रहा है. ये सपोर्ट ग्रुप एक्टिविटी कार्यक्रम भी मरीजों के प्रति अस्पताल के लगाव की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, ताकि उन्हें हिम्मत मिल सके और साथ ही आम लोग भी जागरूक हो सकें. समय पर रोग का पता लग जाने से मरीज की हालत को बिगड़ने से बचाया जा सकता है और वक्त रहते बेहतर इलाज दिया जा सकता है.

## प्रधानमंत्री मोदी से नरेला मैट्रो को मंजूरी दिलाने का आग्रह किया

### रिठाला बरवाला बवाना नरेला मैट्रो रुट को चौथे चरण में भी लटकाने की आशंका के मद्देनजर शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक्स पर पोस्ट कर उनसे फेज-4 में ही नरेला मैट्रो को मंजूरी दिलाने का आग्रह किया

दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण समाज के अध्यक्ष एवं रिठाला बरवाला बवाना नरेला मैट्रो रुट संघर्ष समिति के कार्यकारी सदस्य शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को एक्स पर पोस्ट कर उनसे फेज-4 में ही नरेला मैट्रो को मंजूरी दिलाने का आग्रह किया। वत्स ने कहा कि डीएमआरसी और शहरी विकास मंत्रालय कर विभिन्न कारणों से इस रुट को पिछले 23सालों से जानबूझकर डिले लटका रहा है। अब चौथे फेज में भी इस रुट को इस आधार पर मंजूरी नहीं देने की योजना है कि इस नरेला से आगे कुंडली नाथुपुर तक हरियाणा में आगे बढ़ाया जाना प्रस्तावित है। इसलिए इसकी डीपीआर नये सिरे से बनाई जाएगी। जिसमें इस लाईन की मंजूरी में और ज्यादा समय लग सकता है।



वत्स ने कहा कि नरेला से इस लाइन का विस्तार हरियाणा से कुंडली करने के पीछे इसे लटकाना ही है। वरना इसके विस्तार के लिए कभी कोई मांग जनता और हरियाणा सरकार ने नहीं की। गौरतलब है कि मैट्रो के फेज-1 में स्वीकृत शाहदरा से बरवाला रुट बाद में फेज-4में नरेला को पिछले 23सालों से डिले किया जा रहा है। वत्स ने कहा कि हम उत्तर पश्चिमी लोकसभा क्षेत्र के निवासी हैं। हमारे क्षेत्र में मैट्रो कनेक्टिविटी देने के लिए सरकार और डीएमआरसी ने मेट्रो के पहले फेज में शाहदरा से बरवाला गांव जो अब रोहिणी सेक्टर -36 है तक मैट्रो रुट को स्वीकृति दी थी। लेकिन लाईन रिठाला पर बंद कर दी गई। आज लगभग 23सालों से हम इस मैट्रो लाइन की मंजूरी के लिए शहरी विकास मंत्रालय का मुंह ताक रहे हैं। पहले फेज की मैट्रो को फेज- 4 में नरेला तक बनाने की बात की गई। बीच में शहरी विकास मंत्रालय ने यहां लाईट मैट्रो चलाने के लिए डीपीआर तैयार कराई। उसके बाद लाईट मैट्रो योजना रद्द कर सामान्य मैट्रो चलाने की बात की गई।

अब जब मेट्रो फेज -4 कई बची हुई लाईनों को सरकारी मंजूरी मिलने का समय आया तो उससे पहले ही डीएमआरसी और शहरी विकास मंत्रालय ने लोगों की मांग के बिना ही इस रुट को नरेला से आगे हरियाणा में कुंडली और नाथुपुर तक बढ़ाने का फैसला सुना दिया। ताकि फिर से अड़चन डाली जाए। अब रुट एक्सटेंड करने से इसकी नई डीपीआर बनाने की बात कही जा रही है। इससे इस क्षेत्र में मैट्रो कनेक्टिविटी का हमें और लंबा इंतजार करना पड़ेगा इस मैट्रो रुट को जानबूझकर डिले कराया जा रहा है।


रोहिणी सेक्टर 24 के निवासी प्रेम कुमार शुक्ला, सेक्टर -25 के डॉ विनीत, सेक्टर -23 के उमेद सिंह खत्री, प्रहलादपुर बांगर गांव के अशोक सिंधु, मास्टर सुरेशकुमार, सुरेश मान, जैन कालोनी के मुकेश वशिष्ठ, बरवाला गांव के बिजेंद्र डबास, मुकेश सैनी, संदीप डबास,शेखर कुमार, पूठखुर्द से दलबीर और सुरेंद्र डबास, बवाना से कृष्ण कुमार ने भी मैट्रो को जल्दी मंजूरी देने की मांग की है।

डीएमआरसी और शहरी विकास मंत्रालय जानबूझकर इस मैट्रो रुट को अटका, भटका और लटका रहा है। हम उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के लाखों लोग चाहते हैं कि इस मैट्रो रुट को फिलहाल नरेला तक ही बनाया जाए। इस लाईन की मंजूरी भी फेज -4 की बची हुई बाकी लाईनों के साथ ही दी जाए।

## राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप में मनाई सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती

### राष्ट्र विरोधी ताकतों के साथ सख्ती से निपटे सरकार: दयानंद वत्स भारतीय

अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप में मनाई। वत्स ने कृतज्ञ राष्ट्र की और से सरदार पटेल को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में वत्स ने कहा देश की एकता और अखंडता के लिए सरदार पटेल का योगदान स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। सारे देश को एकसूत्र में पिरोने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल का व्यक्तित्व एवं कृतित्व करिश्माई था। आज देश राष्ट्र विरोधी ताकतों के हमले झेल रहा है।



अपने निहित राजनीतिक स्वार्थों और वोट बैंक की राजनीति के चलते कभी भाषा के नाम पर कभी जाति और धर्म के नाम पर लोगों को भ्रमित कर राष्ट्र विरोधी तत्व देश की छवि खराब करने में लगे हैं जो एक चिंतनीय बात है। वत्स ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है। सभी को अपनी बात कहने का हक है।

लेकिन देश प्रथम होता है। बाकी सब चीजें पीछे छूट जाती है। देश को कमजोर करने वाले राष्ट्र विरोधी ताकतों से इस समय सख्ती से पेश आने की जरूरत है। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर देश की अस्मिता के साथ खिलवाड़ क्षम्य नहीं है।

## आईएमसी -2023 में डीटीयू को मिला ग्लोबल डिजिटल इनोवेशन में पुरुष्कार 7 डीटीयू के छात्रों ने बनाया पानी में चलने वाला

### रोबोट 7 आईएमसी के 100 5जी लैब की घोषणा में डीटीयू को शामिल किया

दिल्ली में प्रगति मैदान के भारत मंडपम में 7वीं भारतीय मोबाइल कांग्रेस-2023 का उद्घाटन करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर में शैक्षणिक संस्थानों को 100 '5जी यूज केस लैब्स प्रदान किया। भारतीय मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) एशिया का सबसे बड़ा दूरसंचार, मीडिया और प्रौद्योगिकी मंच है और इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य, दूरसंचार और प्रौद्योगिकी में भारत की अविश्वसनीय प्रगति को रेखांकित करने, महत्वपूर्ण घोषणाएँ करने तथा स्टार्ट-अप को अपने नए प्रोडक ?ट्स और समाधानों को प्रदर्शित करना शामिल है। इस आईएमसी-2023 में लगभग 22 देशों के एक लाख से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया था जिनमें लगभग 5000 सीईओ स्तर के



प्रतिनिधि, 230 प्रस्तुतिकर्ता, 400 स्टार्टअप और अन्य हित-धारक शामिल रहे।

इस IMC-2023 में रिलायन्स जिओ, TCS, नोकिया और VI के स्टॉल समेत देश की कई दिग्गज कम्पनयों के पवेलियन और स्टाल लगे जिसमे एक स्टाल दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी का भी था.

इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी की पहली बड़ी घोषणा छात्रों, प्रोफेसरों, स्टार्टअप और एमएसएमई को स्वास्थ्य, कृषि, विनिर्माण और अन्य विभिन्न क्षेत्रों में 5जी तकनीक पर काम करने के लिए बढ़ावा देने के लिए पूरे भारत में 100 5जी लैब स्थापित करने के बारे में थी जिसमे दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी को भी शामिल किया गया. राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे देश के टेक इवेंट इंडिया मोबाइल कांग्रेस-2023 में सभी संस्थानों के बीच डीटीयू को आई आई आई टी हैदराबाद के साथ अकादमिक श्रेणी में विजेता के रूप में चुना गया है, जिसकी घोषणा आईएमसी ने दूरसंचार सचिव की उपस्थिति में की।

आईएमसी का उद्घाटन माननीय प्रधान मंत्री द्वारा किया गया था. टेक्नोलॉजी क्षेत्र के लिए यह इवेंट दिल्ली प्रद्योगिकी विश्वविद्यालय के होनहार छात्रों के लिए भी बेहद खास रहा। IMC-2023 में दिल्ली प्रद्योगिकी विश्वविद्यालय की तरफ से लगाए गए इनोवेशन स्टाल में, DT के छात्रों द्वारा बनाये गए मानव रहित फार्मूला रेसिंग कार, नैनो ड्रोन, पानी में चलने वाला रोबोट और सोलर पैनल क्लीनिंग रोबोट जैसे अत्याधुनिक और इन्नोवेटिव मशीनों को दिखाया गया जिसकी टेक इवेंट इंडिया मोबाइल कांग्रेस-2023 में आये लोगों का ध्यान खींचा।

## नोएडा में हिंडन नदी में उतराता मिला युवती का शव

गौतम बुद्ध नगर। सेंट्रल नोएडा के हिंडन नदी में मंगलवार को एक 19 वर्षीय युवती का शव पड़ा मिला। युवती ईकोटेक 3 थाना क्षेत्र के कुलेसरा की रहने वाली थी और वह 26 अक्टूबर को अचानक गायब हो गई थी। युवती ब्रेन टीबी की बीमारी से ग्रस्त थी। युवती द्वारा आत्महत्या करने की आशंका जताई जा रही है। ईकोटेक 3 थाना क्षेत्र की हिंडन नदी में मंगलवार सुबह एक 19 वर्षीय युवती का शव मिला। युवती की पहचान शिवानी के रूप में हुई, जो कि अपने परिवार के साथ कुलेसरा में रहा करती थी। वह लोग मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं। शिवानी 26 अक्टूबर को अचानक घर से गायब हो गई थी। इसको लेकर उसकी मां ने थाने पर शिकायत दी थी। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में गुमशुदगी दर्ज की थी। पुलिस के द्वारा युवती को तलाश भी किया गया था लेकिन कोई जानकारी नहीं लग पाई थी।

## महराजा अग्रसेन कॉलेज में 10वें सरदार पटेल स्मृति व्याख्यान का आयोजन

महराजा अग्रसेन कॉलेज (दिल्ली विवि) में 10वें सरदार पटेल स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना व सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अथिति प्रो. राकेश सिन्हा, माननीय सांसद, राज्य सभा ने रंजीत देसाई के शिवाजी पर लिखी मराठी भाषा के उपन्यास का जिक्र करते हुए कहा कि किसी महान व्यक्तित्व को समझने व उनका अनुकरण करने के लिए आपको कम से कम पच्चीस प्रतिशत उनके जैसा बनना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अगर हमें भारतीयता को महसूस करना है व सरदार पटेल के द्वारा स्थापित मूल्यों/आदर्शों को जीना है तो हमें अपने व्यक्तित्व में सरदार पटेल को शामिल करना पड़ेगा। सरदार पटेल के व्यक्तित्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए



उन्होंने बताया कि राष्ट्रनिर्माण में सरदार पटेल का सबसे महत्वपूर्ण योगदान भारत का एकीकरण रहा। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजीव कुमार तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरदार पटेल के दूरदर्शी दृष्टिकोण और वर्तमान में उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सरदार पटेल की राष्ट्र को लेकर जो अवधारणा थी वो सामाजिक व राजनैतिक सीमाओं से ऊपर थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पंकज अरोड़ा ने कहा कि हमें सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात् करते हुए राष्ट्रनिर्माण की प्रक्रिया में अपना योगदान देने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजीव कुमार तिवारी ने उपस्थित लोगों को एकता दिवस पर ' राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ' ग्रहण करवाया। कार्यक्रम में एनुअल ऐक्टिविटी कमिटी की कन्वेनर प्रो. आभा मित्तल सहित अन्य शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

नई दिल्ली
बुधवार 01 नवंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

# संपादकीय

## हादसों की पटरी

आमतौर पर हर बड़ी रेल दुर्घटना के बाद सरकार मारे गए लोगों के परिजनों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा करती है, हादसे के कारण जानने के लिए जांच कराने की बात कही जाती है। मगर उसके कुछ ही दिनों बाद फिर कोई वैसी ही दुर्घटना सामने आ जाती है। इसके लिए शायद ही कभी ऊंचे स्तर के अधिकारी या संबंधित महकमे के मंत्री की जिम्मेदारी तय की जाती है, उन पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई या उनके इस्तीफे जैसी बात होती है। किसी भी हादसे का सबक यह होना चाहिए कि वैसी त्रासदी से बचने के हर उपाय किए जाएं। मगर पिछले कुछ समय से देश भर में रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने से लेकर टकराने तक जैसे हादसे सामने आ रहे हैं, उससे यही लगता है कि सरकार ऐसी दुर्घटनाओं से कोई सबक सीखने को तैयार नहीं है, जिनमें जानमाल का व्यापक नुकसान हुआ हो। रविवार को आंध्र प्रदेश के विजयनगरम में दो ट्रेनें जिस तरह टकरा गईं, उससे फिर यही साबित होता है कि ऐसे बार-बार के हादसों के बावजूद रेल महकमे में बहुस्तरीय लापरवाही कायम है।

### लापरवाही की वजह पर नहीं दिया जा रहा ध्यान

गौरतलब है कि अलमांडा-कांतकपल्ले के बीच रायगड़ा यात्री ट्रेन ने विशाखापट्टनम-पलासा यात्री ट्रेन को पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें चौदह लोगों की जान चली गई और कम से कम पचास लोग घायल हो गए। रेलवे की ओर से हादसे की शुरुआती जांच में रायगढ़ा यात्री ट्रेन के चालक और सहायक चालक को जिम्मेदार ठहराया गया है। आरोपों के मुताबिक, नियमों का उल्लंघन करते हुए यह ट्रेन दो स्वचालित सिग्नलों से गुजरी थी। हालांकि हादसे में चालक दल के दोनों सदस्यों की मौत हो गई, लेकिन सवाल है कि इस स्तर की लापरवाही आखिर किन वजहों से बनी हुई है! आमतौर पर हर बड़ी रेल दुर्घटना के बाद सरकार मारे गए लोगों के परिजनों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा करती है, हादसे के कारण जानने के लिए जांच कराने की बात कही जाती है। मगर उसके कुछ ही दिनों बाद फिर कोई वैसी ही दुर्घटना सामने आ जाती है।

इसके लिए शायद ही कभी ऊंचे स्तर के अधिकारी या संबंधित महकमे के मंत्री की जिम्मेदारी तय की जाती है, उन पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई या उनके इस्तीफे जैसी बात होती है। आंध्र प्रदेश के ताजा हादसे में पीछे से आ रही गाड़ी ने आगे की गाड़ी को टक्कर मारी। ज्यादा दिन नहीं हुए हैं जब ओड़ीशा के बालासोर में तीन ट्रेनों के बीच हुई भयानक टक्कर में तीन सौ से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और करीब एक हजार लोग घायल हो गए थे। उसके बाद बीते पांच महीने में कई बड़े और गंभीर हादसे हो चुके हैं, जो इस बात का संकेत देते हैं कि देश की पटरियों पर चलती हुई रेलगाड़ियां दरअसल एक जोखिम को साथ लेकर दौड़ रही हैं, लेकिन उस पर लगाम लगाने के लिए ऐसी कोई ठोस व्यवस्था नहीं हो पा रही है। करीब तीन महीने पहले खुद सरकार ने लोकसभा को यह जानकारी दी थी कि बीते नौ सालों में परिणामी रेल हादसों की संख्या हर साल इकहत्तर रही। इनमें सात सौ इक्यासी लोगों की मौत हो गई और करीब डेढ़ हजार लोग घायल हुए।

रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने से लेकर टक्कर होने जैसे हादसों का सिलसिला कायम रहने के बीच ही 'कवच-प्रणाली' या टक्कर रोधी यंत्र के जरिए हादसों पर लगाम लगाने की बातें भी की गईं। दूसरी ओर, ओड़ीशा से लेकर आंध्र प्रदेश में हुई दुर्घटनाएं बताती हैं कि यह सुरक्षा प्रणाली कितनी ट्रेनों में लगाई गई और इसके जरिए कितना बचाव संभव हो पाया है। आए दिन सरकार की ओर से पटरियों पर ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने की बात की जाती है, आधुनिक सुविधाओं से लैस ट्रेनों के संचालन की शुरुआत हो रही है। सवाल है कि अगर यात्रियों को ज्यादा सुविधाएं मुहैया कराने के आश्वासन के साथ पटरियों पर दौड़ने वाली गाड़ियां हर वक्त दुर्घटनाओं की आशंका के साथ चलेंगी तो 'हादसों को शून्य' करने के दावों को किस आईने में देखा जाएगा?

## आतंकियों के निशाने पर आम जनता

सबसे चिंता का विषय है कि आतंकवादी सुरक्षा चक्र के भीतर घुस कर अपनी साजिशों को अंजाम देते और फिर फरार हो जाते हैं। श्रीनगर के ईदगाह में जिस तरह पुलिस अधिकारी को नजदीक से गोली मारी गई और सुरक्षा कर्मियों को चकमा देते हुए निकल भागे, उससे यही साबित होता है कि उनके भीतर सुरक्षाबलों का बहुत खौफ नहीं है।

कश्मीर घाटी में दहशतगर्दों का मनोबल किसी भी रूप में टूटता नजर नहीं आ रहा। वे रणनीति बदल-बदल कर हमले करने में कामयाब हो जा रहे हैं। कभी वे सीधे सेना और पुलिस ठिकानों को निशाना बनाते हैं, तो कभी लक्षित हिंसा की रणनीति अपना लेते हैं। पिछले कुछ समय तक वे सुरक्षाबलों के काफिले पर घात लगा कर हमला करते देखे जा रहे थे, अब फिर से चुन-चुन कर आम नागरिकों निशाना बनाने लगे हैं।

पिछले चौबीस घंटों के भीतर जिस तरह दो अलग-अलग जगहों पर उन्होंने हमले किए उससे साफ है कि तमाम सुरक्षा इंतजामों को चुनौती देने के मकसद से वे अपनी मौजूदगी जाहिर करना चाहते हैं।

श्रीनगर के ईदगाह इलाके में एक पुलिस अधिकारी पर बिल्कुल नजदीक से उस समय तीन गोलियां दागी गईं, जब वे स्थानीय बच्चों के साथ क्रिकेट खेल रहे थे। दूसरी घटना पुलवामा की है, जिसमें एक प्रवासी मजदूर को गोली मारी गई। इन घटनाओं के बाद स्वाभाविक रूप से सुरक्षाबल सक्रिय और चौकस हो गए हैं। इस तरह के हमलों के पीछे दहशतगर्दों का मकसद महज दहशत फैलाना होता है। क्रिकेट खेलते बच्चों के सामने पुलिस अधिकारी को गोली मारने के पीछे उनका इरादा एक तरह से उस इलाके में और खासकर बच्चों पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाना ही रहा होगा।

प्रवासी मजदूरों को इस तरह लक्ष्य बना कर हमला करने के पीछे भी उनका मकसद जाहिर है। वे बाहर से आकर घाटी में किसी भी तरह का काम कर रहे लोगों में यह भय भर देना चाहते हैं कि वहां रहना उनके लिए खतरे से खाली नहीं है। वे प्रवासियों को प्रदेश से बाहर भगा देना चाहते हैं। कुछ महीने पहले घाटी में लौट रहे कश्मीरी पंडितों पर लक्षित हमले करके भी उन्होंने यही संदेश देने की कोशिश की कि वे घाटी से बाहर चले जाएं।

दरअसल, दहशतगर्द भय पैदा करके अपनी स्वीकार्यता हासिल करना चाहते हैं।

इस तरह से वे सरकारी दावों और सुरक्षा बंदोबस्त की धज्जियां उड़ाने का भी प्रयास करते हैं। सवाल है कि सुरक्षा इंतजामों में कहां कमियां रह गई हैं, जिनके चलते आतंकवादियों पर नकेल कसना चुनौती बना हुआ है। पिछले आठ-नौ सालों से घाटी में दहशतगर्दी रोकने के मकसद से सुरक्षा इंतजाम काफी पुख्ता किए गए हैं, लगातार सघन तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं, आतंकी संगठनों को वित्तीय मदद पहुंचाने वालों को सलाखों के पीछे कर दिया गया है, सीमा पार से मिलने वाली मदद पर लगभग पूरी तरह अंकुश है, आए दिन मुठभेड़ में आतंकवादियों के मारे जाने की खबरें भी होती हैं। इसके बावजूद अगर घाटी में हिंसा का सिलसिला नहीं रुक रहा, तो इस पर नए सिरे से विचार की जरूरत है।

सबसे चिंता का विषय है कि आतंकवादी सुरक्षा चक्र के भीतर घुस कर अपनी साजिशों को अंजाम देते और फिर फरार हो जाते हैं। श्रीनगर के ईदगाह में जिस तरह पुलिस अधिकारी को नजदीक से गोली मारी गई और सुरक्षा कर्मियों को चकमा देते हुए निकल भागे, उससे यही साबित होता है कि उनके भीतर सुरक्षाबलों का बहुत खौफ नहीं है।

शायद वे सुरक्षाबलों की गतिविधियों पर नजर रखते और मौका पाकर हमला कर देते हैं। उनके इस तरह हमलों से यह भी साफ है कि उन्हें मिलने वाली वित्तीय मदद और साजो-सामान की पहुंच को पूरी तरह रोका नहीं जा सका है। ऐसे में सुरक्षा संबंधी खामियों का व्यावहारिक मूल्यांकन जरूरी है।

# देश के आम आदमी की चिंता कौन करेगा ?



अशोक मधुप
वरिष्ठ पत्रकार

आवारा पशुओं के कारण देश में दुर्घटनाएं बढ रही हैं। इन दुर्टनाओं में बड़ी तादाद में वाहन चालक या पैदल मर रहे हैं। मरने से कई गुना ज्यादा घायल हो रहे हैं किंतु किसी को इनकी चिंता नही। चिंता है तो सड़कों और गली में घूमने वाले आवारा पशुओं की। जब भी सड़क के इन पशुओं के विरूद्ध कार्रवाई की बात होती है, तो इन पशुओं के कल्याण में लगे संगठन विरोध में उतर आते हैं।वे सड़क के पशुओं की बात करते हैं।उनकी चिंता करते हैं।इनसे टकराकर मरने और घायल होने वालों की चिंता किसी को नहीं। आखिर सड़क पर चलने वाले पैदल या वाहन चालक की सुरक्षा और उसके अधिकार की भी कौन करेगा ?उनकी भी तो बात होनी चाहिए। उनकी सुरक्षाकी चिंता भी की जान चाहिए।उनकी हिफाजत की भी तो चिंता की जानी चाहिए।दो साल पुरानी सरकारी जानकारी के अनुसार देश में 2.03 करोड़ लावारिस पशु हैं।इनके हमले से हर दिन तीन व्यक्तियों की मौत होती है। 3 साल में 38,00 लोगों ने गंवाई। देश में आवारा पशुओं के हमलों से रोजाना होने वाली मौतों को लेकर केंद्र सरकार ने फरवरी में एक रिपोर्ट तैयार की। साल 2019 की गणना के हिसाब से देश में आवारा पशुओं की संख्या 2.03 करोड़ आंकी गई है।देश के महानगरों में सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण आवारा कुत्ते, गाय और चूहे जैसे जानवर हैं। यह बात अग्रणी टेक-फर्स्ट बीमा प्रदाता कंपनी एको की 'एको एक्सीडेंट इंडेक्स 2022' रिपोर्ट में सामने आई ।रिपोर्ट के अनुसार, देश में सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण जानवर थे, खासकर चेन्नई में जानवरों के कारण सबसे अधिक तीन प्रतिशत से ज्यादा दुर्घटनाएं दर्ज हुई हैं।इसमें कहा गया है कि दिल्ली और बेंगलुरु में जानवरों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की संख्या दो प्रतिशत थी। देश के महानगरों में जानवरों के कारण होने वाले दुर्घटनाओं में कुत्तों के कारण 58.4 प्रतिशत तथा इसके बाद 25.4 प्रतिशत दुर्घटनाएं गायों के कारण हुईं।रिपोर्ट के अनुसार, 'आश्चर्यजनक बात यह है कि चूहों के कारण 11.6 प्रतिशत दुर्घटनाएं हुईं।कंपनी के अनुसार, इस दुर्घटना सूचकांक में बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, और मुंबई सहित मुख्य महानगरों में हुई दुर्घटनाओं का विवरण दिया गया है। ये कागजी आंकड़े हैं।ये महानगरों के हालात हैं। गांव में इन दुर्घटनाओं में मौत और घायलों का आंकड़ा और भी कई गुना ज्याद होगा।अभी देश की प्रमुख चाय कंपनियों में से एक वाघ बकरी चाय के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पराग देसाई का निधन हो गया है। मीडिया खबरों के मुताबिक 49 साल के पराग पिछले हफ्ते अहमदाबाद में मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इस दौरान आवारा कुत्तों ने उन पर हमला कर दिया। खुद को बचाने में वह फिसलकर गिर गए और उन्हें ब्रेन हेमरेज हो गया था। उनका अहमदाबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। ये बड़े आदमी थे, इसलिए खबरों में आ गए, गांव देहात में तो कोई इस और ध्यान भी नही देता। हाल में उत्तर प्रदेश के मथुरा में एक बच्चे को गाय ने हमला करके घायल कर दिया ।उत्तर प्रदेश के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह भी मानते हैं कि उत्तर प्रदेश में चार लाख से ज्यादा आवारा पशु हैं, जिन्हें अभी गौशाला भेजना बाकी है। हालाकि गौशालाओं में पहले ही दो लाख से ज्यादा गौंवश मौजूद है।



हरियाणा में सड़कों पर घूम रहे गोवंश के कारण रूप में हर माह 10 लोग जान गंवा रहे हैं।भारत सरकार के स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्रालय ने पिछले साल संसद में हुए एक सवाल का जवाब देते हुए बताया था कि 2019, 2020, 2021 और 2022 में देश में लोगों पर कुत्तों के कुल कितने हमले हुए हैं। इस जवाब के अनुसार, साल 2019 में 72 लाख 77 हजार 523 कुत्तों के हमले रिपोर्ट हुए। वहीं साल 2020 में कुल 46 लाख 33 हजार 493 कुत्तों के हमलों रिपोर्ट हुए, जबकि साल 2021 में कुल 1701133 कुत्तों के काटने के मामले रिपोर्ट हुए ।वहीं साल 2022, जुलाई तक भारतीय लोगों पर हुए कुत्तों के हमले की कुल संख्या स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, 14 लाख 50 हजार 666 थी। इन हमलों में कई लोगों ने अपनी जान भी गंवाई है। ये हमले आवारा और पालतू दोनों कुत्तों के हैं। इसके साथ ही इन हमलों के शिकार, बच्चे, बुजुर्ग और जवान तीनों हुए हैं।आवारा कुत्तों के काटने से आपको रेबीज नाम की बीमारी हो जाती है। ये बीमारी इतनी घातक होती है कि अगर समय पर इसका इलाज नहीं कराया गया तो मरीज की मौत भी हो सकती है।

साल 2018 में मेडिकल जर्नल लैंसेट में छापी इस रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत में हर साल 20 हज़ार लोग रेबीज के कारण मरते हैं. इनमें से ज्यादातर रेबीज के मामले कुत्तों द्वारा इंसानों तक पहुंचे हैं।ऐसा नहीं है कि हर कुत्ते के काटने से आपको रेबीज हो सकता है, लेकिन ज्यादातर आवारा कुत्तों के काटने से रेबीज का खतरा रहता है। कुत्तों के इन हमलों के सबसे ज्यादा शिकार छोटे बच्चे और जवान होते हैं।दिल्ली और मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में तो हिंदुओं के गाय प्रेम का पशुपालक अनुचित लाभ उठा रहे हैं। वे सवेरे दूध निकालकर अपने पालतू गाय को चरने के लिए खुला छोड़ देते हैं।ये गाय सड़क और गलियों में घूमकर अपना पेट भरते हैं।कई बार नागरिक इनके हमले के शिकार हो जाते हैं। पालतू कुत्ते भी मालिकों की लापरवाही के कारण लोगों पर हमले करते रहते हैं।


दो साल पहले केंद्र सरकार ने निर्देश दिए थे कि आवारा पशुओं जिनमें गौवंश और विशेष तौर पर कुत्ते शामिल हैं, उन्हें पकड़ कर पशु चिकित्सक द्वारा पशु पालन विभाग के अधिकारियों की देखरेख में मेडिकल जांच कराने और बीमार होने पर इलाज कराने को कहा गया है। उन्हें अलग-अलग संक्रामक बीमारियों से बचाने के लिए अनिवार्य वैक्सीनेशन कराने के लिए भी कहा गया है। वैक्सीनेशन पशुओं के माध्यम से इंसानों को होने वाले संक्रमण से भी बचाएगा।राज्यों को यह भी कहा गया है कि वह ऐसे लोगों की पहचान करें, जो बीमार या काम लायक न रहने पर अपने पशुओं को बेसहारा छोड़ देते हैं। ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाए। कानून के तहत ऐसे मामलों में 6 महीने से लेकर 1 साल तक की सजा का प्रावधान है।राज्यों को पशु हेल्पलाइन बनाने के निर्देश

राज्यों को शिकायत तंत्र और पशु हेल्पलाइन बनाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कहा गया कि कोई आवारा पशु जैसे कुत्ता पागल हो गया है तो उससे रेबीज की मात्रा अधिक मिलती है, तो उसे तब तक अलग रखा जाए, जब तक उसकी मौत न हो जाए। आवारा कुत्ते को संक्रामक बीमारी है और एक पशु से दूसरे पशु या इंसानों में होने का खतरा है और इलाज संभव नहीं है, तो ऐसे संक्रमित जानवरों को शांतिपूर्ण तरीके से खत्म करने के भी निर्देश दिए गए हैं।केंद्र के ये निर्देश ,निर्देश ही बन कर रह गए। किसी को इनके क्रियान्वयन का ध्यान नही आया। आवारा गौवंश के लिए उत्तर प्रदेश में सरकारी स्तर पर गौशालाएं खोली गई हैं।ये गौशालाएं नगर निगम , नगरपालिका और नगर पंचायत स्तर पर खुली हैं।आवारा गौवंश पकड़कर इनमें रखा जाता है। इन गौशालाओं की जगह पशुशाला खुलनी चाहिएं। इनमें गाय, बैल,गधा,घोड़ा कुत्ता, बिल्ली जैसे आवारा पशु पकड़कर रखे जांए। देश की नगर ,गांव और सड़कें आवारा पशुओं से बिल्कुल मुक्त होनी चाहिए। ऐसा होगा तो आम आदमी और वाहन चालक गली, मुहल्लों, नगरों और सड़कों पर सुरक्षित होंगे।

## संघर्ष और आत्मनिर्भरता, अदम्य जिजीविषा की परिणति

पराधीन सपने हूं सुख नाही यह लोकोक्ति हर स्वाभिमानी आदमी और स्वतंत्रता प्रेमी व्यक्ति को याद रहती है। स्वावलंबन या आत्मनिर्भरता ही मनुष्य को स्वाधीन बढ़ने की प्रेरणा देती है। आत्मनिर्भरता की स्थिति में व्यक्ति अपनी इच्छाओं को अपनी सुविधा अनुसार पूरा कर सकता है, इसके लिए दूसरों की तरफ मुंह ताकने की जरूरत नहीं पड़ती है। आत्मनिर्भरता केवल मनुष्य के लिए व्यक्तिगत रूप से ही जरूरी नहीं है, बल्कि राष्ट्र के लिए भी अति आवश्यक है ।एक स्वतंत्र राष्ट्र अपनी जनता को अपनी क्षमता के अनुसार सारी सुविधाएं तथा अन्य जीवन उपयोगी साधन उपलब्ध करा सकता है। भारत स्वतंत्रता के बाद हरित क्रांति सातवें दशक के प्रारंभ के बाद ही खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बन सका, इसके साथ ही भारत में खुशहाली की स्वाभाविक तौर पर वृद्धि हुई, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी कहा था कि एक राष्ट्र की शक्ति उसकी आत्मनिर्भरता में है दूसरों से उधार लेकर काम चलाने में नहीं,पाकिस्तान की स्थिति बिल्कुल ऐसी ही है वह अभी तक स्वतंत्रता के बाद से 75 वर्ष के बाद भी संपूर्ण रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है, वह कर्जे से डूब गया है और अपने देश में खर्चा चलाने के लिए पूरी दुनिया से उधार मांगते हुए घूम रहा है। पाकिस्तान आत्मनिर्भर नहीं होने का एवं उधार की जिंदगी जीने का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। जबकि भारत देश विज्ञान, टेक्नोलॉजी, मेडिकल साइंस, इंजीनियरिंग और कृषि सेवा, खनिज, स्पेस रिसर्च में पूर्णता आत्मनिर्भर होकर विकसित देशों के बराबर खड़ा हुआ है। यह देशवासियों और देश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। आत्मनिर्भरता या स्वावलंबन किसी भी देश की प्रगति विकास तथा और उसके नागरिकों की जिंदगी की जिजीविषा है जिससे वह संघर्ष कर आगे बढ़ता है। इतिहास गवाह है कि किसी भी महान लेखक को महान बनने तक निरंतर मेहनत कर किताबें लिखने का का श्रम करना पड़ा एवं आत्मनिर्भरता की स्थिति में विचार कर अपने विचारों को लिपिबद्ध करना पड़ा तब जाकर वह महानता की श्रेणी को प्राप्त कर सका। इसी तरह कोई छात्र अपने जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहता है तो उसे स्वयं परीक्षा में शामिल होना पड़ेगा एवं परीक्षा में मनोवांछित सफलता प्राप्त कर उसे स्वयं अध्ययन करना होगा। इसी प्रकार जीवन के हर क्षेत्र में भी मनुष्य को आत्मनिर्भर होकर मेहनत कर दीक्षित सफलता प्राप्त करनी पड़ेगी। हमारा देश भारत भी आजादी के बाद से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रेषित हुआ आज स्थिति यह है कि वह विश्व में विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आ खड़ा हुआ है। तमाम महापुरुषों के जीवन से भी हमें आत्मनिर्भरता तथा स्वावलंबन की शिक्षा मिलती रहती है।महात्मा गांधी अपना कार्य स्वयं किया करते थे। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी दैव दैव आलसी पुकारा है, तब जाकर उनकी जिंदगी पटरी पर आई और हमें परिश्रम कर आत्म निर्भर होने की शिक्षा प्रदान की थी। दूसरों पर निर्भरता हमें दूसरों का अनुसरण करने के लिए मजबूर करती है।

दूसरों पर निर्भर होने से हमें के अनुरूप ही जीवन जीने के लिए बाध्य होना पड़ता है। पराधीनता हमारा आत्मविश्वास सृजनशीलता सोचने की शक्ति को नष्ट कर देती है।




# देश में बढ़ रहें हैं सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की मौत के मामले

### ज्यादातर ड्राइवर के रॉन्ग साईड गाड़ी चलाने पर होती है घटनाएं भारत में रोजाना सड़क हादसे में हजारों लोगों की चली जाती है जान



(सीए) मनीष कुमार गुप्ता

बीते एक दशक से देश में केंद्र सरकार ने हाईवे और स्टेट हाईवे के निर्माण पर ज्यादा तेजी से काम करना शुरू किया है। केंद्र सरकार के हाईवे निर्माण में तेजी की वजह से निश्चित रूप से आज देश का आर्थिक विकास भी तेज हुआ है। दरअसल आज बेहतरीन हाईवे होने की वजह से ही देश के एक कोने से दूसरे कोने तक में व्यापारी अपना ज्यादा माल कम समय में इंपोर्ट और एक्सपोर्ट कर पा रहें हैं। हाईव के निर्माण से ना सिर्फ व्यापारियों को बल्कि, आम नागरिकों को भी काफी ज्यादा लाभ हुआ है, मसलन 250 से 300 किलोमीटर की यात्रा आज लोग खुद ही अपनी गाडियों से कर ले रहें हैं। ऐसे में लोगों का समय भी काफी ज्यादा बच जाता है। लेकिन ये तो हाईवे निर्माण के सकारात्मक पक्ष थें, जो सुनने में काफी ज्यादा अच्छे लग रहे होंगे। लेकिन देश में हाईवे और स्टेट हाईवे के निर्माण में तेजी के साथ साथ इन हाईवे पर रोजाना होने वाले एक्सीडेंट से मौतों की संख्या भी बदस्तूर बढ़ती जा रही है। दरअसल बीते एक दशक में हाईवे और अन्य स्टेट हाईवे पर दुर्घटनाओं से होने वाली ज्यादा लोगों की मौतों से केंद्र सरकार काफी ज्यादा चिंतित भी है। लेकिन कहीं ना कहीं यदि हाईवे पर होने वाली दुर्घटनाओं पर गौर करें तो उसमें ज्यादातर दुर्घटनाए या तो ड्राईवर की लापरवाही से हुई या फिर रांग साईड ड्राईविंग करने से हुई है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है कि हाईवे पर रांग साईड ड्राईविंग को रोकने के लिए केंद्र सरकार की ओर से अभी तक कोई सख्त कानून क्यों नहीं बनाया जा रहा है ?

### हाईवे और स्टेट हाईवे पर रांग साईड ड्राईविंग करने पर हो सख्त सजा का हो प्रावधान

दरअसल आज देश में हाईवे ओर स्टेट हाईवे पर जितनी भी दुर्घटनाएं होती हैं, उसमें से 75 फीसदी दुर्घटनाएं सड़क के विपरित साईड से गाड़ी को ड्राईव करने के चलते हुईं है। ऐसे में आज सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सबसे जरूरी है कि लोग हाईवे और स्टेट हाईवे पर विपरित दिशा में गाड़ी चलाने से बचें। ऐसे में इस समस्या को रोकने के लिए केंद्र सरकार को सबसे पहले कोई ऐसा सख्त कानून बनाना होगा जिससे कोई भी ड्राईवर हाईव के विपरित लेन या रांग लेन से गाड़ी ना लेकर जा सके। यदि इस तरह का कोई सख्त कानून बनता है तो निश्चित रूप से लोग रांग साईड ड्राईविंग करने से काफी हद तक परहेज करेंगें। नतीजतन सड़क दुर्घटनाओं में जाने वाली लोगों की जान बच सकती है।




### हाईवे पर उल्टी लेन में गाड़ी ड्राईव करने पर जब्त हो गाड़ी व चालक का लाईसेंस

हाईवे पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं सड़क पर उल्टे लेन में गाड़ी चलाने के दौरान होती है। ऐसे में सड़क पर यदि कोई वाहन चालक, सड़क या फिर हाईवे के विपरित लेन में गाड़ी चलाता है तो उसकी गाड़ी जब्त होने के साथ साथ उसके गाड़ी का लाईसेंस और खुद उसका लाईसेंस पुलिस के द्वारा जब्त किया जाना चाहिए। इसके अलावा सड़क की विपरित लेन में गाड़ी चलाने पर चालक के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए उसे जेल भेजने का कार्य करना चाहिए।

### विपरित लेन में ड्राईविंग के दौरान हुई दुर्घटना में मारे गए लोगों की हत्या का जिम्मेदार हो चालक

हाईवे और सड़क के विपरित लेन में गाड़ी ड्राईव करने के दौरान होने वाले दुर्घटना में अपनी जान गवाने वाले लोगों की मौत का जिम्मेदार वाहन चालका को माना जाए। दरअसल ड्राईवर ही अक्सर जल्दीबाजी के चक्कर में गाड़ी को हाईवे की उल्टी लेन में ले जातें हैं, जिससे दुर्घटना की संभावनाएं ज्यादा बढ़ जाती हैं। ऐसे में हाईवे पर विपरित दिशा में गाड़ी ले जाने का रिस्क खुद ड्राईवर लेता है, जिसमें वह गाड़ी में बैठे यात्रियों की जान भी दांव पर लगा देता है। ऐसे में जिन व्यक्तियों की जान ड्राईवर के निर्णय से जाती है उनकी मौत का जिम्मेदार भी पूरी तरह से ड्राईवर को ही बनाया जाना चाहिए।

### केवल सख्त कानून से ही रूकेंगी सड़क हादसे में होने वाली मौतें

दरअसल सड़क हादसे में लोगों की जान जाने की घटनाएं ज्यादातर ड्राईवर की गलत निर्णय से घटती है। ऐसे में जब तक सड़क हादसों को रोकने के लिए सख्त कानून नहीं बनाया जाएगा, तब तक हादसों में कमी नहीं आएगी। दरअसल सख्त कानून से ही ड्राईवर अपनी लापरवाही को छोड़कर सड़क नियमों का पालन करेंगें।

## शार्ट न्यूज़

### लापता युवक का शव बाजरे के खेत में मिला

औरैया। उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र में तीन दिन से लापता एक युवक का शव तालेपुर गांव में एक बाजरा के खेत में बोरे में पड़ा मिला। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि आज सुबह तालेपुर गांव में एक किसान बाजरा काट रहा था कि उसे एक बोरा पड़ा मिला जिसमें से खून रिस रहा था। किसान की सूचना पर कोतवाल पंकज मिश्रा मय फोर्स के साथ पहुंचे और बोरे से शव बाहर निकला। पहचान मिटाने को युवक का चेहरे को जलाया गया था। मृतक युवक की चचेरी बहन की ससुराल तालेपुर गांव में है। जिसने उसकी पहचान सागर यादव (25) निवासी किशनपुर क्योंटरा की मड़ैया के रूप में कीई। बहन ने बताया की वह 28 अक्टूबर की उसके घर आया था और नशे में कहीं चला गया। मोबाइल घर पर ही छोड़ गया तब से कुछ पता नहीं चला। एसपी चारु निगम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। एसपी चारु निगम ने बताया की युवक के गांव निवासी एक महिला से संबध थे और पहले दोनों लोग भाग भी चुके है। महिला का पति इस बात से रंजिश मानता है। महिला व उसका पति फरार है। उसके घर पर सबूत मिले है। गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी है जल्द गिरफ्तारी की जायेगी।

### आजमगढ़ में रेप का आरोपी गिरफ्तार

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले की पुलिस ने रेप के आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पीड़िता के परिजनों ने पुलिस से शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी ने नाबालिग किशोरी का अपहरण कर रेप की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस को आठ अक्टूबर को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि जब पीड़िता कोचिंग के लिए गई थी तो वापस नहीं आई। इस मामले में परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस ने पीड़िता को बरामद कर लिया। पीड़िता का मेडिकल कराया गया तो रेप की पुष्टि हुई जिसके बाद आरोपी के विरूद्ध पाक्सो एक्ट और रेप की धाराओं में वृद्धि की गई। पुलिस की विवेचना में इस मामले में गोलू यादव उर्फ आनंद का नाम सामने आया। इस मामले की विवेचना कर रहे सब इंस्पेक्टर उमेश चन्द्र पांडेय ने बताया कि आरोपी गोलू यादव की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में आरोपी के बारे में पुलितस को सूचना मिली की आरोपी खरैलिया ढ़ाला के पास है। इस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। आरोपी को न्यायालय भेजा जा रहा है जहां से जेल रवाना किया जाएगा।

### इंडियन करेंसी के साथ पकड़ा गया युवक

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थनगर में 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी ककरहवा चेक पोस्ट पर तैनात जवानों ने अवैध तरीके से नेपाल से भारत लाई जा रही 50 हजार इंडियन करेंसी के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जवानों युवक को इंडियन करेंसी और मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार कर सीमा शुल्क कार्यालय ककरहवा के सुपुर्द कर दिया है। कमांडिंग अधिकारी आरके डोगरा ने बताया कि चेक पोस्ट पर तैनात मुख्य आरक्षी सीता राम ओरांव के नेतृत्व में मुख्य आरक्षी राकेश रामचैरी, आरक्षी अनिल पटेल और आरक्षी महेश के द्वारा चेक पोस्ट के रास्ते आने-जाने वाले लोगों की गहन रूप से तलाशी ली जा रही थी। इसी क्रम में चेक पोस्ट पर तैनात जवानों ने देखा कि एक व्यक्ति मोटरसाईकल से नेपाल से भारत में प्रवेश करने के लिए चेक पोस्ट के समीप पहुंचा है। जवानों ने व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली, जिसमें उसके पास से इंडियन करेंसी मिली। पूछताछ में उसने अपना नाम मो. अयूब (33) जिला सिद्धार्थनगर बताया। पैसों की गिनती की गई तो कुल 50,000 इंडियन करेंसी मिली। युवक के पास से प्राप्त करेंसी से सम्बंधित कोई वैध कागजात नहीं थे और न ही इन पैसों से सम्बंधित कोई संतोषजनक जानकारी वह दे पाया।

### पानी भरने के विवाद में पिता-पुत्री को पीटा

महोबा। महोबा में पानी भरने को लेकर विवाद के मामले कोई नए नही है। एक बार फिर सरकारी हैंडपंप से पहले पानी भरने को लेकर मारपीट का मामला समाने आया है। जनपद के अजनर थाना क्षेत्र अंतर्गत धौर्रा गांव की यह घटना है। जहां पहले पानी भरने को लेकर हुआ विवाद मारपीट में तब्दील हो गया। बताया जाता है कि धौर्या गांव निवासी कालू की दो पुत्रियां सरकारी हैंडपंप में पानी भरने गई थी। जहां गांव में ही रहने वाली कमला, हेमा, रूपा से विवाद हो गया। पहले पानी भरने को लेकर हुए विवाद में दोनों ही पक्षों के बीच कहासुनी और गाली गलौच हो गई। कालू की पत्नी रामकली बताती हैं कि इस विवाद के बाद उसकी पुत्री कल्पना अपनी बहन के साथ घर वापस आ गई। उसे नहीं पता था कि मामूली पानी भरने के विवाद में दबंग लड़ने पर फिर आमादा हो जायेगा। बताया जाता है कि दोबारा जब कल्पना अपनी बहन के साथ हैंडपंप में पानी भरने गई तो पहले से ही विवाद पर उतारू कमली अपने पति मुन्ना और उनकी पुत्रियों हेमा, रूपा अन्य लोगों ने लड़की के साथ मारपीट शुरू कर दी। बड़ी बहन के साथ मारपीट देख छोटी बहन भागकर घर पहुंची। तब तक पीड़िता के साथ मारपीट दबंग करते रहे। यहीं नही आरोप है कि घर वापस लौट रहे पीड़ित लड़की के पिता कालू को रास्ते में रोककर भी मारपीट की गई। इस मामले में स्थानीय पुलिस में शिकायत की मगर पुलिस ने पीड़ित पक्ष सहित आरोपियों पर शांति भंग की कार्यवाही की।

### बुलंदशहर में मनाई गई लौह पुरुष की जयंती

बुलंदशहर। बुलंदशहर कोतवाली में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उनकी जयंती मनाई गई। कोतवाली प्रभारी प्रताप सिंह ने पुलिस कर्मियों को ईमानदारी से सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए शपथ दिलाई। वहीं, भाजपा के नगर अध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने बताया कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती देश में राष्ट्रीय एकता दिवस के तौर पर मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल आजाद भारत के पहले उप प्रधानमंत्री थे। देश की आजादी में सरदार बल्लभ भाई पटेल ने अभूतपूर्व योगदान दिया। अंग्रेजो की गुलामी से आजाद हुए भारत में सरदार वल्लभ भाई पटेल को देश के पहले प्रधानमंत्री के तौर पर देखा जाने लगा था। कांग्रेस में लगभग सभी चाहते थे कि सरदार पटेल प्रधानमंत्री बने लेकिन महात्मा गांधी के कहने मात्र से उन्होंने प्रधानमंत्री बनने की रेस से अपना नाम वापस ले लिया। इसी लौह पुरुष ने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को भारत और चीन के रिश्ते पर पहले से आगाह किया था। इस मौके पर नगर अध्यक्ष दिनेश पालीवाल, घनश्याम सैनी, शेखर सैनी, सोवेंद्र, मूलचंद, पवन रावत, सुसील मास्टर जी, सोनू सैनी, विकास शर्मा, दीपक गोयल सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। गुलावठी में भी सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई।

### आजम खान से मिले सपा नेता

सीतापुर। सीतापुर जेल में बंद आजम खां से माह के अंतिम दिन रामपुर के पूर्व सपा जिलाध्यक्ष ने मुलाकात की है। सपा जिलाध्यक्ष के साथ रामपुर सदर नगर पालिका की पूर्व महिला चेयरमैन ने भी जेल में मुलाकात कर उनका हाल जाना है। जेल में करीब 2 घण्टे तक आज़म से दोनों लोगों ने मुलाकात की है। जेल मैनुअल के अनुसार ऑनलाइन पंजीकरण के बाद ही जेल में आजम से मुलाकात हुई। गौरतलब है कि आज़म खां, पत्नी तंजीम फातिमा और बेटे अब्दुल्ला को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में रामपुर कोर्ट ने 7-7 साल की सजा सुनाते हुए जुर्माना भी लगाया था। रामपुर जेल में तीन दिनों तक रहने के बाद आजम खां को प्रशासन ने सुरक्षा कारणों के चलते सीतापुर जेल में शिफ्ट कर दिया था। सीतापुर जेल में पहली मुलाकात बेटे अदीब और पूर्व महोली विधायक अनूप गुप्ता सहित सीतापुर जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव के साथ की थी। दूसरी मुलाकात करने पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को बैरंग ही वापस लौटना पड़ा था। जेल में बंद आजम खां से रामपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमेंद्र सिंह चौहान और रामपुर सदर नगर पालिका की पूर्व चेयरमैन फातिमा जबी ने जेल में करीब 2 घण्टों तक मुलाकात की है। जेल से निकलने के बाद मीडिया से बातचीत किये बगैर ही दोनों लोग वापस रामपुर रवाना हो गए। जेल मैनुअल के अनुसार दोनों व्यक्तियों ने सुबह 10 बजे ऑनलाइन पंजीकरण कराकर 12 बजे जेल में दाखिल होकर आज़म से मुलाकात की है।

# जौहर ट्रस्ट से वापस ली जाएगी जमीन

## रामपुर में माध्यमिक शिक्षा विभाग की लीज पर दी गई जमीन वापस लेने के प्रस्ताव पर लगी मुहर



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में कई अहम प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई है। इनमें सबसे अहम निर्णय रामपुर में मौलाना मोहम्मद जौहर ट्रस्ट को माध्यमिक शिक्षा विभाग की लीज पर दी गई मुर्तजा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के भवन व भूमि को वापस लेने से संबंधित रहा। योगी सरकार ने इस प्रस्ताव पर अपनी मुहर लगाई। इन निर्णय के तहत जौहर ट्रस्ट द्वारा 30 वर्षों के लिए सरकार से लीज पर मिली जमीन की शर्तों का पालन नहीं किया गया। ऐसे में योगी सरकार ने ट्रस्ट से जमीन वापस लेने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि सपा सरकार ने 2007 में शर्तों की अनदेखी करके इस जमीन को जौहर ट्रस्ट को मात्र 100 रुपए सालाना किराए पर दिया था।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि रामपुर में मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट को यह जमीन 30 वर्ष के लिए मात्र 100 रुपए वार्षिक की दर से पट्टे पर दिया गया था। अब इस जमीन को वापस लेने का निर्णय लिया गया है। जौहर ट्रस्ट को दी गई भूमि से संबंधित पट्टा विलेख की शर्तों के उल्लंघन के संबंध में जिलाधिकारी रामपुर ने 4 सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। इस समिति ने जांच के बाद शासन को जो आख्या भेजी थी, उस पर विचार करने के बाद भूमि और भवन को वापस लेने का निर्णय लिया गया है। 41181 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाली इस भूमि का स्वामित्व राज्य सरकार (माध्यमिक शिक्षा विभाग) में निहित किया गया है।

### सपा सरकार ने मात्र 100 रुपए वार्षिक रेंट पर दे दी थी जमीन

2007 में सपा के शासनकाल में रामपुर के मुर्तजा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्थापित जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी रामपुर के कार्यालय को मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट को 30 वर्ष की अवधि के लिए पट्टे पर दे दिया था।

इसके लिए 100 रुपए वार्षिक प्रीमियम की दर से पट्टे पर दिए जाने के लिए प्रस्ताव के स्थान पर गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट के प्राविधानानुसार मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट रामपुर को 30 वर्ष की अवधि के लिए 100 रुपए वार्षिक रेंट की दर से पट्टे पर दिए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी।

### योगी कैबिनेट ने एफडीआई पॉलिसी को दी मंजूरी

उत्तर प्रदेश में विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए योगी सरकार ने फॉरेन डायरेक्ट इनवेस्टमेंट (एफडीआई) पॉलिसी को मंजूरी दी है। इसके तहत लैंड परचेज, स्टांप ड्यूटी और कैपिटल इनवेस्टमेंट में छूट मिलेगी।

साथ ही एफडीआई के माध्यम से यदि कोई उद्यम प्रदेश के युवाओं को ट्रेन्ड करता है तो उस पर भी उसे सरकार विशेष प्रोत्साहन प्रदान करेगी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि एफडीआई के माध्यम से उत्तर प्रदेश में जो निवेश आता था वो बहुत कम था। अन्य राज्यों की तुलना में यह केवल 9435 करोड़ रुपए था।

# निपुण असेसमेंट टेस्ट में 31 लाख से ज्यादा छात्र ए प्लस कैटेगरी में

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बच्चों को निपुण बनाने में जुटी योगी सरकार की कोशिशें रंग ला रही हैं।

प्रदेश के परिषदीय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की शिक्षा का स्तर जांचने के लिए कराए गए निपुण असेस्टमेंट टेस्ट (नैट) में यूं तो सभी 75 जिलों ने अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन ए प्लस कैटेगरी हासिल करने वाले जिलों में प्रतिशत के हिसाब से गौतम बुद्धनगर, वाराणसी, कन्नौज और अंबेडकरनगर जैसे जिलों ने खास सफलता हासिल की है।

ए प्लस कैटेगरी वो है जिसमें छात्र 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करते हैं।

इसके तहत कक्षा एक से 3 तक के छात्रों के निपुण असेसमेंट टेस्ट में गौतमबुद्धनगर में सर्वाधिक 49.90 प्रतिशत छात्रों ने ए प्लस कैटेगरी हासिल की है तो वहीं कक्षा 4 से 8 में अंबेडकरनगर में सर्वाधिक 33.98 प्रतिशत छात्र ए प्लस कैटेगरी प्राप्त करने में सफल रहे हैं। बेसिक शिक्षा विभाग ने सोमवार को नैट का परिणाम घोषित किया है। इसके अनुसार कक्षा 1 से 3 और कक्षा 4 से 8 में 31 लाख से ज्यादा छात्रों ने ए प्लस कैटेगरी में जगह बनाई है।

टेस्ट में जो बच्चे अब भी कमजोर पाए गए हैं, उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं।

जारी किए गए परिणामों के अनुसार कक्षा 1 से 3 तक के छात्रों का ए प्लस कैटेगरी में प्रतिशत के हिसाब से सबसे अच्छा प्रदर्शन गौतमबुद्धनगर का रहा है, जहां 49.90 प्रतिशत बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। दूसरे स्थान पर वाराणसी (48.97 प्रतिशत), तीसरे पर कन्नौज (43.09 प्रतिशत), चौथे पर अंबेडकरनगर (42.47 प्रतिशत) और पांचवें पर जौनपुर (41.82 प्रतिशत) रहा है।

# सहारनपुर में गन्ना किसानो को 358 करोड़ का भुगतान



सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर मण्डल में बजाज समूह की चीनी मिलो द्वारा 358 करोड़ रुपये के गन्ने का भुगतान किसानो को कर दिया गया है।

मण्डलायुक्त डॉ ह्रषिकेश भास्कर यशोद ने मंगलवार को बताया कि भैसाना, गांगनौली एवं थानाभवन पर पेराई सत्र 2022-23 का गन्ना बकाया मूल्य भुगतान के लिये बैठक कर जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया जिसके परिणाम स्वरूप 30 अक्टूबर को चीनी मिल, भैसाना (बुढाना) द्वारा 114 करोड़, गांगनौली द्वारा 101 करोड़ एवं थानाभवन द्वारा 143 करोड़ रुपया का एकमुश्त भुगतान कर दिया गया है। जिसे सहकारी गन्ना विकास समितियों के माध्यम से गन्ना कृषकों के बैंक खातों में भेजा जा चुका है। उप गन्ना आयुक्त ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि चीनी मिलों एवं सहकारी गन्ना समितियों के 78780 कृषक लाभांवित हुये हैं। चीनी मिल, भैसाना (बुढाना) के 26201, गांगनौली के 22136 एवं थानाभवन के 30443 कृषकों के हित में यह कदम अत्यन्त लाभकारी होगा तथा किसान शरदकालीन एवं रबी की बुआई आदि बेहतर ढंग से कर पायेंगे। विगत कई वर्षों से बजाज समूह की चीनी मिलों पर बकाया चल रहा था जिसे दबाव बनाकर यह भुगतान कराया गया है।

### पीडीए यात्रा के दौरान छात्र नेता की मौत

लखनऊ । समाजवादी पार्टी (सपा) की पीडीए यात्रा में शामिल पार्टी के एक वरिष्ठ छात्र नेता की सोमवार को हृदयाघात के कारण मौत हो गयी। दरअसल, सपा ने पिछड़े,दलित और अल्पसंख्यक की एकजुटता दर्शाने के लिये पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से जनेश्वर मिश्र पार्क तक जाने वाली पीडीए साइकिल यात्रा का आयोजन किया था जिसमें बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस यात्रा में केकेसी छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य रविभूषण यादव राजन भी शामिल हुये थे। यात्रा के बीच में उन्होने सीने में दर्द की शिकायत की और मूर्छित हो गये। सपा कार्यकर्ताओं ने उन्हे मेदांता अस्पताल पहुंचाया जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी। पार्टी के प्रवक्ता डा आशुतोष वर्मा ने बताया कि रविभूषण को दिल का दौरा पड़ा था।

# मेरा भी फोन हैक किया गया, जांच कराए सरकार : अखिलेश



लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि सरकार को वरिष्ठ नेताओं के मोबाइल फोन हैक और जासूसी के आरोपों की जांच करानी चाहिए और बताना चाहिए कि ऐसा क्यों किया जा रहा है।

पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में श्री यादव ने कहा मुझे एप्पल कंपनी से मैसेज मिला कि आपका फोन हैक किया जा रहा है। यह बहुत अफसोस की बात है कि सत्ता के इशारे पर वरिष्ठ नेताओं के फोन राज्य की एजेन्सियां हैक कर रहीं हैं।

उन्होंने कहा, वे लोकतंत्र में आपकी आजादी और निजता क्यों छीनना चाहते हैं। यह जासूसी क्यों और वह भी इस हद तक कि बड़े नेताओं के फोन सर्विलांस पर लिए जा रहे हैं। लोकतंत्र में ऐसी किसी चीज के लिए कोई जगह नहीं है।

सरकार को जांच करानी चाहिए और बताना चाहिए कि ऐसा क्यों हो रहा है। यादव ने कहा फोन हैंकिंग के शिकार विभिन्न राजनीतिक दलों के कई वरिष्ठ नेता हैं मगर सत्ता में बैठे लोगों को पता होना चाहिये कि जब जनता आपके खिलाफ हो तो यह जासूसी क्या कर लेगी। मेरा मानना है कि यह निगरानी, दूसरों के फोन हैक करना, इसके लिए विशेषज्ञों को नियुक्त करना और अन्य देशों से मदद लेना, यह उन लोगों द्वारा किया जा रहा है जिन्हें लोकतंत्र पसंद नहीं है। वे भारत की स्वतंत्रता और आंतरिक सुरक्षा में सेंध लगा रहे हैं।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि अगर ऐसी बातें सामने आ रही हैं तो सरकार को जांच कर सच्चाई बतानी चाहिए। क्या होगा जब सभी एजेंसियां राजनीतिक नेताओं का पीछा करना शुरू कर देंगी, जैसे ईडी ने अरविंद केजरीवाल को नोटिस जारी किया है।

# बहराइच में सड़क हादसे में तीन मरे, पांच घायल




बहराइच। उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र में पिकअप वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार दंपत्ति और उनकी मासूम बेटी की मौत हो गयी जबकि पांच अन्य बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये।

पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत काजीजोत अकेलवा बाजार निवासी दुर्गेश बीती देर रात बाइक से पत्नी शकुंतला और छह बच्चों को बैठाकर ससुराल कनेहरा जा रहा था। कोतवाली देहात अंतर्गत नानपारा बाईपास सब्जी मंडी के पास त्रिमुहानी रोड पर रात करीब 11 बजे पिकअप ने बाइक में ठोकर मार दी।

इस हादसे में पति और पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक सवार छह बच्चे लक्ष्मी (12), कोमल (8), मनीषा (6), सजल (10), शिवांगी (4) और रागिनी (4 माह) घायल हो गए। हादसे की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल बच्चों को तत्काल एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने रागिनी और सजल को लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में रागिनी की मौत हो गई।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि एक बाइक पर आठ लोग सवार थे। हादसे में दंपती और बेटी की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# शाहजहांपुर में दलित किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद क्षेत्र में फसल की रखवाली कर रही एक दलित नाबालिग के साथ गांव के ही तीन युवकों ने कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म किया है। पुलिस आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संजीव कुमार बाजपेई ने मंगलवार को यूनीवार्ता को बताया कि क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी सोमवार रात घर के पास खेत में लगी फसल की रखवाली कर रही थी कि गांव के ही वीरभान, प्रमोद तथा सोने लाल पहुंच गए और उसे उठाकर यूकेलिप्टस के बाग में ले गए। इसके बाद आरोपियों ने नाबालिग के साथ दुराचार किया।

# आजमगढ़ में चेक बाउंस होने पर 6 लाख जुर्माना

**आजमगढ़।** आजमगढ़ की अदालत ने चेक बाउंस के मुकदमे में सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने एक आरोपी को एक वर्ष के कारावास तथा छ लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माने की यह राशि परिवादी को दी जाएगी। फैसला फास्ट ट्रैक कोर्ट सीनियर डिवीजन देवेंद्र प्रताप सिंह ने सुनाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार आरोपी राममिलन गुप्ता निवासी मिल्कीपुर थाना पवई घर बनवा रहे थे। घर बनवाने में राम मिलन को रुपए की जरूरत आ पड़ी। तब राम मिलन ने विश्वनाथ पांडेय निवासी भरचकिया थाना पवई से उधार में रुपए की मांग की। विश्वनाथ पांडे यानी विश्वास करके राममिलन को चार लाख रुपए दे दिया। जब विश्वनाथ पांडेय ने राममिलन से अपने उधर रूपों की मांग की। तब दिसंबर 2020 में राम मिलन ने चार लाख रुपए का चेक विश्वनाथ पांडेय को दिया। राममिलन के उक्त चेक को जब विश्वनाथ पांडेय ने बैंक में जमा किया तब बैंक ने बताया कि राममिलन के खाते में चेक में भरी गई राशि उपलब्ध नहीं है। विश्वनाथ पांडेय ने राममिलन को इस संबंध में कई बार आग्रह किया कि वह उनके रुपए वापस कर दें लेकिन राममिलन ने कोई जवाब नहीं दिया।

### बुलंदशहर में चार वाहन चोर गिरफ्तार

बुलन्दशहर। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के अनूपशहर क्षेत्र में पुलिस ने मंगलवार को वाहन चोर गिरोह के चार शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि जिले में अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज अनूपशहर पुलिस ने एक अभिसूचना के आधार पर सहकारी सोसाइटी के पास से चार शातिर वाहन चोरो को चोरी की एक कटी हुई मोटरसाइकिल के पार्ट्स सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान लोकेश एवं आशु निवासी ग्राम बोढ़ा थाना अहमदगढ़, प्रदीप निवासी हरचंदपुर थाना अहमदगढ़ एवं एक बाल अपचारी के रूप में की गयी है।

# सपा कार्यकर्ता की अपहरण के बाद हत्या

## गंगा में उतराता मिला शव, 3 दिन पहले पंपिंग सेट से उठाकर ले गए थे दोस्त

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ में एक सपा कार्यकर्ता की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई। आज उसका शव पड़ा मिला। जबकि भतीजे के अपहरण की तहरीर लेकर थाने गई बुआ की भी संदिग्ध हालातों में मौत हो गई। बुआ का शव सोमवार की शाम को मिला था। बताया जाता है कि सपा कार्यकर्ता का पैसों के लेने देन को लेकर दोस्तों से विवाद चल रहा था। जिसके चलते हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने मामले में 4 लोगों को हिरासत में लिया है। बुआ भतीजे के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पूरा मामला नगर कोतवाली के भगेसरा गांव का है। गांव के निवासी सपा कार्यकर्ता दीपक यादव को रविवार रात बोलेरो सवार गाड़ी से आए बदमाशों ने पंपिंग सेट के पास से अपहरण कर लिया था। इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस दो दिन से उसकी तलाश में जुटी रही लेकिन कुछ पता नहीं चला। तभी आज उसकी लाश सांगीपुर थाना क्षेत्र में गंगा नदी में उतराता मिला। जिसे देख परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया।

इधर, रविवार को भतीजे के गायब होने की सूचना नगर कोतवाली में देने आई उसकी बुआ की भी संदिग्ध परिस्थितियों में तहसील गेट के पास शव मिला था। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और सपा कार्यकर्ता की तलाश में जुटी थी। तभी आज दोपहर को दीपक का भी शव गंगा नदी में उतराता मिला।

### जौनपुर के दोस्तों से था विवाद

शव मिलने की सूचना पर पुलिस में हड़कंप मच गया। आनन फानन में पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया।

सपा कार्यकर्ता दीपक के परिजनों ने बताया कि उसका जौनपुर जिले के कुछ दोस्तों से पैसों के लेनदेन का विवाद चल रहा था। जिन्होंने उसका अपहरण किया और हत्या कर लाश गंगा नदी में फेंक दी।

# पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को किया गिरफ्तार

## पुलिस ने चोरी की 6 बाइक के साथ एक तमंचा दो जिंदा कारतूस बरामद



बागपत। बागपत की बिनोली पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान 2 अंतर राज्य वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से अलग-अलग स्थान से चोरी किए गए 6 वाहन बरामद किए हैं। वही गिरफ्तार अभियुक्तों से एक तमंचा दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस के अन्य साथियों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार यह अलग-अलग स्थान से वाहन चोरी कर बेच दिया करते थे काफी समय से पुलिस उनकी तलाश में लगी थी।

पुरा मामला बिनौली मुखबिर की सूचना पर चेकिंग अभियान चलाते हुए बरनावा गांव के समीप से 2 अंतर राज्य वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से अलग-अलग स्थान से चोरी किए गए 6 मोटरसाइकिल एक तमंचे और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। गिरफ्तार अभियुक्त विवेक निवासी बिनोली इरफान निवासी बिनोली को गिरफ्तार किया है। यह लोग हरियाणा दिल्ली मुजफ्फरनगर शामली वन्य जनपदों में वाहन चोरी के घरों में शामिल होकर वाहन चोरी करते थे। उनके कब्जे से चोरी किए गए छः वहां भी बरामद हुए हैं।

### पुलिस इनके अन्य साथियों की तलाश कर रही

गिरफ्तार अभियुक्त इरफान पर पूर्व में तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। वही गिरफ्तार अभियुक्त विवेक पर पूर्व में एक आपराधिक मामला दर्ज है। फिलहाल पुलिस इनके अन्य साथियों की तलाश कर रही है। बिनौली थाना प्रभारी एमपी सिंह ने बताया की चेकिंग अभियान के दौरान दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार करते हुए चोरी की 6 बाइक बरामद हुई है।

### सेल्समैन को लूटने वाले तीन लुटेरे दबोचे

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में शराब के सेल्समैन से दिन दहाड़े लूट करने वाले तीन लुटेरों को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने लूटा गया एडिडास का बैग और 51 हजार रुपए भी बरामद कर लिए हैं। गांधीपार्क पुलिस ने क्रिमिनल इंटेलीजेंस विंग के साथ मिलकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था और मामले की जांच कर रही थी। जिसके बाद पुलिस को तीनों का सुराग मिला था। तीनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेजा जा रहा है। सासनीगेट चौराहा स्थित शराब की दुकान का सेल्समैन 26 अक्टूबर को देर रात लगभग 10: 30 बजे अपने साथी के साथ दुकान बंद करके जा रहा था। उसके साथ दुकान में बिकने वाली शराब का पूरे दिन का कैश था, जो उसने एडिडास के बैग में रख रखा था। सेल्समैन छर्रा अड्डा पुल के ऊपर पहुंचा ही था, कि पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने उनका बैग छीन लिया था और मौके से फरार हो गए थे। जिसके बाद पीड़ित सेल्समैन ने 112 नंबर पर सूचना दी थी और फिर गांधीपार्क थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद से ही पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। सेल्समैन की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। गांधीपार्क पुलिस के साथ क्रिमिनल इंटेलीजेंस विंग की टीम भी इस मामले की जांच में जुट गई थी और आसपास के सारे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए थे। सीसीटीवी व अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान हुई।

## शार्ट न्यूज

### वर्ल्डलाइन ने इन-स्टोर भुगतान सुविधा के लिए पेश किया एंड्रॉइड पीओएस एप

मुंबई। भुगतान सेवा क्षेत्र की वैश्विक कंपनी वर्ल्डलाइन ने भारत में इन-स्टोर भुगतान के अपने व्यवसाय का विस्तार करने के लिए डायरेक्ट एक्वायरिंग (दुकानदार द्वारा कार्ड से स्वीकृत भुगतान की वसूली) के व्यवसाय में प्रवेश की मंगलवार को घोषणा की। कंपनी ने इसके लिए अपनी रणनीति के एक कदम के तहत एंड्रॉइड पीओएस के लिए एक स्मार्ट बिजनेस एप्लिकेशन (बॉस) बिजनेस का वन स्टॉप शॉप जारी किया। वार्ल्डलाइन का कहना है कि नया एप्लिकेशन व्यापारियों को कार्ड भुगतान की राशि की वसूली की सुविधा के साथ व्यवसाय के विस्तार के लिए अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान करेगा। भारत में वर्ल्डलाइन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रमेश नरसिम्हन ने एक ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा , कोई भी व्यवसाय मालिक कारोबार के हर विभाग का प्रबंध करने के कारण बहुत व्यस्त हो सकता है। उसे प्रति दिन खरीद, इन्वेंट्री प्रबंधन, बिलिंग, भुगतान और उससे भी बढ़ कर ग्राहकों तक का ध्यान रखना होता है। पिछले कुछ वर्षों से ऐसे कारोबारियों के पे-टेक भागीदार के रूप में काम करते हुए हमें उनकी इन चुनौतियों को चुनौतियों को समझने का अनुभव प्राप्त हुआ है। पीएसओ टर्मिनलों पर उपलब्ध हमारा ऐंड्राइड बॉस एप्लिकेशन सभी समस्याओं का उत्तर है।

### सितंबर तक कुल व्यय 21.19 लाख करोड़

नयी दिल्ली । चालू वित्त वर्ष में सितंबर तक सरकार की कुल राजस्व प्राप्तियां 1417278 करोड़ रुपये रही है जबकि कुल व्यय 2119139 करोड़ रुपये रहा है। वित्त मंत्रालय ने आज जारी बयान में कहा कि सितंबर तक कुल प्राप्त राजस्व बजट अनुमान का 52.2 प्रतिशत रहा है जबकि कुल व्यय बजट अनुमान का 47.1 प्रतिशत रहा है। कुल व्यय में 1628511 करोड़ रुपये राजस्व व्यय रहा है जबकि 490628 करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय रहा है। इस दौरान राजस्व व्यय में से 484329 करोड़ रुपये का ब्याज भुगतान किया गया है जबकि 206396 करोड़ रुपये सब्सिडी व्यय में गया है। कुल प्राप्त राजस्व में कर राजस्व 1160340 करोड़ रुपये रहा है जबकि गैर कर राजस्व 236772 करोड़ रुपये राह है। गैर ऋण पूंजीगत प्राप्तियां 20166 करोड़ रुपये रहा है। केन्द्र सरकार ने इस दौरान राज्यों को कर में हिस्सेदारी के तौर पर 455444 करोड़ रुपये का हस्तातंरण किया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि से 79338 करोड़ रुपये अधिक है।

### स्ट्रॉक्चर, एनलाइट और सुपर बोल्टर शीर्ष प्रॉपटेक स्टार्टअप विजेता

नयी दिल्ली। रियल ऐस्टेट कंसल्टिंग कंपनी सीबीआरई साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड ने भारत के सबसे बड़े प्रॉपटेक चैलेंज 'डिसरपटेक 2.0' के दूसरे संस्करण के विजेताओं की आज घोषणा की जिसमें दिल्ली की स्ट्रॉक्चर विजेता बन कर उभरी, जबकि मुंबई में एनलाइट और बेंगलुरु की सुपरबोल्टर पहली व दूसरी उपविजेता रहीं। कंपनी ने इस चैलेंज का आयोजन नैस्कॉम स्टार्टअप्स के सहयोग से किया। यह आयोजन इनोवेशन, उद्यमिता और जज्बे का एक अद्भुत प्रदर्शन रहा और यहां पर ऐसे क्रांतिकारी समाधान प्रस्तुत किए गए जो भारतीय रियल ऐस्टेट इंडस्ट्री के भविष्य को नए आयाम प्रदान करने को तैयार हैं। इंडस्ट्री के अनुभवी एवं विशेषज्ञ पेशेवरों ने टॉप 11 फाइनलिस्टों की समीक्षा की जिनमें से शीर्ष 3 विजेताओं को सीबीआरई के भारत, दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य पूर्व व अफ्रीका के अध्यक्ष एवं सीईओ अंशुमान मैगज़ीन ने सम्मानित किया। स्ट्रॉक्चर ईको अनुसंधान-चालित बायोमैटेरियल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी है जो फंक्शनल मैटेरियल बनाती है, जो ज्यादा इंसुलेटिड और 100 प्रतिशत कार्बन निगेटिव भवन निर्माण सामग्री होती है। इन्हें वेस्ट फाइबरों से बनाया जाता है जो कि उत्पाद निर्माण हेतु कच्चे माल का प्रमुख स्त्रोत हैं। एनलाइट ने दुनिया के पहले क्लाउड नेटिव वायरलैस बिल्डिंग मैनेजमेंट सिस्टम: नो योर बिल्डिंग (टीएम) की रचना की है।

### पायलट्स के नौकरी बदलने के मामले में एयर इंडिया सीईओ ने आकासा के सीईओ को लिखा था पत्र

नई दिल्ली ।दो भारतीय विमानन कंपनियों एयर इंडिया और अकासा एयर के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के बीच पायलटों के मसले पर मतभेद चल रहा है। अकासा एयर के सीईओ ने एयर इंडिया पर अपने पायलटों को लुभाकर नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। इसके जवाब में एयर इंडिया ने चिंता जताई है कि ऐसा करना पायलटों को नौकरी बदलने से रोकने के लिए मिलीभगत का सुझाव देकर प्रतिस्पर्धा कानूनों का संभावित रूप से उल्लंघन हो सकता है। पायलटों के मामले में एयर इंडिया ने अकासा एयर से कहा कि नियोक्ता को बदलने के कर्मचारियों के अधिकारों को सीमित करने के लिए किसी प्रतिस्पर्धी को सांठगांठ करने की याचिका देना प्रतिस्पर्धा कानून का संभावित उल्लंघन हो सकता है। एयर इंडिया के सीईओ और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने अकासा एयर के सीईओ विनय दुबे को एक पत्र लिखा था। दुबे द्वारा 11 सितंबर को टाटा संस को लिखे गए पत्र के बाद 21 सितंबर को यह पत्र लिखा गया था। दुबे और विल्सन ने एक कॉल पर बात भी की थी। विल्सन ने दो पन्नों के पत्र में एयर इंडिया एक्सप्रेस पर सीएआर का उल्लंघन करने के आरोपों के बारे में कहा कि सीएआर अदालतों के समक्ष है और डीजीसीए ने यह विचार व्यक्त किया था कि संबंधित प्रावधान वर्तमान में उन कार्यवाहियों में आदेशों के परिणामस्वरूप लागू करने योग्य नहीं है।

### 538 करोड़ की ऋण धोखाधड़ी मामले में नरेश गोयल और पांच अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केनरा बैंक में 538 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के मामले में जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल और पांच अन्य के खिलाफ मंगलवार को आरोपपत्र दायर किया। गोयल को ईडी ने एक सितंबर को धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में मुंबई के आर्थर रोड जेल में है। मामले से जुड़े एक वकील ने बताया कि गोयल और अन्य के खिलाफ यहां एक अदालत में आरोपपत्र दायर किया गया है, जिस पर बुधवार को संज्ञान लिए जाने की संभावना है। धन शोधन का यह मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से जेट एयरवेज, गोयल, उनकी पत्नी अनीता गोयल और कंपनी के कुछ पूर्व अधिकारियों के खिलाफ कथित धोखाधड़ी के मामले में दर्ज प्राथमिकी से सामने आया है। बैंक की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उसने जेट एयरवेज (इंडिया) लिमिटेड को 848.86 करोड़ रुपये का ऋण दिया था जिसमें से 538.62 करोड़ रुपये बकाया थे। इससे पहले रिमांड पर सुनवाई के दौरान जांच एजेंसी ने कहा था कि जेट एयरवेज के संस्थापक ने विदेश में विभिन्न ट्रस्ट बनाकर भारत से विदेशों में धन की हेराफेरी की। जांच में पता चला कि आरोपी ने विदेश में कई ट्रस्ट बनाए हैं और उन ट्रस्टों के माध्यम से उसने विभिन्न अचल संपत्तियां खरीदी हैं।

### ऊर्जा संचरण में तेजी के लिए सीओपी28 में सभी प्रतिबद्धताओं को पूरा करेगा फ्रांस

नई दिल्ली। दुबई में वार्षिक संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता में फ्रांस की शीर्ष प्राथमिकता वैश्विक ऊर्जा संक्रमण में तेजी लाने के लिए सभी प्रतिबद्धताओं, विशेष रूप से वित्तीय प्रतिबद्धताओं का समर्थन करना होगा। अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) की छठी सभा को संबोधित करते हुए फ्रांस के विकास राज्य मंत्री क्रिसौला जचारोपोलू ने कहा कि जलवायु संकट कई गुना बढ़ रहा है और यह महत्वपूर्ण है कि देश सतत विकास के लिए 2030 एजेंडा और पेरिस समझौते के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए सभी मोर्चों पर प्रयास करें। उन्होंने कहा, सीओपी में, फ्रांस की प्राथमिकताओं में से एक वैश्विक ऊर्जा संक्रमण में तेजी लाने के लिए सभी प्रतिबद्धताओं-विशेष रूप से वित्तीय-का समर्थन करना होगा। भारत और फ्रांस ने पेरिस में 2015 संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में संयुक्त रूप से आईएसए का शुभारंभ किया था। अंतर-सरकारी संगठन अपने सदस्य देशों की ऊर्जा जरूरतों और चुनौतियों को संबोधित करने और कई प्रमुख हस्तक्षेपों के माध्यम से सौर ऊर्जा को बढ़ाने के लिए काम करता है।

# बारह समूहों में हुई बिकवाली के दबाव में शेयर बाजार की तेजी थमी

मुंबई । चीन के विनिर्माण पीएमआई में गिरावट के कारण एशियाई बाजार के कमजोर पड़ने से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, हेल्थकेयर, ऑटो और सर्विसेज समेत बारह समूहों में हुई बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार की पिछले दो दिन की तेजी थम गई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 237.72 अंक का गोता लगाकर 63874.93 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 61.30 अंक टूटकर 19079.60 अंक रह गया। वहीं दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 31,245.10 अंक और स्मॉलकैप 0.02 प्रतिशत बढ़कर 36,919.10 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3760 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1738 में बिकवाली जबकि 1902 में लिवाली हुई वहीं 120 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 23 कंपनियां गिरावट जबकि 26 तेजी पर रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

चीन का विनिर्माण पीएमआई इस वर्ष अक्टूबर में 50.02 से घटकर 49.5 रह गया, जिसका असर बाजार पर पड़ा। इससे बीएसई के 12 समूहों में बिकवाली हुई। इस दौरान ऊर्जा 0.43, वित्तीय सेवाएं 0.12, हेल्थकेयर 0.41, इंडिस्ट्रियल्स 0.16, आईटी 0.19, ऑटो 0.58, बैंकिंग 0.32, कैपिटल गुड्स 0.28, धातु 0.24, तेल एवं गैस 0.18, टेक 0.29 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.53 प्रतिशत उतर आई।



अंतरराष्ट्रीय बाजार में मिलजुला रुख रहा। इस दौरान हांगकांग का हैंगसेंग 1.69 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.09 प्रतिशत की गिरावट रही। वही, ब्रिटेन का एफटीएसई 0.39, जर्मनी का डैक्स 0.43 और जापान का निक्केई 0.53 प्रतिशत बढ़ गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 337 अंक की तूफानी तेजी के साथ 64,449.65 अंक पर खुला और लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 64,452.32 अंक के निचले स्तर तक गिर गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 63,812.53 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 64,112.65 अंक के मुकाबले 0.37 प्रतिशत उतरकर 63,874.93 अंक रह गया।

इसी तरह निफ्टी भी 92 अंक चढ़कर 19,232.95 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,233.70 के उच्चतम जबकि 19,056.45 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,140.90 अंक की तुलना में 0.32 प्रतिशत गिरकर 19,079.60 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही 14 कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा ने सबसे अधिक 2.59 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही सन फार्मा 2.39, भारती एयरटेल 1.18, आईसीआईसीआई बैंक 1.01, रिलायंस 0.99, एक्सिस बैंक 0.68, इंफोसिस 0.63, एचडीएफसी बैंक 0.55, आईटीसी 0.43, टाटा स्टील 0.34, टीसीएस 0.32, विप्रो 0.01 और मारुति के शेयर 0.01 प्रतिशत गिरे। वहीं, टाइटन 2.47, कोटक बैंक 1.17, एशियन पेंट 0.97, एचसीएल टेक 0.97, पावर ग्रिड 0.65, टेक महिंद्रा 0.63, नेस्ले इंडिया 0.58, एनटीपीसी 0.58, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.26, एलटी 0.09, एसबीआई 0.05 और टाटा मोटर्स के शेयरों ने 0.04 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

# बेंगलुरू टेक समिट 29 नवंबर से

नयी दिल्ली। बेंगलुरु टेक समिट (बीटीएस) के 26वें संस्करण का आयोजन इस वर्ष 29 नवंबर से एक दिसंबर तक किया जायेगा जिसमें 30 से ज्यादा देश, 400 से ज्यादा वक्ता, 75 से ज्यादा सत्र, 3000 से अधिक प्रतिनिधि, 2000 से अधिक स्टार्ट-अप और 600 से ज्यादा आयोजकों के शामिल होने की संभावना है।




इस प्रदर्शनी को देखने के लिए 50 हजार से ज्यादा दर्शकों के आने का अनुमान है। आयोजन की तैयारियों के सिलसिले में आज यहां उद्योग के हितधारकों ने कर्नाटक सरकार में आईटी, बीटी और आरडीपीआर मंत्री प्रियांक खड़गे के साथ एक खुली वार्ता का आयोजन किया। इसमें आईटी, डीपटेक, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर्स, टेलीकॉम, एनिमेशन, ईवी और गेमिंग जैसे कई क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख औद्योगिक संगठनों ने भाग लिया। इस विचार-विमर्श के दौरान 10 से ज्यादा देशों के ट्रेड मिशन और प्रमुख आरएंडडी संस्थान के प्रमुख मौजूद थे।

सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स के महानिदेशक अरविंद कुमार; कर्नाटक सरकार में इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी, बायोटेक्नोलॉजी, और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, विभाग में सचिव डॉ. एकरूप कौर ने बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया के निदेशक शैलेंद्र त्यागी; कर्नाटक के केआईटीएस के प्रबंध निदेशक, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, बीटी विभाग के निदेशक दर्शन एच.वी; बीटीएस के इवेंट क्यूरेटर एवं एमएम एक्टिव के कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश पाटनकर ने भी संबोधित किया।

बेंगलुरु टेक समिट 2023 में एक इवेंट स्पेक्ट्रम पेश किए जाएगा। इसमें आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स, डीप टेक, स्टार्टअप्स और बायोटेक पर मल्टी-ट्रैक कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। इसके अलावा इस समिट में अंतराष्ट्रीय प्रदर्शनी, ग्लोबल इनोवेशन अलायंस, भारत-अमेरिका टेक कॉन्क्लेव, इंडिया इनोवेशन अलायंस, आर एंड डी-लैब2 मार्केट, बी2बी मीटिंग का भी आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा बेंगलुरू टेक समिट में कई पुरस्कार भी दिए जाएंगे, जिसमें एसटीपीआई आईटी एक्सपोर्ट अवार्ड्स, स्मार्ट बायो अवार्ड्स और स्टार्टअप रिकग्शिन शामिल हैं। इसके अलावा इसमें रूरल आईटी क्विज, बायो क्विज और बायो पोस्टर भी होंगे।

आईटीई और डीपटेक ट्रैक में डिजिटल इंडिया का दुनिया भर में विस्तार होने, फिनटेक और वित्त व्यवस्था के विकेंद्रीयकरण, फ्यूचर मोबिलिटी, स्पेसटेक, भारत में जीसीसी पर फोकस, ईएसडीएम, 5जी, 6 जी और इससे आगे की तकनीक, टेक क्षेत्र में एआई की उपस्थिति, क्वॉन्टम कंप्यूटिंग तथा गेमिंग और ई-स्पोटर्स पर कुछ दिलचस्प सेशन होंगे।

बायोटेक ट्रैक बायोटेक सेक्टर का विशेष ट्रैक है। बायोटेक ट्रैक बायोटेक सेक्टर के लिए एक विशेष ट्रैक है जिसमें कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों जैसे, जीवाश्म कार्बन मुक्त भविष्य के लिए बायो टेक्नोलॉजी, सिंथेटिक बायोलॉजी, खाद्य और एग्री सिस्टम्स के स्थायित्व, भविष्य में होने वाली बीमारियों से बचाव, जैव विविधता और आयुष, महामारी को दूर रखने, बायोटेक में निवेश, कौशल विकास, नीति और नियामकों और आगे आने वाले भविष्य को ध्यान में कई सेशन आयोजित किए जाएंगे। स्टार्ट अप ट्रैक में डिजिटल पब्लिक गुड्स, आइडिया टु आईपीओ, इमर्जिंग टेक, फिनटेक, एग्रीटेक 4.0, भारत अपॉरच्युनिटी और स्टार्टअप इंडिया जैसे सेशन शामिल होंगे।

ग्लोबल इनोवेशन अलायंस (जीआईए) के पार्टनर देशों के प्रतिनिधिमंडलों के इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने की उम्मीद है। इस कॉन्फ्रेंस के जीआईए ट्रैक में करीब 17 सत्र होंगे, जो साझीदार देशों की ओर से आयोजित किए जाएंगे। इसमें ऑस्ट्रेलिया, फिनलैंड, नीदरलैंड्स, दक्षिण कोरिया, डेनमार्क, स्वीडन, ब्रिटेन, फ्रांस, इजराइल, पोलैंड, ऑस्ट्रिया, जर्मनी, जापान, स्विट्जरलैंड और लिथुआनिया और यूरोपीय यूनियन शामिल है।

इसके साथ ही अगले दो सालों में होने वाले इसके संस्करणों की तारीख की भी घोषणा कर दी गई है - 2024 और 2025 में यह इवेंट 19 से 21 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। अगले दो साल में होने वाले संस्करण की जल्दी घोषणा से अंतरराष्ट्रीय तकनीकी संगठनों को अपनी भागीदारी की पहले से योजना बनाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

## आईएसबी के बीआईपीपी ने उन्नत भारत डेटा पोर्टल 2.0 लॉन्च किया

हैदराबाद। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद स्थित इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) के भारती इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक पॉलिसी (बीआईपीपी) ने सोमवार को बड़े पैमाने पर संशोधित और तकनीकी रूप से उन्नत इंडिया डेटा पोर्टल (आईडीपी) 2.0 का अनावरण किया।

मंगलवार को जारी एक बयान में बताया गया कि यह पहल एक ओपन-सोर्स इकोसिस्टम का हिस्सा है और इसका उद्देश्य भारत में साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण को बढ़ावा देना है। इंडिया डेटा पोर्टल (आईडीपी) 2.0 को पत्रकारों, शोधकर्ताओं, छात्रों, नीति निर्माताओं और विभिन्न हितधारकों तक पहुंचने, सूचना, डेटा और ज्ञान की कल्पना के साथ सशक्त बनाने के लिए सोच-समझकर तैयार किया गया है। बयान में बताया गया कि 'विज़ुअलाइज़ेशन फ़र्स्ट अप्रोच' से इंडिया डेटा पोर्टल उपयोगकर्ताओं को 3,400 से अधिक संकेतकों की व्यापक श्रृंखला तक सहज पहुंच प्रदान करता है। ये संकेतक 25 विविध डोमेन में फैले 120 डेटासेट के भंडार से तैयार किए गए हैं, जिनमें जलवायु और मौसम, वाणिज्य, अपराध, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, वित्तीय समावेशन, मत्स्य पालन और पशुपालन, खाद्य और कृषि, वानिकी और वन्य जीवन, सामान्य सरकार शामिल हैं, लेकिन यह इतने तक में ही सीमित नहीं हैं। यह भविष्य में योजनाएं, स्वास्थ्य, पोषण, ग्रामीण विकास, सामाजिक-आर्थिक और केंद्रीय बजट को लेकर टासेट का विस्तार जारी रखेगा।

उल्लेखनीय है कि इंडिया डेटा पोर्टल 2.0 में एक अभिनव सुविधा शामिल है, जो उपयोगकर्ताओं को अपने डेटासेट अपलोड करने की अनुमति देती है। इससे उनके व्यक्तिगत अन्वेषण और विज़ुअलाइज़ेशन प्रयासों की गोपनीयता सुनिश्चित होती है। पोर्टल में तकनीकी सुधार हुए हैं, जिसमें माइक्रोसर्विसेज के नेटवर्क द्वारा समर्थित एक स्केलेबल और आसानी से बनाए रखने योग्य आर्किटेक्चर शामिल है। चर्चा का संचालन भारती इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक पॉलिसी के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर अश्विनी छत्रे ने किया। उन्होंने कहा, खुला डेटा परिदृश्य समय के साथ विकसित और परिवर्तित हो गया है। डेटा की पठनीयता में काफी सुधार हुआ है। यह गैर-मशीन-पठनीय प्रारूपों से कंप्यूटर दृष्टि और छवि विश्लेषण में परिवर्तित हो रहा है। सरकार अकेले खुले डेटा परिदृश्य के परिवर्तन को आगे नहीं बढ़ा सकती है। नई तकनीक के विकास में मांग और आपूर्ति के बीच अंतर को पाटने की क्षमता है। व्यापक डोमेन विशेषज्ञता वाले व्यक्तियों के नेतृत्व में पहल का उद्देश्य सभी के लाभ के लिए सरकारी डेटा तक पहुंच को सरल और व्यापक बनाना है।

## नीतिगत निश्चितता से भारत में निवेश के व्यापक अवसर : सीतारमण

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि सरकार कुशल जनशक्ति और उच्च डिजिटल तकनीक के साथ नीतिगत निश्चितता और राजनीतिक स्थिरता प्रदान करती है जिसके परिणामस्वरूप भारत में निवेश के व्यापक अवसर मिलते हैं।

सीतारमण ने यहां यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम के अध्यक्ष जॉन टी चैंबर्स के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान यह बात कही। बैठक के दौरान भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा की गयी। वैश्विक सुरक्षा, स्थिरता और आर्थिक समृद्धि में साझा हितों के आधार पर व्यापार और निवेश माहौल को बढ़ावा देने पर भी विचार विमर्श किया गया। सीतारमण ने इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा की गई विभिन्न पहलों पर प्रकाश डाला, जिन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था को अपनी पूरी क्षमता से विकास का समर्थन करने की नींव रखी है। उन्होंने पेरिस समझौते के अनुरूप जलवायु परिवर्तन से निपटेन में राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में भारत की सफलता का भी उल्लेख किया।

वित्त मंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेश के महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध हैं और सरकार ने बुनियादी ढांचे और राष्ट्रीय महत्व के अन्य क्षेत्रों में निवेश की सुविधा के लिए कई कदम उठाए हैं।

## उत्तर हरियाणा पॉवर डिस्कॉम ने बिजली की क्षतिपूर्ति छह वर्ष में आधा की

नयी दिल्ली। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) ने 2014-15 से 2020-21 के बीच अपने सकल तकनीकी और वाणिज्यिक (एटीएंडसी) घाटे का अनुपात 34 प्रतिशत से घटाकर 17 प्रतिशत तक कर लिया। यह जानकारी काउंसिल ऑन एनर्जी, इनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) की मंगलवार को जारी एक अध्ययन रिपोर्ट में दी गयी है।

बिजली वितरण कंपनियों के एटीएंडसी घाटे को उसकी वित्तीय सेहत का प्रतिबिंब माना जाता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2021-22 के लिए यूएचबीवीएन की बिजली की सकल हानि का स्तर और भी कम होकर 14 प्रतिशत पर आ गया, जबकि इसी दौरान अखिल भारतीय स्तर पर एटीएंडसी नुकसान सीमित हो होकर 16.43 प्रतिशत रहा।

समीक्षाधीन छह वर्षों में यूएचबीवीएन बिलिंग दक्षता लगभग 69 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 83 प्रतिशत पहुंच गई।

कंपनी ने उपभोक्ता कनेक्शनों की लगभग संपूर्ण मीटरिंग, उपभोक्ताओं तक समय पर बिजली बिल पहुंचाने के लिए एकीकृत बिलिंग डेटाबेस बनाने, और ज्यादा नुकसान वाले गांवों में 'म्हारा गांव जगमग गांव' जैसे कई विशेष प्रयासों से यह सुधार किया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2030 तक 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन से बिजली बनाने की उत्पादन क्षमता हासिल करने तथा और 2070 तक घरेलू अर्थव्यवस्था में कार्बन उत्सर्जन के स्तर में वृद्धि शून्य करने की प्रतिबद्धता पूरी करने के लिए डिस्कॉम का वित्तीय रूप से मजबूत होना बहुत आवश्यक है, लेकिन भारत के अधिकांश डिस्कॉम भारी नुकसान का सामना कर रहे हैं।

वित्त वर्ष 2020-21 में राष्ट्रीय स्तर पर एटीएंडसी घाटा 22.3 प्रतिशत था। इस रिपोर्ट में यूएचबीवीएन को एक केस स्टडी के तौर पर उपयोग किया गया है, जिसने राष्ट्रीय रुझानों की तुलना में काफी तेजी से अपनी हानियों को कम करने में सफलता पाई है। यूएचबीवीएन को वित्त वर्ष 2018-19 के बाद से शीर्ष 10 डिस्कॉम में स्थान मिल रहा है और यह राजस्व बचत कर रहे देश के सीमित संख्या के सरकारी डिस्कॉम में एक है। हालांकि, अभी कई चुनौतियां हैं, जिनको दूर करने की जरूरत है।

सीईईडब्ल्यू की वरिष्ठ प्रोग्राम लीड शालू अग्रवाल ने कहा, भारत पिछले दशक में सभी घरों तक विद्युतीकरण पहुंचाने के महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंचा।

इस दशक में लक्ष्य बिजली वितरण कंपनियों की सेहत को सुधारना और उन्हें डिजिटल बनाना होना चाहिए ताकि वे स्वच्छ, विश्वसनीय और सस्ती बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कर सके।

सीईईडब्ल्यू रिपोर्ट में कहा पाया गया है कि अब भी खास कर ग्रामीण क्षेत्रों में यूएचबीवीएन के बिल वितरण में देरी, मीटर रीडरों के लिए असमान कार्यभार और अपर्याप्त कमीशन जैसे मुद्दों को सुधारने की जरूरत है। बिजली चोरी का भी प्रचलन है, जिससे निपटना एक चुनौती है।

## वर्ल्ड फूड इंडिया में टेट्रा पैक देगा इनोवेटिव खाद्य एवं पेय पदार्थों का सॉल्युशन

नयी दिल्ली। राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान में तीन नंवबर से आयोजित हो रहे वर्ल्ड फूड इंडिया के दूसरे संस्करण में खाद्य एवं पेय उद्योग में अग्रणी एंड-टू-एंड सॉल्युशन्स प्रदाता टेट्रा पैक इनोवेटिव खाद्य एवं पेय पदार्थों का सॉल्युशन प्रदर्शित करने जा रहा है।




कंपनी ने आज यहां कहा कि भारत में अपनी 35 से ज्यादा वर्षों की कामयाबी का प्रदर्शन करने के लिए वह तैयार है। कंपनी न सिर्फ फूड और प्रोसेसिंग सॉल्युशन्स में अपने नवीनतम नवाचारों को प्रदर्शित करने के लिए तैयार है बल्कि निरंतरता और पर्यावरण पूरक दायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर भी जोर दे रही है।

इस वैश्विक कार्यक्रम में 81 देशों के 1,000 से ज्यादा खरीददार और 950 प्रदर्शक शामिल होंगे, जिससे फूड प्रोसेंसिंग सेक्टर में अग्रणी भारतीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में निवेश और व्यापार दोनों को बढ़ावा मिलेगा।

टेट्रा पैक की प्रस्तुति का एक मुख्य आकर्षण यह होगा कि इसके नवीनतम नवाचार, टेट्रा रिकार्ट की पहचान कराई जाएगी, जो पारंपरिक कैन और ग्लास जार का एक अभूतपूर्व व पर्यावरण पूरक विकल्प है।

टेट्रा रिकार्ट प्यूरी, सॉस, फल और रेडी टू ईट भोजन जैसे दाल मखनी, राजमा, सूप आदि विभिन्न शेल्फ-स्टेबल खाद्य पदार्थों के लिए एक कुशल, फ्यूचर-रेडी पैकेजिंग सॉल्युशन के रूप में काम करता है। खास बात यह है कि यह अनूठा पैकेजिंग सॉल्युशन बहुत कम कार्बन उत्सर्जन का दावा करता है, जो स्टील कैन्स और ग्लास जार की तुलना में 81 प्रतिशत कम हो सकता है। इसके साथ ही उत्पादन, वितरण और अपशिष्ट प्रबंधन के विभिन्न चरणों के दौरान ऊर्जा खपत भी 40 प्रतिशत कम होगी।

### एयरटेल का मुनाफा 37.5 प्रतिशत घटा

नयी दिल्ली ।दूरसंचार सेवायें देने वाली प्रमुख कंपनी भारती एयरटेल ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 1340.7 करोड़ रुपये का सकल लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष के समान अवधि के 2145.2 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में 37.5 प्रतिशत कम है। कंपनी ने आज यहां निदेशक मंडल की बैठक के बाद जारी वित्तीय लेखा जोखा में कहा कि हालांकि सितंबर 2023 को समाप्त इस तिमाही में उसका परिचालन राजस्व 37043.8 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 34526.8 करोड़ रुपये के राजस्व की तुलना में 7.28 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर इस तिमाही में उसके कुल ग्राहकों की संख्या 54 करोड़ को पार गयी है। इस दौरान भारत में कंपनी के कुल ग्राहकों की संख्या 38.9 करोड़ रही है और इस तिमाही में 4 जी एवं 5 जी ग्राहकों की संख्या में तेजी वृद्धि हुयी है।

## प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि सितंबर में 8.1 प्रतिशत



नयी दिल्ली। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, सितंबर में देश में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की उत्पादन वृद्धि सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत रही। आलोच्य माह में कच्चे तेल को छोड़कर, अन्य सभी उद्योगों का उत्पादन सालाना आधार पर ऊंचा रहा। मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार इस वर्ष सितंबर माह में कोयला, इस्पात, बिजली, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, सीमेंट और उर्वरक का उत्पादन दर्ज किया गया। भारत के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में इन आठ उद्योगों का हिस्सा 40.27 प्रतिशत है। ताजा आंकड़ों के अनुसार सितंबर, 2022 की तुलना में सितंबर, 2023 में सीमेंट उत्पादन में 4.7 फीसदी बढ़ा। इसी दौरान कोयला उत्पादन में सालाना आधार पर 16.1 प्रतिशत, बिजली उत्पादन में 9.3 प्रतिशत , उर्वरक उत्पादन में 4.2 प्रतिशत गैस उत्पादन में 6.5 प्रतिशत , पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादन में 5.5 प्रतिशत तथा इस्पात उत्पादन में 9.6 फीसदी की वृद्धि हुई।

## शार्ट न्यूज

### फ्यूचर स्टार यूथ लीग से मिलेंगे भविष्य के चैंपियन

नयी दिल्ली। नोबल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने कहा है कि 'द दिल्ली फ्यूचर स्टार यूथ लीग', दिल्ली और देश की फुटबाल के लिए मील का पत्थर साबित होगी। आज यहां छत्रसाल स्टेडियम पर फ्यूचर लीग के उद्घाटन अवसर पर सत्यार्थी ने दिल्ली सरकार के शिक्षा और खेल विभाग के फुटबाल प्रेम को सराहा। उन्होंने दिल्ली साकर एसोसिएशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार राज्य फुटबाल इकाई के साथ मिल कर दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेल को लोकप्रिय बनाने की कोशिश में जुटी है, जिसके अच्छे परिणाम तय है। यहीं से दिल्ली और देश को भविष्य के चैंपियन खिलाड़ी मिलेंगे। उद्घाटन मैच सुदेवा एफसी और जुवा संघ के मध्य खेला गया जिसमें सुदेवा 2-1 से जीत लिया। इस अवसर पर सैकड़ों उभरते खिलाड़ियों और अधिकारियों के अलावा दिल्ली की फुटबाल के शिक्षा एवम खेल निदेशक हिमांशु गुप्ता, उप निदेशक योगेश पाल सिंह, वरिष्ठ वकील रमेश गुप्ता, डीएसए अध्यक्ष अनुज गुप्ता और उनकी टीम डीएसए के अधिकारी भी मौजूद थे। अनुज गुप्ता ने सत्यार्थी की उपस्थिति को फ्यूचर लीग के लिए शुभ बताते हुए कहा कि उनकी मौजूदगी से खिलाड़ियों में नई ऊर्जा मिली है। उन्होंने कहा कि महिला प्रीमियर लीग के बाद पुरुष प्रीमियर लीग भी शुरू होने जा रही है। लेकिन स्कूल कालेज के खिलाड़ियों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### न्यूजीलैंड का पलड़ा दक्षिण अफ्रीका पर रहा है भारी

पुणे। आंकड़ों के हिसाब से आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका पर न्यूजीलैंड का पलड़ा भारी रहा है। एकदिवसीय विश्व कप मुकाबलों में दोनों टीमों के बीच आठ मैच खेले गए हैं। जिनमें से छह मुकाबलों में न्यूजीलैंड ने जीते हैं और दो मैच दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली। आईसीसी एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप 2023 के 32वां मुकाबला दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बीच एक नवंबर को खेला जाएगा। मौजूदा विश्वकप में न्यूजीलैंड चार मुकाबले जीते हैं और अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका को पांच मैच में जीत मिली है और वह दूसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड की टीम अपने पिछले दो मुकाबले भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार चुकी है। ऐसे में सेमीफाइनल में उन्हें जगह बनाने के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला जीतना होगा। टीम की गेंदबाजी इन दोनों मैच में अच्छी नहीं रही थी। कल का मुकाबला जितने के लिए तेज गेंदबाज मैट हेनरी और ट्रेंट बोल्ट को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका इस विश्व कप में अच्छी फार्म में चल रही है। उनके बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक, एडेन मार्करम और हेनरिक क्लासेन शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार देखा जाये तो विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा न्यूजीलैंड पर भारी रहा है।

### अनुराग ठाकुर ने एशियाई पैरा गेम्स के खिलाड़ियों को किया सम्मानित

नई दिल्ली। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने दिल्ली में एशियाई पैरा गेम्स 2023 में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनके साथ बातचीत की। भारतीय पैरा एथलीटों ने इतिहास रच दिया। उन्होंने हांगझोऊ एशियाई पैरा खेलों में 111 पदक जीते। यह प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बहु-खेल प्रतियोगिता में देश के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। पैरा एथलीटों ने 29 स्वर्ण, 31 रजत और 51 कांस्य के साथ कुल 111 पदक जीते। अनुराग ठाकुर ने कहा, पिछले दो वर्षों में भारत ने खेलों में नए मानक स्थापित किए हैं। एशियाई पैरा खेलों में भी हमने 100 का आंकड़ा पार किया और इस बार 111 पदक जीते। मैं भारत को गौरवान्वित करने के लिए सभी खिलाड़ियों को बधाई देता हूं। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ खेल बजट को 2.5 गुना बढ़ाया गया। हम 1000 खेलो इंडिया केंद्र बनाने जा रहे हैं। भारत का भविष्य उज्ज्वल है। हमने कई खेलों में मील के पत्थर स्थापित किए हैं। भारतीय पैरा एथलीटों ने 23 सितंबर से आठ अक्तूबर तक आयोजित हांगझोऊ एशियाई खेलों में भारत द्वारा जीते गए 107 पदकों के रिकॉर्ड से चार पदक अधिक जीते। एशियाई खेलों में भी भारत ने 100 से ज्यादा पदक जीतकर रिकॉर्ड बनाया था।

### अर्जुन ने जुमाबायेव को हराया

भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए फिडे ग्रैंड स्विस के पांचवें दौर के मुकाबले में कजाखस्तान के रिनैट जुमाबायेव को हराकर दो अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर आ गए। अर्जुन के संभावित पांच में से चार अंक हो गए हैं। वह दूसरे वरीय अमेरिका के हिकारू नाकामुरा और रूस के आंद्रे एसिपेंको के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। रूस के खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में फिडे के ध्वज तले खेल रहे हैं। नाकामुरा ने सर्बिया के एलेक्सी साराना को शिकस्त दी। वहीं, एसिपेंको ने अमेरिका के फाबिनो कारूआना के खिलाफ ड्रॉ खेला। अर्जुन ने सफेद मोहरों से खेलते हुए जुमाबायेव पर दबाव बनाए रखा। उन्होंने आखिरकार 69 चाल के बाद जीत दर्ज की। तीन मैचों में लगातार जीतने वाले विदित गुजराती के जीत के रथ पर रूस के ईवगेनिय नाजेक ने रोक लगाई जो सफेद मोहरों से खेल रहे थे। गुजराती 3.5 अंकों के साथ 16 अन्य खिलाड़ियों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। डी गुकेश को हमवतन एसएल नारायणन से हार मिलने के बाद टूर्नामेंट जीतने की उम्मीद खत्म हो गई। पिछले दो सप्ताह में यह नारायण की गुकेश पर दूसरी जीत है। इससे पहले उन्होंने कतर मास्टर्स में जीत हासिल की थी।

### युगांडा में स्कूल के छात्रावास में आग लगने से दो छात्र की मौत, 12 घायल

कंपाला। दक्षिणी युगांडा के मसाका जिले के कनोनी जूनियर स्कूल के छात्रावास में आग लगने से दो विद्यार्थियों की मौत हो गई। ग्रेटर मसाका क्षेत्र के डिप्टी पुलिस कमांडर जमादा वांडेरा ने बताया कि सोमवार सुबह फायर ब्रिगेड के घटनास्थल पर पहुंचने से पहले आग में दो छात्रों की मौत हो गई थी। वांडेरा ने कहा, हमें सोमवार सुबह 5: 00 बजे (स्थानीय समयानुसार) स्कूल से फोन आया और हमने तुरंत फायर ब्रिगेड को भेजा, जो आग बुझाने और अन्य सभी बच्चों को बचाने में कामयाब रही। वांडेरा ने कहा कि 11 छात्र और छात्रावास मैट्रन घायल हो गए। घायलों को त्वरित इलाज के लिए क्षेत्रीय सार्वजनिक अस्पताल ले जाया गया और बाद में आगे के इलाज के लिए राष्ट्रीय रेफरल अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस पावर सॉकेट में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका जतायी है। उन्होंने स्कूल मालिकों से इसी तरह की घटनाओं से बचने के लिए बिजली के तारों और प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण करने की अपील की।

### नेपाल में 25 प्रतिशत से अधिक परिवार कर्ज में

काठमांडू। नेपाल के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों में यह तथ्य सामने आया है कि देश में कुल 60.6 लाख परिवारों में से 25.59 प्रतिशत परिवार कम से कम एक बैंक, वित्तीय संस्थान और सहकारी के ऋण के बोझ तले दबे हैं। एनएसओ के आंकड़ों में बताया गया है कि इस तरह के ऋण लेने वाले प्रांत-वार परिवारों की सबसे अधिक संख्या मधेश में 28.88 प्रतिशत और सुदुरपश्चिम में सबसे कम 21.96 प्रतिशत देखी गई है। देश भर में कुल परिवारों में से एक सदस्य ने 40.12 लाख से अधिक या 61.89 प्रतिशत ने कम से कम ऋण लिया है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि देश में कुल 70.5 लाख घरों में से लगभग 60 प्रतिशत एक मंजिला मकान हैं। आंकड़ों के अनुसार नेपाल में कुल 70.5 लाख घरों में से एकल मंजिला मकान 59.82 प्रतिशत हैं, इसके बाद दो मंजिला इमारतें हैं जो 28.78 प्रतिशत हैं। इस बीच, तीन मंजिला मकान 9.17 प्रतिशत, चार-मंजिला मकानों पर 1.3 प्रतिशत , पांच से सात मंजिला मकानों पर 0.64 प्रतिशत, आठ से नौ मंजिली इमारतों पर 0.01 प्रतिशत और 10 या उससे अधिक मंजिल वाली इमारतों पर 0.003 प्रतिशत हैं। मधेश प्रांत में सबसे अधिक 84.42 प्रतिशत एक मंजिला मकान हैं, जबकि बागमती प्रांत में पांच या अधिक मंजिलों वाले मकानों की संख्या सबसे अधिक 2.34 प्रतिशत है।

# श्रीयंका सदांगी ने भारत के लिए 2024 पेरिस ओलंपिक कोटा किया हासिल

चांगवोन। भारतीय निशानेबाज श्रीयंका सदांगी ने मंगलवार एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2023 में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं। इसके साथ ही उन्होंने भारत के लिए पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया।

यह निशानेबाजी में भारत का 13वां और महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा में दूसरा पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा है। पेरिस ओलंपिक के लिए एक देश प्रत्येक निशानेबाजी स्पर्धा में अधिकतम दो कोटा जीत सकता है। मौजूदा एशियन चैंपियनशिप में 13 में से 6 कोटा हासिल कर लिए गए हैं।

श्रीयंका सदांगी फाइनल में 440.5 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहीं। दक्षिण कोरिया की यूनसेओ ली (468.5) ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि चीनी निशानेबाज जियायु हान (463.3) और सियू ज़िया (453.3) ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक अपने नाम किया।

यूनसेओ ली ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में दो की अधिकतम कोटा सीमा तक पहुंचने के बाद पहले ही दक्षिण कोरिया और चीन के लिए कोटा स्थान जीत लिया था। श्रीयंका सदांगी के चौथे स्थान ने भारत के लिए ओलंपिक कोटा सुनिश्चित



कर दिया।

हालांकि, पेरिस 2024 के लिए ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले भारतीय राइफल और पिस्टल निशानेबाजों को नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) की चयन नीति के अनुसार अगले साल होने वाले राष्ट्रीय ट्रायल में बोनस अंक मिलेगा।

क्वालिफिकेशन राउंड में श्रीयंका सदांगी ने 588 के स्कोर के साथ छठा स्थान हासिल किया था।

एशियन गेम्स की कांस्य पदक विजेता आशी चौकसे ने क्वालीफाइंग राउंड में 591 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर जगह बनाई। वहीं, आयुषी पोद्दार 587 के साथ नौवें स्थान पर रहीं। जबकि आशी चौकसे ने फाइनल में 417.4 के स्कोर के साथ छठा स्थान हासिल किया। वहीं, आयुषी पोद्दार 407.5 के स्कोर साथ सातवें स्थान पर रहीं।

एशियाई खेल की चैंपियन सिफ्ट कौर सामरा ने क्वालीफाइंग राउंड में 592 अंकों के साथ बढ़त हासिल की। वह सिर्फ रैंकिंग प्वॉइंट (आरपीओ) के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही थीं और अंतिम आठ में प्रवेश नहीं कर पाईं। मानिनी कौशिक भी आरपीओ के तहत प्रतिस्पर्धा कर रही थीं और वह 586 अंकों के साथ 10वें स्थान पर रहीं।

आशी चौकसे, श्रीयंका सदांगी और आयुषी पोद्दार के संयुक्त कुल स्कोर 1766 ने भी भारत को महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन टीम स्पर्धा में कजाकिस्तान (1760) और दक्षिण कोरिया (1759) को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीतने में मदद की।

भारतीय निशानेबाज बुधवार को पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में स्पर्धा करेंगे जिसमें ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर का नाम भी शामिल है। ऐश्वर्य हांगझोऊ में एशियन गेम्स 2023 में चार पदकों के साथ भारत के सबसे सफल निशानेबाज थे।

हालांकि, भारत पहले ही 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में अधिकतम दो कोटा हासिल कर चुका है, इसलिए तोमर एशियन चैंपियनशिप में भारत के लिए ओलंपिक कोटा हासिल नहीं कर सकते हैं। भले ही वह शीर्ष दो में जगह बनाने में सफल हो जाएं।

# खेल महाकुंभ से निखरेंगी प्रतिभाएं : रेखा आर्य



नैनीताल। उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल(अ0प्रा0) गुरमीत सिंह और खेल मंत्री रेखा आर्या ने मंगलवार को हल्द्वानी स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ-2023 का विधिवत शुभारंभ किया।

आज यहां इस अवसर पर आर्य ने कहा कि खेल महाकुंभ से प्रतिभाएं निखरती हैं और इससे प्रदेश में खेलों का विकास होगा।

साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार खिलाड़ियों के हितों के लिए लगातार काम कर रही है। खेल महाकुंभ के पहले दिन हल्द्वानी के कुंवरपुर न्याय पंचायत से खेलों का शुभारंभ किया गया।

लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस पर खेल विभाग की ओर से रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर खिलाडियों को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल सिंह ने कहा कि भारत के युवा पूरी दुनिया में एक ताकत के रूप में उभर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सपने बड़े देखने चाहिए और उन सपनों को एक लक्ष्य और संकल्प के साथ जीवन में परिवर्तित करना होगा।

उन्होंने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

आर्य ने कहा कि हमारी सरकार ने शिक्षा के साथ खेलों में भी विद्यार्थियों को जोड़ने का प्रयत्न किया है। उन्होंने कहा कि खेल महाकुंभ से न्याय पंचायत, विकासखंड, जिला स्तर तथा राज्य स्तर पर प्रतिभाओं की तलाश करना है और युवाओं को एक मंच प्रदान करना है।

## प्रधानमंत्री आज करेंगे पैरा एथलीटों के दल से बातचीत

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को एशियाई पैरा गेम्स 2022 में भाग लेने वाले भारतीय एथलीटों के दल के साथ बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार नरेंद्र मोदी एक नवंबर को शाम 4: 30 बजे मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम एशियाई पैरा खेलों के भारतीय दल के साथ बातचीत करेंगे और उन्हें संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री द्वारा एशियाई पैरा गेम्स 2022 में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए एथलीटों को बधाई देने और उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए प्रेरित करने का एक प्रयास है। उल्लेखनीय है कि भारत ने एशियाई पैरा खेल 2022 में 29 स्वर्ण पदक सहित कुल 111 पदक जीते। एशियाई पैरा गेम्स 2022 में कुल पदक तालिका में पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (2018 में) की तुलना में 54 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और जीते गए 29 स्वर्ण पदक 2018 में जीते गए स्वर्ण पदकों से लगभग दोगुने हैं।

# सिरसा की बेटी सिमरन ने गोवा में दो कांस्य जीतकर लहराया परचम

सिरसा। गोवा में आयोजित 37वें राष्ट्रीय खेलों में महिला ट्राएथल में हरियाणा की टीम ने कांस्य पदक जीतकर एक बार फिर परचम लहराया। हरियाणा की टीम ने मॉडर्न पेंटाथलॉन में अब तक तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीते हैं। हरियाणा की इस टीम में सिरसा की बेटी सिमरन पुत्री राकेश कुमार निवासी सुख सागर कॉलोनी, सिरसा भी शामिल हैं। सिमरन ने इन गेज में दो कांस्य पदक हासिल किए, जबकि संजना, निशा व सोनमीत ने भी कांस्य पदक पर कब्जा किया।

खिलाड़ी सिमरन के पिता राकेश कुमार ने बताया कि ये जिले व प्रदेश के लिए बहुत ही गौरव की बात है। उन्हें बेटी की सफलता पर गर्व है। इस सफलता से मॉडर्न पेंटाथलॉन के खिलाड़ियों के साथ-साथ खिलाड़ी वर्ग का हौंसला बढ़ेगा, जिससे आने वाले अंतरराष्ट्रीय खेलों में और अच्छा प्रदर्शन कर देश प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।




सिमरन इससे पहले भी अंबाला और पूणे में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी है।

उन्होंने बताया कि महिला टीम ने ट्राएथल में हरियाणा टीम की ओर से कांस्य पदक जीता। टीम में जयंती, निशा और सिमरन शामिल हैं। टीम के साथ टीम कोच अंकुर सिंह सैनी और टीम मैनेजर नवीन कुमार राष्ट्रीय खेलों में भाग ले रहे हैं। राकेश कुमार ने बताया कि विजेता खिलाड़ियों को पंचकुला में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि ये सब कोच व खिलाड़ियों की मेहनत और प्रदेश सरकार की खेल नीति का परिणाम है। बेहतर खेल नीति से प्रदेश की खिलाड़ी राज्य का राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन कर रही हैं।

# भारत ने भी सीजफायर के प्रस्ताव पर साथ नहीं दिया

## नेतन्याहू बोले- यूएन के प्रस्ताव में इजराइल पर हुए अत्याचार का जिक्र नहीं

इजराइल-हमास जंग के बीच जॉर्डन ने हृ में मानवीय संकट का हवाला देते हुए सीजफायर की मांग की थी। इसके लिए उसने एक प्रस्ताव भी पेश किया था, जो पास हो गया था। इस प्रस्ताव में इजराइल पर हमास के हमले का कोई जिक्र नहीं था। भारत ने इस रिजॉल्यूशन पर वोटिंग नहीं की थी।

अब इस मामले में इजराइली पीएम नेतन्याहू की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा- मुझे अफसोस है कि हमारे कई दोस्तों ने भी इस बात को नहीं उठाया कि इस प्रस्ताव में खामियां है। उन्होंने ये नहीं कहा कि इसमें इजराइल में हुए अत्याचार का जिक्र नहीं किया गया। ऐसे अत्याचार को कोई भी सभ्य देश स्वीकार नहीं करेगा। मैं उम्मीद करता हूं कि अब दोबारा इस तरह का प्रस्ताव देखने को नहीं मिलेगा।

नेतन्याहू ने कहा- इजराइल सीजफायर के लिए नहीं मानने वाला है। ये वैसी ही



स्थिति जैसी पर्ल हार्बर या 9/11 हमले के वक्त अमेरिका की थी। इस वक्त सीजफायर का मतलब होगा कि हम हमास और आतंक के सामने सरेंडर कर रहे हैं। 7 अक्टूबर के भयानक हमले के बाद इजराइल दुश्मनी खत्म नहीं कर सकता। ये जंग का समय है। दरअसल, 27 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा की विशेष बैठक हुई थी। इसमें जॉर्डन ने 22 अरब देशों के साथ मिलकर एक प्रस्ताव रखा था कि इजराइल-हमास में तुरंत सीजफायर हो। गाजा पट्टी के लोगों के लिए जरूरी चीजों और सेवाओं की सप्लाई फौरन शुरू हो। अवैध रूप से बंधक बनाए गए सभी नागरिकों की रिहाई कर उन्हें उनके घर तक सुरक्षित पहुंचाया जाए। इस प्रस्ताव का बांग्लादेश, मालदीव, पाकिस्तान, रूस और दक्षिण अफ्रीका समेत 120 देशों ने समर्थन किया था। इजराइल, अमेरिका, ऑस्ट्रिया जैसे 14 देशों ने इस प्रस्ताव का विरोध किया। प्रस्ताव बहुमत के साथ पास हो गया था।

भारत समेत 45 देश इस प्रस्ताव पर वोटिंग में शामिल नहीं हुए थे। हालांकि, भारत ने उस प्रस्ताव का समर्थन किया था जिसमें कनाडा ने पुराने रिजॉल्यूशन में हमास की निंदा का हिस्सा जोड़ा था।

### भारत बोला- दुश्मनी से मानवीय संकट बढ़ रहा

इसके बाद यूएन में भारत की प्रतिनिधि योजना पटेल ने कहा था- भारत बिगड़ती सुरक्षा व्यवस्था और चल रहे संघर्ष में नागरिकों की लगातार मौत से परेशान है। क्षेत्र में दुश्मनी बढ़ने से मानवीय संकट भी बढ़ेगा। इस वक्त जरूरी है कि सभी पक्ष शांति के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

### चीनी कंपनियों के मैप में इजराइल का नाम नहीं

दूसरी तरफ, चीन की कंपनियों बाइडु और अलीबाब के ऑनलाइन नक्शों से इस्राइल का नाम गायब है। बाइडु के नक्शे में इस्राइल और फिलिस्तीन की सीमाओं को दिखाया गया है लेकिन नक्शे से दोनों का नाम नदारद है। चीनी भाषा वाले इन नक्शों में लक्जमबर्ग जैसे छोटे देशों का भी नाम है, लेकिन इजराइल का नहीं। इस मामले को लेकर चीन की तरफ से कोई बयान नहीं आया है। बता दें कि इजराइल फिलिस्तीन मामले में जिनपिंग सरकार ने 2 स्टेट सल्यूशन का समर्थन किया है।

# पुलिस ने हिजाब पहने महिला को गोली मारी

## मेट्रो स्टेशन पर मजहबी नारे लगा रही थी, खुद को उड़ा देने की धमकी दी थी

पेरिस। फ्रांस की राजधानी पेरिस के एक मेट्रो स्टेशन पर पुलिस ने हिजाब पहने एक महिला को गोली मार दी। 'फ्रांस 24' की रिपोर्ट के मुताबिक- यह महिला फुल हिजाब पहने थी। वहां मौजूद स्थानीय यात्रियों ने पुलिस को अलर्ट किया था कि इस महिला का बर्ताव अजीब है।

पुलिस ने जब इस महिला को घेरा और उससे सहयोग करने को कहा था तो उसने खुद को उड़ा लेने की धमकी दी। इस दौरान वो लगातार मजहबी नारेबाजी भी कर रही थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक- महिला की हालत इस वक्त गंभीर है और उसे इलाज के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया है। मामले में ज्यादा जानकारी का इंतजार है।

### खौफ में थे लोकल पैसेंजर

फ्रांस प्रेस न्यूज एजेंसी के मुताबिक- घटना मंगलवार को पेरिस के एक रीजनल मेट्रो स्टेशन पर हुई। चश्मदीदों के मुताबिक- महिला फुल साइज



हिजाब पहने थी। इस दौरान उसने काफी देर तक मजहबी नारे लगाए। इसके बाद आसपास मौजूद लोगों को कई तरह की धमकियां दीं। पुलिस को अलर्ट किया गया। जब पुलिस टीम वहां पहुंची तो उसने महिला से सरेंडर को कहा।

इसके बाद उसने खुद को उड़ा लेने की धमकी दी। पुलिस ने किसी तरह वहां से आम लोगों को हटाया और महिला को अलग-थलग कर दिया। इस दौरान महिला लगातार खुद को उड़ा लेने की धमकी देती रही।

महिला ने जब सरेंडर नहीं किया तो पुलिस टीम ने उसे गोली मार दी। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक- महिला को गंभीर हालत में हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। फ्रांस में 13 अक्टूबर से 'इमरजेंसी अटैक अलर्ट' है। इसी दिन अरसास शहर में एक टीचर की चाकू से हत्या कर दी गई थी।

फ्रांस में अब धार्मिक स्थानों को मिलने वाली फंडिंग की भी जांच होगी। करीब दो हफ्ते पहले सरकार ने आतंकवाद और कट्टरपंथ की फ्रांसीसी वॉच लिस्ट के अनुसार एक लिस्ट बनाई थी। इसमें कहा गया था कि कुछ धार्मिक जगहों में शिक्षा के नाम पर कट्टरपंथी सोच को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### म्यांमार में रॉकेट हमले में दो बच्चों की मौत, एक अन्य घायल

यंगून। पूर्वी म्यांमार के शान प्रांत में एक रॉकेट हमले में दो बच्चों की मौत हो जाने का और एक अन्य के गंभीर रूप से घायल होने का मामला सामने आया है। सरकारी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सरकार संचालित दैनिक द मिरर की रिपोर्ट के अनुसार उत्तरी शान प्रांत के नम्हकम शहर में ता आंग नेशनल लिबरेशन आर्मी ने 27 अक्टूबर को स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 05: 00 बजे हमला शुरू किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि टीएनएलए के सदस्यों ने शहर के दक्षिण में लगभग तीन किलोमीटर की दूरी से अत्याधुनिक रॉकेटों से शहर पर हमला किया। हमले में 12 और नौ साल के दो बच्चों की मौत हो गयी। वहीं एक चार साल का बच्चा घायल हो गया जिसे नम्हकम जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक सुरक्षाकर्मी क्षेत्र में क्षेत्रीय सुरक्षा और नियंत्रण को मजबूत करने के लिए आवश्यक कदम उठा रहे हैं।

### हमास का उत्तरी ब्रिगेड कमांडर ढेर: आईडीएफ

गाजा। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) की कार्रवाई में फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के उत्तरी ब्रिगेड का कमांडर नसीम अबू अजीना मारा गया। आईडीएफ ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आईडीएफ ने अपने बयान में कहा, कल, आईडीएफ और आईएसए (इजरायल सिक्योरिटीज अथॉरिटी की) खुफिया जानकारी के आधार पर, आईडीएफ लड़ाकू विमानों ने हमास के उत्तरी ब्रिगेड के बीट लाहिया बटालियन के कमांडर, नसीम अबू अजीना को मार गिराया, जिन्होंने इरेज और (द मोशव ऑफ़) मोशव नेटिव हासारा में सात अक्टूबर को किबुत्ज़ में नरसंहार का निर्देशन किया था। इजरायली सेना ने कहा कि अतीत में, अबू अजीना ने हमास की हवाई क्षमताओं की कमान संभाली थी और ड्रोन और पैराग्लाइडर के विकास में भाग लिया था। इजरायली अखबार हारेत्ज़ की रिपोर्ट के अनुसार, आईडीएफ ने वेस्ट बैंक में हमास के राजनीतिक ब्यूरो के उपाध्यक्ष सालेह अल-अरौरी के घर को भी नष्ट कर दिया। समाचार पत्र के अनुसार, इजरायली सेना ने गाजा पट्टी से इजरायल में प्रवेश करने के संदेह में एक व्यक्ति को मार डाला। आईडीएफ ने कहा कि उसके लड़ाकू बलों ने पिछले 24 घंटों में लगभग 300 लक्ष्यों पर हमला किया है, जिसमें एंटी-टैंक मिसाइल पोस्ट, रॉकेट लॉन्च पोस्ट और भूमिगत सुरंगों के अंदर हमास के परिसर शामिल हैं।

### यूक्रेन, गाजा पट्टी में संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान को बढ़ावा देता रहेगा चीन

बीजिंग। चीन के सहायक विदेश मंत्री नोंग रोंग ने मंगलवार को कहा कि उनका देश यूक्रेन और फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान को बढ़ावा देने के साथ-साथ वैचारिक विभाजन तथा टकराव का विरोध करता रहेगा। नोंग ने 10वें बीजिंग जियांगशान फोरम में कहा,चीन सुलह और शांति वार्ता को बढ़ावा देने की मूल दिशा का पालन करना जारी रखेगा, इसमें शामिल देशों को आपसी सुरक्षा विश्वास को मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। साथ ही विरोधाभासों और मतभेदों को स्पष्ट बातचीत और संपर्क के माध्यम से हल करेगा। उन्होंने दोहराया है कि चीन रूस और यूक्रेन के बीच सुलह प्रक्रिया तथा शांति वार्ता शुरू करने में मदद करता रहेगा। नोंग ने फिलिस्तीनी-इजरायली संघर्ष के बारे में बोलते हुए कहा कि चीन मानवीय तबाही से बचने के लिए पक्षों पर शीघ्र युद्धविराम के लिए सक्रिय रूप से दबाव डालना जारी रखेगा और फिलिस्तीनी मुद्दे के दो-राष्ट्रों के समाधान के कार्यान्वयन के लिए खड़ा रहेगा। राजनयिक ने कहा,चीन वैश्विक सुरक्षा मुद्दों पर सभी पक्षों के साथ विभिन्न प्रकार की बातचीत और आदान-प्रदान में संलग्न रहना जारी रखेगा। सामान्य व्यापक सहयोग और स्थायी सुरक्षा की अवधारणा को साकार करने के लिए सभी पक्षों के साथ काम करेगा तथा वैचारिक रेखाओं, संकीर्ण दायरे एवं विभाजन व टकराव के लिए उकसावे का विरोध करेगा।

### आठ लाख फिलिस्तीनियों को उत्तरी गाजा पट्टी से निकाला

गाजा। फिलिस्तीनी और इजरायल संघर्ष के बढ़ने के बीच उत्तरी गाजा पट्टी से आठ लाख से अधिक फिलिस्तीनियों को निकाला गया है। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता जोनाथन कॉनरिकस ने मंगलवार को इस आशय का दावा किया। उन्होंने एक्स पर प्रकाशित एक वीडियो संबोधन में कहा,यह देखकर खुशी हुई कि आठ लाख से अधिक फिलिस्तीनियों को उत्तरी गाजा पट्टी से यानी मुख्य युद्ध क्षेत्र से निकाला गया है। उन्होंने यह भी कहा कि इजरायल गाजा पट्टी के दक्षिण में मानवीय सहायता पहुंचाने की सुविधा के लिए प्रयास तेज करेगा। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने सोमवार को कहा कि लड़ाई शुरू होने के बाद से गाजा पट्टी में 14 लाख से अधिक नागरिकों को अपना घर छोड़ना पड़ा है। गौरतलब है कि सात अक्टूबर को फिलिस्तीनी समूह हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़ी संख्या में रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया। उस दौरान हमास ने पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों की बड़े पैमाने पर हत्या की और अपहरण कर लिया। इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख से अधिक लोगों की आबादी वाले गाजा पट्टी की पूर्ण नाकेबंदी का आदेश दिया।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### मिशन वात्सल्य के नव आयाम दृष्टांकित करती आयोजित हुई कार्यशाला

#### अधिकार मिले पूरा , बच्चे का भविष्य न रहे अधूरा : रोमी पाठक

सोनभद्र । जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में जिला प्रोबेशन अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा के आदेश पर विकास भवन सभागार में मिशन शक्ति के चतुर्थ सोपान पर मिशन वात्सल्य योजना के तहत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में पूर्ण परिज्ञान कराते संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक ने अन्य तथ्यों पर प्रकाश डालने के साथ ही बताया कि जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा, आश्रय व परिवार में उनको स्थापित करने के लिए विभिन्न विषयों के दक्ष विशेषज्ञों को बुलाकर समस्त सहभागियों को प्रशिक्षित करवाया गया है। बकौल संरक्षण अधिकारी के महत्वपूर्ण भूमिका आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों तथा व शिक्षकों - अध्यापकों की रहती है। कार्यशाला में दोनों कानूनों में हुए नए प्रावधानों को भी आलोकित करते प्रशिक्षण के दौरान परिचर्चा की गई। केन्द्र प्रशासक दीपिका सिंह ने ट्रेनिंग प्रशिक्षण में देखभाल व संरक्षण वाले बच्चों तथा विधि से संघर्षरत बच्चों की काउंसलिंग तकनीक के बारे में विस्तार से बताया साथ ही यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के बारे मे भी बताया। मौकेपर वन स्टॉप सेंटर से केंद्र प्रशासक दीपिका सिंह , काउंसलर उमा चतुर्वेदी, जिला बाल सरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक, परामर्शदाता सुधीर कुमार शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता आकांक्षा उपाध्याय, वीणा राव, पिरामल फाउंडेशन स्टाफ एवं सुपर वाइजर, आंगनवाड़ी सहित कुल 45 लोग उपस्थित रहे।

### फन्दे से लटकी मिली लाश ,पहुंचा पुलिस महकमा



सोनभद्र । सोमवार रात में फन्दे में लटकी महिला की मिली इत्तिला पाते ही फ़ौरीतौर पर हरकत में आया पुलिस महकमा और पहुंचा मौका- ए - वारदात पर। तकरीबन साढ़े सात बजे शाम सूचना प्राप्त हुई थाना घोरावल के ग्राम महांव में एक महिला द्वारा दिन में लगभग 11=00 बजे के आसपास अपने घर की ही बड़ेर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने की। सूचना मिलते ही मौके पर क्षेत्राधिकारी घोरावल अमित कुमार थाना प्रभारी घोरावल कमलेश पॉल व चौकी प्रभारी शिवद्वार के साथ घटनास्थल पहुंच गए । घटनास्थल पर वाकये का तफसील से निरीक्षण करने के दौरान मिली जानकारी के मुताबिक महिला की शादी लगभग 5 से 6 वर्ष पूर्व ग्राम महांव थाना घोरावल में रोहित भारती नाम के व्यक्ति से हुई थी तथा महिला के पति की मृत्यु जनवरी 2023 में बीमारी के कारण हो गई थी। मृतका नि:संतान थी और इसका मायका मीरजापुर के मड़िहान थाना क्षेत्र में है। महिला के पिता द्वारा मृत्यु का सही कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराए जाने हेतु तहरीर दी गई जिसके अनुसार थाना स्थानीय पुलिस द्वारा शव कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया गया तथा अग्रिम विधि कार्रवाई प्रचलित है।

### बरेली में तीन संग्रह अमीन समेत चार पर रिपोर्ट

बरेली। एंटी करप्शन बरेली इकाई ने बरेली सदर तहसील में कार्यरत तीन संग्रह अमीन और एक अज्ञात पर थाना कोतवाली में मंगलवार को एफआईआर दर्ज कराई है। रिपोर्ट में बलबा करने, सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने, मारपीट और जानबूझ कर शांति भंग करना आरोप लगाए गए हैं। सदर तहसील में सोमवार शाम एंटी करप्शन बरेली इकाई के लोगों और संग्रह अमीनों में हाथापाई हो गई थी। इस पर वहां काफी देर तक हंगामा होता रहा था। पुलिस अधीक्षक बरेली राहुल भाटी ने बताया कि एंटी करप्शन इकाई बरेली निरीक्षक अर्चना तेवतिया ने मंगलवार अपराह्न बरेली सदर तहसील के अमीन सर्वेश कुमार, सूर्य प्रकाश और जोरावर सिंह और एक अज्ञात व्यक्ति ने बलबा, सरकारी काम में बाधा, मारपीट करने और जानबूझ कर शांति भंग करने का मामले में आईपीसी धारा 147, 187, 353 व 504 तहत रिपोर्ट दर्ज करायी है। एंटी करप्शन इकाई बरेली निरीक्षक अर्चना तेवतिया ने दर्ज करायी रिपोर्ट में कहा है कि चार अक्टूबर 2023 को पांच हजार रूपये की रिश्वत लेते पकड़े गए संग्रह अमीन राम सरन के प्रकरण अभियोग के साक्ष्य संकलन में अभिलेखो की माँग की गयी थी। सोमवार शाम जब टीम साथ जुटाने गई तब उनसे संग्रह अमीन यूनियन सदस्यों ने दुव्यवहार किया था।उपजिलाधिकारी सदर द्वारा अभिलेख देने के लिए मौखिक रूप से बुलाया गया था।

### वैश्विक संकट में सरदार पटेल के विचारों की अधिक प्रासंगिकता : सिंह

हापुड़ (उप्र)। अखिल भारतीय खादी ग्रामोद्योग आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. यशवीर सिंह ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक संकट में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के विचारों की ज्यादा प्रासंगिकता है। डा. सिंह ने सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती समारोह के अवसर पर कहा कि घर-घर पटेल अभियान चलाकर सरदार पटेल की प्रतिमा और उनके साहित्य को देशभर में पहुंचाने का अभियान चलाया जाएगा। हापुड़ जिले के कुचेसर रोड़ के तिगरी गांव स्थित फार्म हाउस पर में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 48वीं जयंती के अवसर पर 110 वर्ष पुरानी संस्था अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन एवं जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया।इस अवसर पर प्रख्यात अर्थशास्त्री और महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. सिंह ने कहा कि दुनिया के सामने शांति सुरक्षा और खाद्यान्न संकट का हल केवल सरदार पटेल की नीतियों में ही निहित है। अत: सरदार पटेल के दर्शन को भारत सरकार अपनी नीतियों में शामिल करें। वहीं डॉ. यशवीर सिंह के आह्वान पर अखिल भारतीय गुर्जर महासभा ने प्रस्ताव पारित किया कि वह देशभर में घर-घर पटेल अभियान चला कर सरदार पटेल के चित्र और उनके साहित्य को देश के हर किसान परिवार के घर पहुंचने का काम करेगी।

### किसानों के बकाया 1361 करोड़ रुपए का होगा भुगतान

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा (उत्तर प्रदेश) के अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने मंगलवार को कहा कि किसानों के वर्षों पुराने 1361 करोड़ रूपये बकाए के भुगतान को लेकर निर्णय लेना एक महत्वपूर्ण कदम है। बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आभार प्रकट किया गया। कामेश्वर सिंह ने कहा कि संगठन के कुछ पदाधिकारियों ने कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री योगी से मिलकर निवेदन किया था कि बजाज समूह के चीनी मिलों पर किसानों के करोड़ों रूपए बकाया है। वर्षों से इस बकाए का भुगतान नहीं हुआ है जिससे किसान बहुत ही परेशान थे। योगी सरकार ने इस मामले पर एक प्रभावी कदम उठाते हुए किसानों के बाक़ी 1361 करोड़ रूपये के भुगतान का निर्णय लेकर यह सुनिश्चित किया कि पीएम मोदी व सीएम योगी की डबल इंजन की सरकार की प्राथमिकता में किसान ही हैं। उन्होने कहा कि 2007 से लेकर 2017 तक दस वर्षों में बसपा और सपा की सरकारों ने केवल 150 हज़ार करोड़ रूपये का भुगतान गन्ना किसानों को किया। वहीं, दूसरी ओर केवल छह वर्षों में योगी सरकार ने लगभग 250 हज़ार करोड़ रूपये का भुगतान गन्ना किसानों को किया है जो कि अपने आप में एक रिकार्ड हैं। प्रदेश सरकार ने यह क़ानून बनाया कि यदि कोई चीनी मिल गन्ना किसानों को गन्ने का भुगतान समय से नहीं करती हैं तो उसकी सम्पत्ति ज़ब्त कर सरकार किसानों को भुगतान करेगी।

# अन्नदान की महत्ता को भारतीय से अधिक कोई नहीं समझ सकता: मुख्यमंत्री योगी

## भाई जी अन्न क्षेत्र के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम योगी

लखनऊ/वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन धर्म की परंपरा अन्न दान को पवित्र दान के रूप में लेती है। अन्नम् ब्रह्म कहकर भारत की वैदिक परंपरा ने इसे अत्यंत महत्व दिया है। अन्न को ब्रह्म के स्वरूप में रखकर इस दान को पवित्र दान माना है। जिस व्यक्ति ने जीवन में कभी अन्नदान न किया हो, पुण्य कितने भी अच्छे क्यों न हों पर आत्मसंतुष्टि का भाव पैदा नहीं होता, भले ही उसे स्वर्ग का राज ही क्यों न मिल जाए। अन्नदान की महत्ता को किसी भारतीय से अधिक कोई नहीं समझ सकता। रामायण में भी इसके अनेक उदाहरण मिलेंगे। अध्ययनरत दृष्टिबाधितों बच्चों के साथ काशी आने वाले श्रद्धआलुओं के लिए किया गया यह कार्य अत्यंत पवित्र है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को वाराणसी के दुर्गाकुंड स्थित हनुमान प्रसाद पोद्दार अंध विश्वविद्यालय में भाई जी अन्न क्षेत्र के शुभारंभ कार्यक्रम में यह बातें कहीं। सीएम यहां बच्चों से भी मुखातिब हुए और हालचाल जाना। सीएम यहां किचन की व्यवस्थाओं से



भी अवगत हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दृष्टिबाधित विद्यालय में भाई जी की स्मृति में अन्न क्षेत्र का शुभारंभ होना सुखद अनुभूति का क्षण है।

### ... तो समाज में अभाव, दुख-दरिद्रता के लिए कोई जगह नहीं होगी

सीएम ने कहा कि जिन्हें हम विकलांग और समाज उपेक्षित मानता था, परिवार के लोग त्याज्य कर देते थे। उन्हें दिव्यांग कहकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके जीवन व समाज को नई दृष्टि दी है। इस संबंध में केंद्र व राज्य सरकार की ओर से अनेक कार्यक्रम चल रहे हैं। ट्रस्ट का यह कार्यक्रम भी ऐसा ही अभियान है। ऐसे कार्यक्रम धर्मार्थ संस्थाओं के कार्यक्रम बनने चाहिए। धर्मार्थ व सामाजिक संस्थाएं राष्ट्र-समाज के प्रति जिम्मेदारियों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करना प्रारंभ कर देंगी तो समाज में अभाव, दुख-दरिद्रता के लिए कोई जगह नहीं होगी। सर्वत्र खुशी का माहौल होगा और रामराज्य की स्थिति होगी।

### ट्रस्ट ने भाई जी की स्मृतियों को नई जीवंतता प्रदान की है

सीएम योगी ने कहा कि जयदयाल गोयनका ने गोरखपुर में गीताप्रेस की स्थापना की। जब 100 वर्ष पहले कल्याण मासिक पत्रिका का प्रकाशन प्रारंभ हुआ और संपादक के रूप में सनातन धर्म के मर्म को समझने वाले व्यक्ति का चयन होना था तो इसके लिए हनुमान प्रसाद पोद्दार भाई जी का चयन हुआ।

उन्होंने आजीवन इस व्रत को निभाया। साधन न होने के बावजूद उन्होंने कल्याण के माध्यम से घर-घर तक सनातन धर्म के मूल्यों को पहुंचाने का कार्य किया। सनातन धर्म की जो सेवा गीताप्रेस के माध्यम से हुई, वह सराहनीय है।

धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए शताब्दी समारोह के समापन कार्यक्रम में स्वयं प्रधानमंत्री जी गोरखपुर आए थे। इसका शुभारंभ राष्ट्रपति ने किया था। सनातन धर्म कृति के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने वाला है। सनातन धर्म हमेशा पूर्वजों, परंपरा व समाज के लिए योगदान देने वाले महापुरुषों के प्रति कृतज्ञता का भाव व्यक्त करने की प्रेरणा देता है। ट्रस्ट ने भाई जी की स्मृतियों को नई जीवंतता प्रदान की है।

## सुदीप पाण्डेय की फ़िल्म 'अनाड़ी सजना' की शूटिंग कल्याण में हुई शुरू .!



सुप्रसिद्ध भोजपुरी फिल्म अभिनेता सुदीप पाण्डेय आजकल फिर से फिल्मी बाज़ार में बड़े पर्दे पर जोरदार वापसी कर रहे हैं । उन्होंने दुबारा से वापसी करते हुए एकसाथ तीन बड़ी फिल्में करने की घोषणा की थी । उन्हीं तीन फिल्मों में से एक फिल्म अनाड़ी सजना की शूटिंग आज से मुरबाड , कल्याण , महाराष्ट्र में शुरू हो गई है । लम्बे समय तक बड़े पर्दे से दूर रहे सुदीप पांडेय ने इस कमबैक के लिए जोरदार तैयारियां की हैं और अपने फिटनेस के साथ साथ इन्होंने एक्टिंग स्किल को भी बेहतर निखारा है। एक दौर की सुपरहिट फिल्में भोजपुरिया दरोगा और भोजपुरिया भईया से घर घर मे मशहूर हो चुके दमदार अभिनेता सुदीप पांडेय की इस फ़िल्म अनाड़ी सजना में रोमांस ग्लैमर और एक्शन का कॉम्बो पैक एकसाथ देखने को मिलने वाला है।

एसपीएस मूवीज एन्ड एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनने वाली उनकी भोजपुरी फिल्म अनाड़ी सजना सहित तीनों फिल्मों के बारे में विगत दिनों शारदीय नवरात्रि के दौरान प्रथम दिवस पर घोषणा की गई थी । अपने शुरुआती फिल्मी दौर में अभिनेता सुदीप पांडेय ने भोजपुरी सिनेमा को बड़ी बड़ी हिट फिल्में दिया है और उनकी लगभग हरेक फिल्मों में एक्शन पैक्ड रोमांस हुआ करता था । आगामी फिल्मों में भी वे समाजिक सरोकार के ऊपर और उससे जुड़ी हुई कहानियों पर ही फिल्में करने का निर्णय लिया है । फ़िल्म शूटिंग के दौरान प्रेस वालों से बात करते हुए सुदीप पांडेय ने बताया कि यह फ़िल्म मौजूदा दौर की बाकी फिल्मों से थोड़ा हटकर ही होगी और इसमें एक्शन , कॉमेडी और रोमांस का कॉम्बो पैक देखने को मिलेगा । इस पहले शेड्यूल की शूटिंग के बाद इस फ़िल्म की विस्तृत शूटिंग आगामी दिनों में उत्तरप्रदेश में भी की जाएगी । एसपीएस मूवीज एन्ड एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही फिल्म अनाड़ी सजना का निर्देशन दिलावेज़ खान कर रहे हैं , वहीं सिनेमेटोग्राफर प्रमोद पांडे और लेखक ए पी मोहन के साथ संदीप कुशवाहा हैं।

### मास्क टीवी ओटीटी पर रिलीज़ हुई एलबीडब्ल्यू, क्रिकेट विश्वकप के बीच इसे दर्शकों ने जमकर सराहा



पूरे भारत मे आजकल क्रिकेट का बुखार हर किसी पर जमकर छाया हुआ है, देश मे वैसे भी किसी अन्य स्पोर्ट्स के मुक़ाबले में क्रिकेट को लोग हद से अधिक पसंद करते हैं , ऐसे में इसी क्रिकेट की दीवानगी के बीच मास्क टीवी ओटीटी पर लव बिफोर वेडिंग नाम से एक रोमकॉम वेबसिरिज रिलीज़ हुई है । रीलीजिंग के साथ ही इस वेबसिरिज ने दर्शकों के बीच अच्छा खासा पैठ बना लिया है और जमकर चारो ओर इस वेबसिरिज कि सराहना हो रही है । फिल्मी क्रिटिक से लेकर आम दर्शकों के बीच इस सीरीज ने अच्छा बज क्रिएट किया हुआ है और इसके कन्टेन्ट को लेकर लोग सीरीज को बेहद पसंद भी कर रहे हैं । इस सीरीज में रिश्तों के बीच किस तरह का सामंजस्य होना चाहिए वही दर्शाया गया है । यह काफी बेहतर ढंग से दिखाया गया है कि रिश्तों में प्यार शादी के बाद ही नहीं होती बल्कि प्यार अगर मुकम्मल हो तो उसे शादी में भी बदलकर उसे एक बेहतर रूप दिया जा सकता है । हास्य और मनोरंजन से परिपूर्ण इस सीरीज में प्यार मोहब्बत के साथ हास्य का बेहतर तालमेल देखने को मिल रहा है।

### महोबा में बलवा करने के आरोप में 50 पर मुकदमा

महोबा । उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के पनवाड़ी क्षेत्र में बलबा, अशांति फैलाने और सरकारी कार्य मे बाधा उत्पन्न करने के मामले में 50 से अधिक लोगो के खिलाफ गम्भीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि नकरा गांव में सोमवार को आठ वर्षीय रोहित की रोडवेज बस से कुचल कर मौत हो गयी थी। हादसे से आक्रोशित सैकड़ो लोगो की भीड़ ने पनवाड़ी. राठ मार्ग पर जाम लगा कर यातायात बाधित कर दिया था। घटना के समय उक्त बालक स्कूल जाने के लिए सड़क किनारे खड़ा वाहनों का इंतजार कर रहा था। राजमार्ग पर दुर्घटना के उपरांत बवाल शुरू हो गया था। जिसे रोकने को स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची थी जहां भीड़ ने दरोगा राम अवतार व पुलिस जवानों के साथ अभद्रता एवं मारपीट की।

# घर बैठे सोशल मीडिया पर चुनाव लड़ रहा विपक्ष : स्वाती सिंह

## पूर्व मंत्री ने अखिलेश यादव का दिया जवाब

लखनऊ। कुछ लोग घर में बैठकर जातिगत गणित बैठा रहे हैं और जातियों के बीच झगड़ा लगाकर चुनाव जीतने के लिए सस्ती लोकप्रियता हासिल करना चाहते हैं, लेकिन जनता सब समझती है। वह इनके मसूबे को कभी साकार नहीं होने देगी। ये बातें भाजपा की वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कही।

वे अखिलेश यादव द्वारा पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) यात्रा में शामिल होने और भाजपा पर स्वास्थ्य सेवाओं के बदहाल होने के आरोप का जवाब दे रही थीं। स्वाती सिंह ने कहा कि अखिलेश यादव भाजपा द्वारा किये जा रहे जनहित के



कामों से घबरा गये हैं। उन्हें बोलने के लिए कुछ मिलता ही नहीं, यही कारण है कि वे अनर्गल आरोपों को लगाते रहते हैं। यदि उनको तुलना ही करना है तो अपने कार्यकाल में हुए मथुरा कांड की भाजपा के सुशासन से तुलना करते। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव हमेशा जातिगत राजनीति करते आये हैं। सपा को कभी जनहित के मुद्दों से सरोकार नहीं रहा है। आगे उसी को आजमाना चाहते हैं, लेकिन आज जनता सब समझ चुकी है।

स्वाती सिंह ने कहा कि विपक्ष सिर्फ घर में बैठकर लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ता है। दिन भर घर में ही समीक्षा होती है और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार होता है। भाजपा में हर कार्यकर्ता लोगों के घर जाकर उनके सुख-दुख में शामिल होता है। यहां न कोई जाति देखी जाती है और न धर्म देखा जाता है। यहां सिर्फ मानवता के आधार पर काम होता है।

# डॉ. नाथ शरण राय की पुण्यतिथि 5 नवंबर को, होगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**संवाददाता सुनील कुमार की रिपोर्ट गाजीपुर से**

गाजीपुर। सत्यम फाउंडेशन मऊ के तत्वाधान में डॉ नाथ शरण राय की 12 वी पुण्यतिथि पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर शेरपुर खुर्द स्थित शहीद संस्मरण इंटर कालेज परिसर में 5 नवम्बर दिन रविवार सुबह 10 बजे आयोजित की जाएगी। स्वास्थ्य शिविर में रोगियों का नि:शुल्क इलाज किया जाएगा।स्वास्थ्य शिविर के संयोजक प्रसिद्ध चिकित्सक डॉश सत्यानन्द राय व प्रधान प्रतिनिधि जयानन्द राय मोनू द्वारा प्रत्येक वर्ष



अपने पिता स्वश नाथ शरण राय के पूण्यतिथि पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजित करवाते रहे है।इसमें पूर्वांचल ख्यातिप्राप्त चिकित्सक भाग लेगे।स्वास्थ्य शिविर के संयोजक डॉ सत्यानंद राय व प्रधान प्रतिनिधि जयानंद राय मोनू ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में डॉ ए.के.पांडेय फिजिशियन फातिमा हॉस्पिटल मऊ, डॉ मनोज यादव फिजिशियन मंगलम क्लीनिक मऊ, डॉ के. सी. राय हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ वंदना नर्सिंग होम मऊ, डॉ आई मजहर चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ स्किन लेजर क्लीनिक मऊ, डॉ रोहित राय बाल रोग विशेषज्ञ राहुल हॉस्पिटल मऊ ,डॉ सँध्या प्रधान स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ राहुल हॉस्पिटल मऊ, सत्यानन्द राय फिजिशियन सत्यम हॉस्पिटल मऊ, डॉ ज्ञाननेंद्र सिंह दन्त रोग विशेषज्ञ सत्यम हॉस्पिटल मऊ ,डाश योगेंद्र यादव फिजिशियन किशोर मेडिकेयर मऊ ,डॉ हिमांशु राय सर्जन कपिलदेव राय हॉस्पिटल गाजीपुर ,डॉ रघुनंदन अग्रवाल नेत्र रोग विशेषज्ञ स्वास्तिक आई हास्पिटल मऊ शामिल होगें। और नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में ब्लड कोलेस्ट्रॉल , हिमोग्लोबिन, शुगर,हड्डी ,हृदय रोग (इसीजी) फेफड़े ,यूरिक एसिड सम्बंधित जाच व दवा नि:शुल्क वितरण होगी। इसके अलावा शहीद संस्मरण इंटर कालेज परिसर में स्वश नाथ शरण राय की पत्नी नीलम राय द्वारा कराए गए इंटरलाकिंग का लोकार्पण और सैकड़ो गरीब नि:सहाय नि:शक्तजनों में कम्बल वितरण होगा।


### एन्टीरोमियो अभियान के तहत घोरावल पुलिस ने किया जागरूक जनसमान्य को



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एंटी रोमियो अभियान तथा मिशनशक्ति मुहिम के तहत घोरावल पुलिस की कर्मठ क्रियाशीलता से जन - जन को जागरूक करने का साकार अभियान संचालित हुआ। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल के नेतृत्व में इंडियन बैंक व खुटहा बाईपास पर महिलाओं व पुरुषों के लिए उनके सहायतार्थ शासन द्वारा जारी जरूरी हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 1076, 181, 112, 108, 102 और साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के साथ-साथ सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस महकमे ने घरेलू हिंसा के बारे में भी विज्ञ अवगत कराया। सार्थक व सटीक कार्यप्रणाली के निष्पादित इस अभियान में प्रभारी निरीक्षक घोरावल कमलेश पाल एवं महिला कांस्टेबल अरायना सिद्दीकी सहित अन्य पुलिसकर्मी सक्रियता से उपस्थिति रही ।

## जरूरतमंद परिवार की मदद को आगे आये राजकुमार, भेजी मदद

गाजीपुर। अपने जनपद गाजीपुर में हों अथवा देश के किसी कोने में, सूचना मिलने पर मानवता की मिसाल पेश करने से राजकुमार पांडेय पीछे नहीं हटते और जरूरतमंदों को हर संभव मदद पहुंचने का पूरा प्रयास करते हैं। कुछ ऐसा ही ताजा मामला करण्डा क्षेत्र में देखने को मिला जहां परिवार के एक सदस्य की मौत के बाद तेरहवीं के आयोजन में खुद को असमर्थ समझने वाले गुप्ता परिवार की जरूरतों जानते ही युवा समाजसेवी और सपा नेता राजकुमार पांडेय ने मदद भेजवाने का काम किया है। गाजीपुर जिले के समाजसेवी और धरातल पर राजकुमार पांडे का नाम युवाओं की जुबान पर होता हैऔर निस्वार्थ रूप सेजो इन्होंने कार्य किए हैं जन मानस कभी भी भूल नहीं सकता इस बाबत पूर्वांचल युवा मोर्चा के अध्यक्ष एवं युवा समाजसेवी राजकुमार पांडेय ने बताया कि मैं दिल्ली में था, लेकिन इस परिवार की



जरूरतमन्दी और आर्थिक तंगी की जानकारी मिली, मैंने अपनी टीम जरूरतमंद परिवार तक भेजकर खाद्यान्न समेत अन्य जरूरी मदद मुहैया कराया है और आगे भी किसी भी जरूरतमंद की मदद के लिए सदैव तैयार रहूंगा। मालूम हो कि राजकुमार पांडेय आए दिन जरूरतमंदों की मदद के लिए चर्चा में छाए रहते हैं। क्षेत्र के कई दर्जन लोगों की मदद कर चुके राजकुमार पांडेय ने मानवता और समाजसेवा को अपनी प्राथमिकता बताया है।

# अवैध खनन - अभिवहन व वसूली पर प्रभावी नियंत्रण को डीएम ने की अधिकारियों संग बैठक

## अवैध खनन व ओवर लोडिंग पर अंकुश हेतु सभी विभाग समन्वय स्थापित कर सुनिश्चित करें कार्यवाही : जिलाधिकारी

सोनभद्र । कलेक्ट्रेट सभागार में अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की जिलाधिकारी ने। सभागार में उपस्थित राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, खनन विभाग व वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए डीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप अवैध खनन व ओवर लोडिंग पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु सभी विभाग आपस में समन्वय स्थापित करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने ज्येष्ठ खान अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि खनन क्षेत्रों का निरीक्षण किया जाय और कितने क्षेत्रों में खनन हो रहा है, कितने



परमिटों की बिक्री की गयी आदि बिन्दुओं पर नियमित रूप से निगरानी की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। जिन खनन क्षेत्रों में किसी प्रकार की समस्या हो, उसका निस्तारण भी ससमय कराये जाने को निर्देशित करते हुए डीएम ने कहा कि खनन क्षेत्रों में रास्ते के अलावा यदि अन्य किसी प्रकार का बन्धा - तटबन्ध बनाया गया हो तो उसके हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। जिलाधिकारी ने ए0 आर0 टी0 ओ0, खनन विभाग व पुलिस को संयुक्त रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि बिना नम्बर प्लेट और बिना माइन टैग के वाहन यदि बरामद होते हैं तो उन्हें ब्लैकलिस्टेट किये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।

खनन विभाग द्वारा जिन वाहनों के विरूद्ध नोटिस की कार्यवाही की गयी है, उन वाहनों की सूची पुलिस विभाग और ए0 आर0 टी0 ओ0 को उपलब्ध कराने तथा यदि वह वाहन संचालित अवस्था में प्राप्त होते हैं तो उन वाहनों को ब्लैकलिस्टेड करने के निर्देश देने के साथ ही जिलाधिकारी ने ओबरा तहसील व राबर्ट्सगंज तहसील में राजस्व वसूली के प्रगति की भी समीक्षा की जिसमें राजस्व वसूली की प्रगति धीमी पायी गयी। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी राबर्ट्सगंज व ओबरा को निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व वसूली के कार्य में तेजी लाना सुनिश्चित करें अन्यथा की दशा में गति शिथिल मिलन पर सम्बन्धित तहसील के तहसीलदार की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।